# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 5 अप्रैल, 2026 | वर्ष -01 | अंक-49 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### केदारनाथ में भारी बर्फबारी, अटल टनल बंद

**भोपाल ।** गर्मी के मौसम में देश के उत्तरी और पश्चिमी राज्यों में बारिश, ओले और बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ में शनिवार को बर्फबारी के बाद पूरा इलाका सफेद हो गया है। रोहतांग दर्रे के पास भारी हिमपात की वजह से अटल सुरंग बंद कर दी गई है। इधर, लाहौल स्पीति के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी जारी है। हिमाचल की राजधानी शिमला में भी शनिवार को तेज तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। राजस्थान में शुक्रवार को रेगिस्तानी जिले जैसलमेर-बीकानेर में जमकर ओले गिरे। अजमेर-ब्यावर में आंधी से पेड़ गिर गए और टीनशेड उड़ गए।

### रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फैसला 15 अप्रैल को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को बतौर आरोपित समन जारी करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज सुशांत चंगोट्रा ने 15 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने कहा है कि उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। रॉबर्ट वाड्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट को संज्ञान नहीं लेना चाहिए।

### भागलपुर में कार व बाइक में टक्कर, 3 की मौत

**बांका।** बिहार के बांका जिले के जलेबिया मोड़ थाना क्षेत्र में शनिवार को कार और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कार पर सवार दो से तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना जलेबिया मोड़ थाना क्षेत्र के बिज्जीखैरवा गांव के समीप की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों वाहन तेज गति से जा रहे थे और दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बाइक पर सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और बाइक के परखच्चे उड़ गए। कार भी पास के गड्ढे में पलट गई।

### हाजत में आरोपी की मौत थानाध्यक्ष निलंबित

**कटिहार।** जिले के फलका थाना में बीती रात एक आरोपी की हाजत में मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश कुमार यादव (24 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गोपालपट्टी का रहने वाला था। वह 22 फरवरी को दर्ज एक मामले में आरोपी था और 03 मार्च की रात उसे गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी राकेश कुमार यादव ने हाजत में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया।

# दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर व एयरपोर्ट को शीघ्र पूरा करें : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर व नये हवाई अड्डे के निर्माण कार्य का लिया जायजा

**पटना (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज निमार्णाधीन दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने बिहटा एयरपोर्ट का भी निरीक्षण किया और बिहटा एयरपोर्ट परिसर में निमार्णाधीन कार्य के संबंध में जानकारी ली। साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने रन-वे, यात्री सुविधायें, आवागमन हेतु पथ की कनेक्टिविटी तथा उपलब्ध कराये जाने वाली अन्य



सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुये निर्माण की गुणवता बेहतर रखें। मुख्यमंत्री ने दानापुर-बिहटा एलिवेटेड पथ से बिहटा एयरपोर्ट को जोड़नेवाली निमार्णाधीन सड़क का भी जायजा लिया और कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने भारतीय वायुसेना स्थल, बिहटा के परिसर स्थित रन-वे का मी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण पूर्ण होने से बिहार में हवाई कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। साथ ही यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधायें मिल सकेंगी। जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड् डा से बिहटा एयरपोर्ट तक कम से कम समय में पहुँचने के लिये दानापुर-बिहटा ऐलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना एयरपोर्ट पर पड़नेवाला भार भी कम होगा। साथ ही रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के० शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस चाहती है खाड़ी देश भारत को दुश्मन समझें : मोदी

## कहा-केरल एक ऐतिहासिक बदलाव को पूरी तरह तैयार, इस बार सत्ता परिवर्तन तय

**तिरुवल्ला (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केरलम के थिरुवल्ला में जनसभा की। उन्होंने कहा- कांग्रेस चाहती है कि वेस्ट एशियाई देश भारत को अपना दुश्मन समझें। हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें, कोई ऐसा बयान दे दें जिससे खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों को वहां से बाहर निकलने में मुसीबत आ जाए, इसलिए कांग्रेस खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है।



मोदी ने कहा- इस बार के चुनाव में केरलम में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीफ) की सरकार जाएगी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की सरकार आएगी। मैं पहले भी केरलम आया हूं, लेकिन इस बार हवा का रुख कुछ अलग है। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी केरलम आया हूं, लेकिन इस बार हवा का रुख कुछ अलग है। केरल एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। इस बार सत्ता परिवर्तन होगा।चुनाव आयोग ने केरल के पलक्कड़ की तस्वीर शेयर की है। इसमें पलक्कड़ के कोंगड में 100 साल की महिला कुचम्मा ने घर से वोटिंग की।आयोग की टीम उनके घर पहुंची और होम वोटिंग सुविधा का लाभ दिया। राज्य में पोलिंग बूथ पर पहुंचने में असमर्थ लोगों को घर से वोटिंग की सुविधा है। पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में केरलम को कुछ फायदा होने की संभावना है। लेकिन मेरे लिए पर्सनली, बहुत बड़ा नुकसान होगा। आप सोच रहे होंगे कि जब मोदी को नुकसान हो रहा है तो केरलम को कैसे फायदा हो सकता है? मतल अनूप, जो यहां चुनाव लड़ रहे हैं, पिछले पांच सालों से मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरे देश में घूमकर जानकारी और जानकारी इकट्ठा की है। एक तरह से, वह मेरे पक्के साथी रहे हैं और ऐसे काम के लिए मेरे दाहिने हाथ की तरह बन गए हैं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस गल्फ कंट्रीज को गाली देने के का काम कर रही है, जिसे वे देश नाराज हो जाएं और वहां मौजूद भारतीयों को परेशानी है। आज केरलम में युवाओं का पलायन सबसे बड़ी चिंता है। यहां रोजगार के लिए इंडस्ट्री लगाने की जरूरत है। यहां सर्विस सेक्टर बने, स्टार्टअप को जगह मिले, सही वेल्यू मिले। लेकिन यहां सबसे बड़ी दीवार करप्शन और कम्युनिलज्म है। जब ये दीवार टूटेगी तभी केरलम का विकास होगा। इसके लिए एलडीएल और यूडीएल को हराना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे केरल को भगवान ने बहुत सारी संभावनाएं और संसाधन दिए हैं। यहां समुद्र में ब्लू इकॉनमी में मौके हैं, और टूरिज्म के क्षेत्र में बहुत सारी संभावनाएं हैं, फिर भी केरल विकास की दौड़ में दूसरे राज्यों से पीछे है।

### पीएम मोदी का आज चुनावी अभियान बंगाल में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कूचबिहार में रैली के साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। वे दोपहर में रास मेला मैदान में आयोजित बिजॉय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। रैली में मोदी विकसित बंगालका विजन पेश करेंगे और शासन, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर TMC सरकार को घेर सकते हैं। यह विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्य में उनकी पहली चुनावी रैली होगी। मोदी ने आखिरी बार 14 मार्च को राज्य का दौरा किया था, जहां उन्होंने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक रैली को संबोधित किया था और लगभग 18,680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। इधर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक चुनावी रैली के दौरान शनिवार को ठऊ्अ को खुली चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान में हिम्मत है तो वह चुनाव प्रचार के दौरान राज्य में 3-भाषा नीति लागू करने की घोषणा करे।

# कटिहार में पुलिस को दौड़ा दौड़ाकर पीटा,राइफल छीनी



**कटिहार (एसएनबी)।** कटिहार में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत के बाद जोरदार हंगामा हुआ। लोगों ने फलका थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। थाने में तोड़फोड़ की गई। पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। अपनी जान बचाते हुए पुलिस कर्मी मक्के के खेत में भागते नजर आए। आक्रोशित भीड़ ने महिला सिपाही को भी नहीं छोड़ा, उन्हें भी खेदड़ा दिया।

इस हमले में पोठिया ओपी अध्यक्ष नवीन कुमार और सिपाही संजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। संजीव कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है, जिनका इलाज चल रहा है। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण है। एसपी शिखर चौधरी ने एसएचओ रवि कुमार राय और मामले की जांच कर रहे इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर कुंदन पटेल को निलंबित कर जांच

### हिरासत में युवक की मौत के बाद हंगामा, थाने में तोड़फोड़,एसएचओ और आईओ सस्पेंड

के आदेश दिए हैं। इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- 'बिहार पुलिस या बर्बर पुलिस मुजफ्फरपुर के जगतवीर राय को सीने में गोली मारने वाले हत्यारे दरोगा की गिरफ्तारी नहीं हुई। दूसरे पुलिस वाले ने एक और हत्या कर दी। फलका थाने में राकेश कुमार यादव को पीट-पीटकर पुलिसवालों ने मार डाला। अपराधियों की संरक्षक,आमलोगों की हत्यारी बिहार पुलिस।'

### मोतिहारी जहरीली शराब कांड

# अबतक 7 की मौत, 14 गंभीर

**मोतिहारी (एसएनबी)।** मोतिहारी में 3 दिनों के अंदर जहरीली शराब से 7 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 14 की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। इनमें से 6 की आंखों की रोशनी चली गई है। सभी का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।मृतकों में चंदू कुमार, प्रमोद यादव, परीक्षण मांझी, हीरालाल भगत, लालकिशोर राय, संपत साह और लड्डू साह हैं। पहले दिन गुरुवार को 2 मौतें हुईं। वहीं शुक्रवार को 3 और शनिवार की सुबह 2 की मौत हुई है। जहरीली शराब से बीमार लोगों में लोहा ठाकुर, राहुल कुमार, रविंद्र यादव (35), दिनेश यादव (28), उमेश राम



समेत 14 लोग शामिल हैं। इनमें तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। परीक्षण मांझी की बेटी की एक महीने बाद 13 मई को शादी होने वाली थी। घर में इसकी तैयारी चल रही थी, लेकिन इससे पहले ही ये हादसा हो गया। वहीं शत्रुध्न ने कान पकड़े की अब कभी शराब नहीं पिऊंगा।

# नासिक में कुएं में कार गिरी, 9 की मौत

## सभी मृतक एक ही परिवार के, इनमें 6 बच्चे भी शामिल

**नासिक( एजेंसी)** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक परिवार के छह बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार एक बैंक्वेट हॉल में फंक्शन में शामिल होने के बाद घर जा रहे थे, तभी उनकी कार वेन्यू के पास एक कुएं में गिर गई। लोग मौके पर पहुंचे और आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार लोगों को बाहर



निकाला।पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सुनील दत्तू दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, एक अन्य महिला आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों (पांच लड़कियां और एक लड़का) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्राइवर को कुआं कैसे नहीं दिखा। उन्होंने आगे कहा, हम चश्मदीदों की तलाश कर रहे हैं और घटना के CCTV फुटेज चेक कर रहे हैं।

### हिमाचल में टूरिस्ट वाहन खाई में गिरा, 4 की गई जान

**पटलिकुहल (एजेंसी) :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में शनिवार रात करीब 9 बजे एक टूरिस्ट गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 17 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इनमें 4 घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। सभी का बंजार अस्पताल में उपचार चल रहा है ।पटलिकुहल

# बिहार ने बौद्ध, जैन व समाजवादी विचारधाराओं को दिशा दी : उपराष्ट्रपति

## सीपी राधाकृष्णन मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (एसएनबी)।** मोतिहारी में आयोजित दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बिहार की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत की सराहना करते हुए कहा कि इस भूमि ने बौद्ध, जैन और समाजवादी विचारधाराओं को दिशा दी है।महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने विश्व इतिहास को नई दिशा दी है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि चंपारण की धरती ने मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा बनाया। चंपारण सत्याग्रह ने उन्हें जननेता के रूप में स्थापित किया और



भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध को बिहार की धरती पर बोधि प्राप्त हुई। वहीं नालंदा विश्वविद्यालय कभी वैश्विक शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है, जिसे पुनर्जीवित करने के प्रयास जारी हैं। उपराष्ट्रपति ने भारत को दुनिया के सबसे स्थिर देशों में से एक बताते हुए कहा कि देश आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है।

### छात्रों को दी जिम्मेदारी की सीख

दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी भी है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की। कार्यक्रम में हरिवंश नारायण सिंह, सैयद अता हसनैन, सतीश चंद्र दुबे, सम्राट चौधरी, सुनील कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**नई शिक्षा नीति और तकनीक पर जोर :** उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरी तरह लागू किया है। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे क्षेत्र देश में नवाचार और विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों को देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की। (देखें पेज-8 पर)

### ठाकुरगंज में जीएसटी की बड़ी कार्रवाई

# व्यापारी सरवन जाजोदिया के ठिकानों पर छापेमारी

**किशनगंज (एसएनबी)।** नगर पंचायत ठाकुरगंज में जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। पटना से पहुंची विशेष टीम ने स्थानीय व्यापारी सरवन कुमार जाजोदिया के विभिन्न ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जीएसटी विभाग की टीम ने जाजोदिया के दुकान, आवास एवं गोदामों में पहुंचकर सघन जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर, बिल-वाउचर, खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेजों तथा बैंकिंग लेन-देन के अभिलेखों की बारीकी से पड़ताल की। अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के व्यापारियों में भी हलचल देखी गई और कार्रवाई को लेकर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी कर चोरी अथवा वित्तीय अनियमितताओं की आशंका के आधार पर की जा रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक जीएसटी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। टीम द्वारा देर शाम तक जांच जारी रहने की जानकारी मिली है। कार्रवाई के बाद आगे की स्थिति विभागीय जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

## खबरें : एक नजर में

### राणा विगहा संकुल केंद्र में शिक्षकों की बैठक संपन्न, बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने और उपस्थिति बढ़ाने पर जोर

**बाढ़ / एनएसबी।** शनिवार को संकुल संसाधन केंद्र, उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा विगहा में प्राथमिक कक्षाओं (वर्ग 1 से 3) के शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संकुल संचालिका नीलम ने की, जबकि सत्र का प्रभावी संचालन संकुल समन्वयक आमोद कुमार द्वारा किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए समन्वयक आमोद कुमार ने कहा कि बुनियादी स्तर पर बच्चों के सीखने की नींव मजबूत करना अनिवार्य है।



राणा विगहा संकुल केंद्र में शिक्षकों की बैठक।

उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे कक्षाओं में गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा दें, ताकि बच्चे विद्यालय आने के प्रति उत्साहित रहें। उन्होंने बच्चों की कम उपस्थिति पर चिंता जताते हुए शिक्षकों को विद्यालय कार्य योजना के तहत नामांकन और उपस्थिति बढ़ाने के ठोस उपाय करने के निर्देश दिए।

अध्यक्षा नीलम ने कहा कि वर्ग प्रथम से तृतीय तक के बच्चों के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक में विद्यालय की दैनिक कार्ययोजना, सीखने-सिखाने की कला और बच्चों के व्यवहारिक विकास जैसे बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ ।
इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य विद्यालय राणा से शिक्षिका ममता कुमारी व रेहाना खातून और प्राथमिक कन्या विद्यालय राणा विगहा से रीता कुमारी उपस्थित रहीं ।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से जखमी, पटना रेफर

**बाढ़/ एनएसबी।** थाना क्षेत्र के पछियारी मलाही जल गोविंद चौक के पास एक अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजय कुमार अपनी बाइक से जल गोविंद चौक की ओर जा रहे थे, तभी अचानक बाइक असंतुलित होकर पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अजय को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में काफी गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुँचकर घायल को मलबे से निकाला और आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुँचाया।अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डक्टरों ने अजय की स्थिति को चिंताजनक बताया। बेहतर चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ डक्टरों की निगरानी की आवश्यकता को देखते हुए उन्हें तत्काल पटना रेफर कर दिया गया है।

सावधानी की अपील : स्थानीय प्रशासन और प्रबुद्ध नागरिकों ने अपील की है कि चौक-चौराहों और टर्न पर वाहनों की गति नियंत्रित रखें, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

फिलहाल पुलिस घटना की जानकारी मिलने के बाद मामले की छानबीन में जुट गई है और घायल के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### जेडीयू के पंचायत अध्यक्ष राहुल पटेल के आवास को उपद्रवियों ने निशाना बनाया

**बाढ़ / एनएसबी।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के घांघ पंचायत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहाँ जेडीयू के पंचायत अध्यक्ष राहुल पटेल के आवास को उपद्रवियों ने निशाना बनाया है। सूचना के अनुसार, असामाजिक तत्वों ने उनके घर पर अचानक पथराव कर दिया, जिससे अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। पंचायत अध्यक्ष राहुल पटेल ने बताया कि घर पर हुए इस अचानक हमले से परिवार के सदस्य सहमे हुए हैं। पथराव की इस घटना को राजनीतिक द्वेष या आपसी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जेडीयू कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना के तुरंत बाद राहुल पटेल अपने समर्थकों के साथ बख्तियारपुर थाना पहुंचे और पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से दोषियों की जल्द पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।बख्तियारपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का मुआयना करने और आसपास के क्षेत्रों में जांच करने का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि वे इस बात की तफ्तीश कर रहे हैं कि पथराव के पीछे किसका हाथ था और इसका वास्तविक उद्देश्य क्या था।

### पंडारक पुलिस का बड़ा एक्शन : फसल लूट की साजिश नाकाम, दो कट्टा और नौ कारतूस के साथ चार गिरफ्तार

**बाढ़/ एनएसबी।** पंडारक थाना क्षेत्र के एनटीपीसी इलाके में फसल लूटने की मंशा पाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार शातिर अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देसी कट्टा और नौ जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अपराधी दियारा क्षेत्र में किसानों की तैयार फसल को हथियारों के बल पर लूटने की फिराक में थे। स्थानीय पुलिस को सूचना मिली थी कि एनटीपीसी के समीप कुछ असामाजिक तत्व संदिग्ध स्थिति में जमा हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर घेराबंदी की और चारों को धर दबोचा।विदित हो कि इस क्षेत्र में फसल कटनी के दौरान लूट की घटनाएं किसानों के लिए सिरदर्द बनी रहती हैं। पुलिस की इस मुस्तैदी ने न केवल एक बड़ी वारदात को टाला है, बल्कि अपराधियों के मन में खौफ भी पैदा किया है।पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दियारा और एनटीपीसी से सटे इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ।

# परसा में 3 साल की बच्ची के साथ हुए बलात्कार घटना की जांच के लिए सात सदस्यीय जांच टीम आज घटनास्थल का दौरा करेगी

**पटना/ एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राज्य मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को एक शर्मसार कर देने वाली घटना की सूचना मिली है। विदित हो कि राज्य में ऐसी घृणित घटनाओं के संबंध में समय-समय पर जानकारी मिलती रहती है।

खासकर बिहार विधान सभा के चुनाव के बाद जो फिर से एनडीए सरकार गठित हुई है, उसके कार्यकाल में सबसे पहले खगड़िया जिला में ऐसी ही घटना घटित हुई थी, जिसने समाज और इस प्रान्त को झकझोर दिया। खगड़िया जिला के उस घटना में चार साल की बच्ची के साथ हैवानियत की गई थी। इसी प्रकार 3 अप्रैल को पटना जिला के परसा बाजार थानान्तर्गत गंजपर मुशहरी गांव में रात के करीब 11:30 बजे तीन साल की बच्ची के साथ ऐसी ही हैवानियत और दरिंदे की घटना में चार लोगों के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया है।

इस घटना की स्थलीय जांच कराने के लिए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के द्वारा विचारोपरान्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सात सदस्यीय जांच कमिटी गठित की गई । जिसमें अलख निरंजन उर्फ बीनू यादव, राष्ट्रीय महासचिव, सदस्य, मधु मंजरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता, सदस्य, मदन शर्मा, प्रदेश महासचिव, राजद, संयोजक निर्भय अम्बेदकर, प्रदेश महासचिव, राजद,सदस्य, प्रमोद कुमार राम, प्रदेश महासचिव,सदस्य, दीपक मांझी, जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जातिध्जनजाति प्रकोष्ठ,सदस्य पटना जिला राजद सह सदस्य जिला परिषद, फुलवारी शरीफ ।

एजाज ने बताया कि जांच समिति तत्काल स्थलीय जांच कर पूर्ण तथ्यों से तथा अब तक की गई आवश्यक कार्रवाई से संबंधित विषय वस्तु से राज्य कार्यालय को अपनी अनुशंसा के साथ एक जांच प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध करायेंगे।

# मोकामा में बंदूकें खामोश, स्मृतियों के अखाड़े में सुलह का नया अध्याय

**बाढ़/ नदावां/ एनएसबी।** बिहार की राजनीति में एक कालजयी कहावत है यहाँ न कोई स्थायी दोस्त है, न कोई स्थायी दुश्मन। समय का पहिया जब घूमता है, तो इतिहास के सबसे कड़वे पन्ने भी पलट जाते हैं। मोकामा और टाल क्षेत्र की राजनीति में दशकों तक एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे अनंत सिंह (छोटे सरकार) और स्वर्गीय विवेका पहलवान के परिवारों के बीच आई सामाजिक नजदीकी आज इसी सत्य की गौरवशाली तस्दीक कर रही है।

**श्रद्धांजलि और शौर्य का संगम :** 3 अपैल 2026 को विधायक अनंत सिंह के पैतृक गाँव नदावां की मिट्टी एक ऐतिहासिक पल की गवाह बनी। बिहार केशरी स्वर्गीय विवेका पहलवान की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती महादंगल ने यह सिद्ध कर दिया कि अब अदावत की जगह आत्मीयता ने ले ली है।

अनंत सिंह द्वारा खुद इस भव्य आयोजन की कमान संभालना न केवल विवेका पहलवान के प्रति सम्मान था, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए शांति और एकजुटता का एक बड़ा संदेश भी था।

**दशकों का संघर्ष और वक्त का सबक :** एक दौर था जब मोकामा की पहचान इन दो गुटों के आपसी वर्चस्व से होती थी। टाल की मिट्टी ने वह मंजर भी देखा जब गोलियों की गूँज आम थी और दोनों तरफ से कई परिवारों ने अपनों को खोया। लेकिन लंबे कानूनी संघर्षो और समय के थपेड़ों ने यह अहसास करा दिया कि हिंसा के रास्ते पर अंततः व्यक्तिगत और सामाजिक क्षति के अलावा कुछ हासिल नहीं होता। जेल की सलाखों और बदलते राजनीतिक घटनाक्रमों ने कड़वाहट को खत्म कर भविष्य की नई नींव रखने का काम किया।

**शत्रुता से समन्वय तक का सफर :** 2024 के बाद से शुरू हुआ यह बदलाव अब एक मुकाम पर पहुँच चुका है। जो हाथ कभी एक-दूसरे के खिलाफ उठते थे, वे आज कंधे से कंधा मिलाकर चलते दिख रहे हैं। जेडीयू के झंडे तले नीतीश कुमार की नीतियों में साझा विश्वास और विकास की राजनीति ने इन दो दिग्गजों के पुराने घावों पर सियासी और सामाजिक मरहम लगाने का काम किया है। एक साथ बैठकर भोजन करना और ठहाके लगाना केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि पूरे मोकामा के जनमानस में आए बदलाव का प्रतीक है।

**शांति का नया मंत्र : जो बचेगा, वही रचेगा :** महात्मा गांधी के उस विचार को आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी। आज मोकामा ने आत्मसात कर लिया है। आज यहाँ बंदूकें खामोश हैं क्योंकि बाहुबल ने अब विकास और सुलह का रास्ता चुन लिया है। यह उन परिवारों के लिए भावुक पल है जिन्होंने संघर्ष में बहुत कुछ खोया, लेकिन वर्तमान की हकीकत यही है कि जीवितों को अपनी विरासत और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करना होता है।

आज का नदावां और मोकामा यह सिखा रहा है कि यदि नीयत शांति की हो, तो सदियों पुरानी दुश्मनी भी खत्म की जा सकती है। सत्ता की बिसात पर अब टकराव के मोहरे नहीं, बल्कि समन्वय और भाईचारे की चालें चली जा रही हैं। यह सुलह न केवल दो परिवारों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और प्रगति के लिए एक सुखद और ऐतिहासिक संकेत है।

# पूरक पोषाहार योजना के तहत जनवरी में 45 लाख से अधिक लाभुकों को टीएचआर वितरण

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में पूरक पोषाहार योजना के तहत टेक होम राशन(टीएचआर) का वितरण किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आईसीडीएस निदेशालय के स्तर से संचालित के 1 लाख 15 हजार 64 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर टीएचआर का वितरण किया जा रहा है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर का वितरण अब चेहरा पहचान प्रणाली (एफआरएस) के माध्यम से हो रहा है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत जनवरी महीने में राज्य में कुल 54 लाख 3 हजार 766 लाभार्थी पंजीत हैं। जिनमें गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और 6 महीने से 3 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। इनमें से 53 लाख 82 हजार 471 लाभुकों का फेस रिकगिशन सिस्टम के माध्यम से सत्यापन किया जा चूका है। वहीं, टीएचआर वितरण में 45 लाख 56 हजार 22 लाभुकों की संख्या दर्ज की गई है।

> **फेस रिकगिशन सिस्टम के माध्यम से 53 लाख 82 हजार से अधिक लाभुक सत्यापित**
>
> **पूर्वी चंपारण, कटिहार, पूर्णिया, पश्चिम चंपारण और गया जिले में सर्वाधिक लाभुकों की संख्या दर्ज की गई**

**इन जिलों में सबसे अधिक टीएचआर :** जिलेवार आंकड़ों के अनुसार, पूर्वी चंपारण जिले में सबसे अधिक 2 लाख 9 हजार 480 लाभुकों को एफआरएस के जरिए टीएचआर वितरित किया गया।

इसके बाद कटिहार में 1 लाख 88 हजार 853, पूर्णिया में 1 लाख 58 हजार 194, पश्चिम चंपारण में 1 लाख 54 हजार 14, और गया में 1 लाख 53 हजार 230 लाभुकों को राशन प्रदान किया गया।

आईसीडीएस निदेशालय के अधिकारी ने कहा कि फेस रिकगिशन सिस्टम से न केवल वितरण प्रक्रिया पारदर्शी हुई है, बल्कि फर्जी लाभार्थियों की पहचान भी आसान हो गई है। इससे योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।

राज्य सरकार की यह पहल राष्ट्रीय स्तर पर भी सराही जा रही है, जहां पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से ऐसी तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## आंकड़ों व तथ्यों पर मुझसे सार्वजनिक बहस करे मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री : तेजस्वी



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ।

**पटना / एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा है कि भाजपा जदयू की वर्षो की सरकार और डबल इंजन सरकार के कर कमलों से विगत दो दशकों से शिक्षा-रोजगार-आय, औद्योगिक विकास-उत्पादन व निवेश तथा स्वास्थ्य सेवा-सुविधा और पोषण से लेकर अधिकांश सामाजिक, मानवीय और आर्थिक संकेतकों में बिहार सबसे निचले पायदानों पर है। उन्होंने ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री, दो-दो उपमुख्यमंत्री में नैतिक साहस और योग्यता है तो बिहार की प्रगति व बेहतरी के लिए इस यथार्थ और सरकार के अपने ही आंकड़ों व तथ्यों पर मुझसे जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे सार्वजनिक बहस कर सकते हैं। बिहार को सबसे पिछड़ा और गरीब राज्य बताने पर भ्रष्ट शासकों को अपमान लगता है क्योंकि यह इनके सफेद झूठ व अपार असफलता का पर्दाफाश कर इनकी सच्चाई को उजागर करता है इसलिए एनडीए के कर्णधारों को यह असहनीय दर्द-पीड़ा होती है। बिहार की यह स्थिति वर्षो से बनी हुई है लेकिन निर्लज्ज, नाकाम, नकारा और निक्कमी सरकार हर बात में विपक्ष पर दोषारोपण कर अपनी राजक नीतियों, सफेद झूठ और खोखले दावों के बोझ तले अपनी आसमानी विफलता को छुपाने का असफल प्रयास करती है। गंभीरता से इस पर मनन करो और बताओ वर्षो के शासन बाद भी बिहार विकास के इन सभी संकेतकों में राष्ट्रीय औसत से अत्यधिक कम क्यों है जब तक आप समस्या को चिति कर उसका समाधान नहीं करेंगे तब तक अपनी असफलता छुपाने के लिए हर बार ऐसे ही चुनावों में चुनाव आयोग जैसी संस्था, भ्रष्ट अधिकारियों की चौकड़ी, सरकारी तंत्र का दुरुपयोग और मदद, हजार नगद और करोड़ नौकरी व हर महिला को लाख रुपए बांटने जैसे सफेद झूठ बोलना पड़ेगा।

## पूरण विगहा में थमेगा धर्मातरण का खेल, सजग हुए ग्रामीण, विहिप ने भरी हुंकार

**बाढ़/ एनएसबी।** पंडारक प्रखंड के पूरणविगहा गांव में पिछले कुछ समय से चल रही संदिग्ध धर्मांतरण की गतिविधियों पर अब विराम लगता दिख रहा है। रविवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित एक विशाल बैठक ने क्षेत्र में नई चेतना का संचार कर दिया है। जहाँ कभी धर्मातरण की सुगबुगाहट से ग्रामीण चिंतित थे, वहीं आज वे एकजुट होकर अपनी संस्ति और धर्म की रक्षा का संकल्प ले रहे हैं।विहिप द्वारा आयोजित इस बैठक में भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को प्रलोभन और भ्रम की राजनीति से बचाना था। बैठक के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि सेवा की आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल अब और नहीं चलेगा। ग्रामीणों ने भी एक स्वर में इस अभियान का समर्थन करते हुए अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की बात कही।

**धर्म और संस्कृति की रक्षा सर्वोपरि : विक्की हिंदू**

प्रान्त युवा गौ रक्षा प्रमुख विक्की हिंदू ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा - पूरणविगहा की पावन धरती पर कुछ ताकतों द्वारा भोले-भाले ग्रामीणों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। विहिप और बजरंग दल इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। आज की बैठक इस बात का प्रमाण है कि हिंदू समाज अब जाग चुका है। हम गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे ताकि कोई भी बाहरी शक्ति हमारे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न न कर सके।



एकजुटता : ग्रामीणों ने बाहरी तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत संगठन और प्रशासन को देने का निर्णय लिया।

सांस्कृतिक गर्व : युवाओं को अपनी परंपराओं और धर्म के प्रति शिक्षित करने के लिए विशेष सत्र आयोजित करने पर जोर दिया गया।

इस बैठक के बाद से पूरणविगहा और आसपास के क्षेत्रों में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है ताकि क्षेत्र में शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे। विहिप के इस कड़े रुख और ग्रामीणों के साथ ने धर्मातरण की कोशिशों में जुटे तत्वों को स्पष्ट संदेश दे दिया है।

### लीगल सर्विसेज कार्यालय में पुलिस का छापा, अधिकारियों के 39 मुहर व अन्य दस्तावेज बरामद अधिवक्ता समेत तीन गिरफ्तार

**पटना / एनएसबी।** शास्त्री नगर पुलिस ने पटेलनगर गोकुल पथ स्थित एक लीगल सर्विसेज कार्यालय में छापेमारी कर विभिन्न अधिकारियों के 39 मुहर और अन्य दस्तावेज बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक अधिवक्ता को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी सचिवालय टू साकेत कुमार ने बताया कि 3 को शास्त्रीनगर थाना में एक व्यक्ति अजीत कुमार ने आवेदन दिया गया कि अथर्व लीगल सर्विसेज के एक व्यक्ति द्वारा उनके कागजात में हुई त्रुटि सुधारने के बहाने उनसे पैसा की मांग की गई और जब कागजात मांगे गए तो उनके साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार किया गया।

मामले के सत्यापन एवं जांच हेतु तत्काल एक टीम उक्त स्थल पर पहुंची तो पाया कि एक व्यक्ति चौतन्य ष्ण जो अपने आप को अधिवक्ता बता रहे थे । उनके पास 39 अवैध भिन्न भिन्न अधिकारियों के 39 नकली मोहर रखे हुए है, और अवैध कार्य में संलिप्त है।

उसके बाद अधिवक्ता और उसके दो अन्य साथियों के साथ तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। फोरेंसिक टीम के सहयोग से आवश्यक साक्ष्य संकलन करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।

### मोतिहारी जहरीले शराब कांड की जांच के लिए राजद की समिति का गठन

**पटना / एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिलान्तर्गत रघुनाथपुर एवं तुरकौलिया थाना क्षेत्र में मादक पदार्थो के सेवन से मौत का सिलसिला जारी है। यह घटना तीन दिन पहले घटित हुई थी और पहले दिन दो युवकों की मौत की खबर प्रसारित हुई थी। किन्तु, 4 अप्रैल, को प्रशासन की सूची के अनुसार मृतकों की संख्या-07 बताई जाती है। किन्तु, राष्ट्रीय जनता दल, बिहार के मुख्यालय को मिली सूचना के अनुसार आज मतकों की संख्या बढ़कर 09 तक पहुंच गई है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि बिहार के हर कोने में जन-जन तक इस शराबबंदी को लेकर कई तरह की भ्रांतियां है। आश्चर्य की बात है कि विगत वर्षो से ऐसी जहरीली शराब का निर्माण भी इस प्रदेश में धड़ल्ले से चलता रहा है तथा इसका सेवन के पश्चात प्रदेश को हिला देने वाली मौत के ताण्डव नृत्य होते रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) का उक्त वर्णित काण्ड है। बताया जाता है कि 2023 के अप्रैल माह में भी इसी दोनों थानान्तर्गत ऐसा ही जहरीली शराब कांड हुआ था, जिसमें जहरीली शराब के सेवन से कई लोगों की जाने गई थीं। बावजूद इसके शासन और प्रशासन की लापरवाही के चलते पुनः इसकी उसी स्थान पर इस जहरीली शराब काण्ड की पुनर्रावृति हुई है। प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने स्थलीय जांच कराने के लिए राष्ट्रीय जनता दल, बिहार के द्वारा सात सदस्यीय जांच कमिटी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में गठित की है। जिसमें अलख निरंजन उर्फ बीनू यादव, राष्ट्रीय महासचिव,सदस्य ,डॉ0 शमीम अहमद, पूर्व मंत्री , शशि भूषण सिंह पूर्व विधायक, सदस्य, लक्ष्मी नारायण यादव, पूर्व विधायक,सदस्य, राजेन्द्र राम, पूर्व विधायक, सदस्य, मनोज यादव, पूर्व विधायक सह जिलाध्यक्ष, मोतिहारी,सदस्य है।

# मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक ...

## माखनलाल चतुर्वेदी एवं विलास बिहारी झा की जयंती पर हुआ कवि-सम्मेलन, गीता पुष्प शॉ को दिया गया स्मृति सम्मान

**दैनिक नव संदेश ब्यूरो**

**पटना।** मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक, मातृ-भूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जावें वीर अनेक--- जैसी पंक्तियों से निर्मित बलिदान की भावना से सिक्त कविता पुष्प की अभिलाषा के कवि पं माखनलाल चतुर्वेदी और मानवता के कवि पं विलास बिहारी झा जैसे महान साहित्यकार आलस्य में पड़े मनुष्यों की निद्रा तोड़ते हैं। ऐसे ही साहित्य से मनुष्यता का निर्माण और समाज को मार्ग-दर्शन प्राप्त होता है। पं चतुर्वेदी एक महान स्वतंत्रता सेनानी, कवि और पत्रकार ही नहीं सच्चे अर्थो में श्भारतीय आत्माश थे। उन्हें यह महान संबोधन राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने दिया था।

यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में शनिवार की संध्या आयोजित जयंती-समारोह और कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि चतुर्वेदी जी जीवन-पर्यन्त राष्ट्र और राष्ट्र-भाषा के लिए संघर्ष-रत रहे। स्वतंत्रता-संग्राम में जेल की यातनाएँ भी भोगी और हिन्दी के प्रश्न पर भारत सरकार को पद्म-भूषण सम्मान भी वापस कर दिया। पुष्प की अभिलाषा देश के लिए मर मिटनेवाले लाखों वीर सपूतों की अशेष प्रेरणा है।

पं विलास बिहारी झा को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि गद्य एवं पद्य में समान अधिकार रखने वाले मनीषी साहित्यकार पं झा एक अत्यंत मर्म-स्पर्शी गीतकार और बाल-साहित्य के प्रणम्य साहित्यकार थे। यश की लिप्सा से दूर रहे, इसलिए अपेक्षित सम्मान उन्हें नहीं दिया जा सका। दक्षिण-भारत में हिन्दी के विकास में उनका अत्यंत महवपूर्ण योगदान था। वे छात्र-जीवन में ही कविता-सुंदरी से प्रेम कर बैठे। जीवन-पर्यन्त साहित्य की एकांतिक-साधना की। उसी में रमे रहे। उनकी बाल-कथाएँ खूब लोकप्रिय हुईं।



वरिष्ठ लेखिका डा गीता पुष्प शॉ को पं विलास बिहारी झा बाल साहित्य साधना सम्मान से विभूषित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि और राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि चतुर्वेदी जी एक बड़े साहित्यकार तो थे ही एक बड़े स्वतंत्रता-सेनानी भी थे। महात्मा गाँधी के अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने अवज्ञा-आन्दोलन में सक्रिए भागीदारी दी। राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत उनकी रचानाएँ अत्यंत प्रेरणा दायी हैं।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री कुमार ने वरिष्ठ लेखिका डा गीता पुष्प शॉ को पं विलास बिहारी झा बाल साहित्य साधना सम्मान से विभूषित किया। सम्मान स्वरूप डा पुष्प को पाँच हजार रूपए की सम्मान-राशि के साथ वन्दन-वस्त्र और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए ।

पं झा की पुत्री निभा चौधरी ने कहा कि उनके उपन्यास अकाल पुरुष, नए धान की गंध और लंगोटिया की साहित्य समाज में व्यापक चर्चा हुई। उनकी आत्मकथा सुनो मनोरम जो उपन्यास के शिल्प में लिखी गयी है, साहित्य में विशेष स्थान रखती है। उनके बाल-उपन्यास आठ हजार वर्ष का बालक के लिए उन्हें में भारत के सर्वश्रेष्ठ बाल-साहित्यकार का सम्मान मिला था।

दूरदर्शन, बिहार के पूर्व कार्यक्रम प्रमुख डा राज कुमार नाहर, रायपुर, छत्तीसगढ़ से पधारे व्यंग्य के चर्चित कवि कुमार जगदली, सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, दूरदर्शन के पूर्व कार्यक्रम प्रमुख डा ओम् प्रकाश जमुआर तथा विभा रानी श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ कवि जय प्रकाश पुजारी की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, शायर रमेश कँवल, डा रत्नेश्वर सिंह, शायरा शमा कौसर शमा, कुमार अनुपम, ओम् प्रकाश पाण्डेय बदनाम, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा मीना कुमारी परिहार मान्या, डा ऋचा वर्मा, डा आशा रघुदेव, अर्जुन प्रसाद सिंह, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, इन्दु भूषण सहाय, संजय लाल चौधरी, डा अमरेन्द्र मिश्र, अरुण कुमार श्रीवास्तव आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन सम्मेलन के भवन अभिरक्षक प्रवीर कुमार पंकज ने किया।
व्यंग्य के चर्चित लेखक बाँके बिहारी साव, इल्मी मजलिस के सचिव परवेज आलम, सच्चिदानन्द शर्मा, डा चन्द्र शेखर आजाद, उमाकांत ओझा, संजय कुमार आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

# मिथिला में उद्योग विकास की संभावनाओं पर गहन मंथन

नवसंदेश ब्यूरो

**मिर्जापुर स्थित होटल एपी पैलेस में किया गया आयोजन**


मर्जिंग मिथिला समिट 2 का शुभारंभ करते अतिथि।

**दरभंगा।** इमर्जिंग मिथिला समिट 2 का आयोजन दरभंगा शहर के मिर्जापुर स्थित होटल एपी पैलेस में किया गया। इसमें मिथिला क्षेत्र में विकास की संभावनाओं पर गहन मंथन किया गया। दवे के आशीष सिंह ने इसकी परिकल्पना की, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से विषय विशेषज्ञ इसमें शामिल हुए और मिथिला क्षेत्र में विकास के क्या-क्या संभावना हो सकते हैं, इस पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की शुरुआत दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य चंदन कुमार, आईटीआई रामनगर के प्राचार्य राज कुमार, ग्रामीण बैंक के रोहित राज, केकेटी कंस्ट्रक्शन के सुमन ठाकुर, ऐट टू ऐट सैलून की कोमल ठाकुर और द वे प्रमुख आशीष सिंह ने संयुक्त रूप से की। थ्योरी से ज्यादा प्रैक्टिकल पर ध्यान देने की बात कही गई। वीणा वाटिका के डायरेक्टर सुमन कुमार ठाकुर ने कहा कि बिजनेस की शुरुआत यह सोचकर ना करें कि यह तुरंत मुनाफा वाला होगा। ओमेगा और वीणा वाटिका से पहले मैंने आठ बिजनेस किया था। इसलिए बिजनेस में घबराने की नहीं, धैर्यपूर्वक, आत्मबल के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। ग्रामीण बैंक के क्रेडिट हेड रोहित राज ने

**देश के विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ हुए इसमें शामिल**

उद्योग स्थापित करने के लिए बैंक द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे सेवाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

वहाआएं प्रसिद्ध बिजनेस मेंटर सौरेंद्र चटर्जी ने कहा कि एजुकेशन का उद्देश्य या तो जॉब या फिर बिजनेस है। बिजनेस में भावनाओं से काम नहीं चलता। आज के जनरेशन को इससे कोई मतलब नहीं है कि मेरे बारे में कोई क्या कहता है। उन्होंने व्यापार के क्षेत्र में जीवन में आगे बढ़ने के तकनीकियो को बारीकियों से समझाया। बिहार सरकार से स्टार्टअप के लिए मिलने वाली सुविधाओ से भी अवगत कराया। वहीं शिपिंग के क्षेत्र में देश दुनिया में नाम रोशन करने वाले दिनकर झा ने कहा कि मिथिला को लेबर फैक्ट्री के रूप मे जाना जाना दुःखद है। लेबर के रूप में सिर्फ बिहारी ही बाहर जाते है। बिहार से लेबर को देश विदेश ढोने के लिए विशेष ट्रेन और जहाज चलाये जाते है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण गरीबी और अशिक्षा है। हमारा जब रूट ही कमजोर है तो बिजनेस की बात कैसे कर सकते हैं। उन्होंने बिजनेस के संबंध में विजन, अपर्चुनिटी, रोड मैप, अपइंटमेंट और फ्यूचर पर प्रकाश डाला। उन्होंने इजरायली टेक्निक से महज 50 हजार मे पोली हाउस बनाकर किस तरह लाखों कमाए जा सकता है, इस पर प्रकाश डाला। पपीता, शिमला मिर्च की खेती करने की अपील की। आम के बदले पोली हाउस,गेहूं, धान के बदले अरहर का दाल की खेती तथा खेत मे मछली उत्पादन की सलाह दी। उन्होंने बिहार में पैकेजिंग संस्थान के नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। पैनल डिस्कशन सेशन में रोहित राज, संतोष मिश्रा सूर्यप्रकाश ने स्टार्टअप शुरू करने में फंड की कमी, पैकेजिंग, मार्केटिंग और ट्रांसपोर्टिंग की समस्या की ओर ध्यान आष्ट कराया। इन समस्याओं के निदान के बारे में भी बताया। वहीं पैकेजिंग इंडस्ट्री का बिजनेस में कितना योगदान है विषय पर हैदराबाद से आए इंडियन इंस्टिट्यूट अफ पैकेजिंग के पूर्व उप निदेशक सह पीसीआरआई के निदेशक बी के कर्ण ने कहा कि डक्टर जिस दवा से मरीज की जान बचाते है उस दवा की सुरक्षा पैकेजिंग से ही होती है। जीवन में पैकेजिंग का महत्वपूर्ण योगदान है। बिहार में पैकेजिंग की अपार संभावनाओ का जिक्र करते हुए कहा कि यहां पैकेजिंग के अभाव में उद्योग व्यापार को गति नहीं मिल पा रहा है। अजय झा ने एक्स्पोर्ट की जानकारी साझा की। डीआरडीओ के साइंटिस्ट मृदुल कांत पाठक ने ड्रोन एवं मशीनों की जानकारी दी। मुरारी कुमार ने टूरिज्म की जरूरत और महत्व पर जानकारी दी। तीसरे सीजन में बिहार सरकार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने अवर्ड वितरण किया। अपने संबोधन में इन्होंने ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत बताई। मिथिला के विकास के लिए उद्योगों का विकास जरूरी है। मिथिला लोकतंत्र संस्थान के द्वारा मिथिला फक की प्रस्तुति दी गई।निनिया के मातल दूल्हा एवं गानों से शिवानी भगत और देव ने लोगों को बांधे रखा। मंच का संचालन रेडियो जॉकी आकांक्षा ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### लोक शिकायत के अपीलीय मामलों की सुनवाई

**पटना।** जिलाधिकारी, पटना द्वारा लोक शिकायत के अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई तथा परिवादों का निवारण किया गया। पदाधिकारियों को पूर्ण पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ जन-शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान तथा जनहित के कार्यो का संवर्द्धन करने का निदेश दिया गया।

### बेनीपट्टी के शाहपुर निवासी के पेट से निकाली गई गोली

**दरभंगा।** मधुबनी जिला अंतर्गत बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी चंद्र किशोर सिंह के पुत्र आदित्य सिंह उम्र 25 साल को गोली लगने से घायल हो गए। दोस्त एवं परिजनों ने बेनीपट्टी पीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डक्टर ने मधुबनी भेज दिया वहां से डी एम सी एच इमरजेंसी में भेजा गया। यहां पर डक्टर ने गोली निकालकर इलाज शुरू कर दिया है। पीड़ित परिवार के सदस्य आदित्य सिंह एवं उनकी बहन वर्षा सिंह का कहना है कि खाना खाकर रात के 10 बजे अपने दोस्त के साथ घुमने के लिए गये थे। इसी बीच मेरे गांव के ही रणधीर सिंह ने हम पर दो गोलियां चलाई। एक गोली पेट में एवं दूसरी गोली बाह में लगी है।

### शहर के व्यस्त क्षेत्र में दिनदहाड़े करोड़ों की लूट सरकार की विफलता का परिणाम : राकेश नायक



**दरभंगा।** शहर के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सबसे व्यस्त व्यापारिक केंद्र बड़ा बाजार के प्रेम ज्वैलर्स में में शुक्रवार को दोपहर में आभूषण दुकान से 4 अपराधियों ने 20 मिनट में 2 करोड़ के जेवर एवं लाखों नगद लूटने की घटना पर दरभंगा महानगर अध्यक्ष राकेश एस नायक ने घटना पर निंदा व्यक्त करते हुए बिहार सरकार के गृह विभाग और दरभंगा प्रशासन को कटघरे में रखते हुए प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है की आखिर विगत कुछ दिनों पूर्व में भी इस से बड़ा घटना का अंजाम बदमाशों के द्वारा दिया गया फिर भी प्रशासन के द्वारा अंकुश क्यों नहीं लगाया गया। यह सरकार की नाकामी हैं या प्रशासन की विफलता। महानगर अध्यक्ष राकेश एस नायक ने यह मांग किया हैं कि शहर की प्रमुख सर्राफा बाजारों की इर्द गिर्द और मुख्य रूप से आने- जाने वाले चौक चौराहों पर सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती होनी चाहिएग। राकेश नायक ने कहा कि सभी अपराधी भगवा रंग का गमछा सिर में बांधे हुआ था।

### महीनाम गांव मे आग लगने से कई घर जलकर राख

**बेनीपुर।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के महीनाम गांव के वार्ड 17 में शनिवार को अचानक लगी आग से राम सागर पासवान, संतोष पासवान, बब्लु पासवान, पप्पू पासवान और कुशेश्वर पासवान के पांच घर पूरी तरह जलकर राख हो गई तथा एक मवेशी के घर को भी नुकसान पहुंचा। ग्रामीणों ने ऊंची लपटें देखते ही आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और अगिशमन दस्ते को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। पीड़ितों ने बताया कि घरों में रखी दो साइकिल, एक मोटरसाइकिल के साथ करीब 150 लाख रुपये के फर्नीचर, बर्तन और कपड़े जलकर नष्ट हो गए। पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज सहनी ने घटना की जानकारी अंचल कार्यालय को देते हुए पीड़ितों को तत्काल राहत देने की मांग की। राजस्व अधिकारी वरुण कुमार ने बताया कि पीड़ितों को पलीथिन उपलब्ध करा दिया गया है। आपदा राहत राशि के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि कोष प्रभावित हुआ है और डोंगल चालू न होने से भुगतान अभी संभव नहीं।

### एलपीजी के लिए महिलाओं और पुरुषों की अलग लाइनों की व्यवस्था करने का आदेश

**बेनीपुर।** अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा ने शनिवार को महिनावा इंडेन गैस एजेंसी महिनाम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विधि-व्यवस्था और गैस सिलेंडर वितरण प्रक्रिया की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान लोगों की अनावश्यक भीड़ देखी गई, जिस पर एजेंसी मालिक को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने काउंटरों की संख्या बढ़ाने, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनों की व्यवस्था करने का आदेश दिया। इसके अलावा, मीनू भारत गैस एजेंसी (कोर्थू) को घनश्यामपुर प्रखंड में आवंटित स्थान पर गोदाम स्थानांतरित करने का निर्देश जारी किया। लोगों की परेशानी को कम करने के लिए होम डिलीवरी सेवा तुरंत शुरू करने पर भी जोर दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

### मशाल 2024 में जिले की बेटियों का परचम



**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बस्सा) एवं बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित मशाल 2024 खेल प्रतियोगिता में जिले की छात्राओं ने उत्ष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मान समारोह में प्रमाणपत्र, चेक एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय स्थित कमला गर्ल्स हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कमला बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न स्पधार्ओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता 9 दिसंबर 2024 से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित हुई, जिसमें राज्यभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सम्मानित खिलाड़ियों में गुंजा कुमारी (साइकिलिंग), दिव्या कुमारी (क्रिकेट बल थ्रो), साक्षी कुमारी (800 मीटर दौड़ में प्रथम) एवं मनीषा कुमारी (60 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान) शामिल हैं। वहीं, महिला एकलव्य टीम की अंजली कुमारी, खुशी कुमारी, चांदनी कुमारी, नंदनी कुमारी, सपना कुमारी, सिम्मी कुमारी, सिमरन, जावी झा एवं चंदा कोचर पासवान को भी मेडल व चेक दिया गया। प्रधानाध्यापक कमरूल होदा ने भी छात्राओं को संबोधित किया।

# आरके दत्ता मुख्य संरक्षक, कारी गामी बने जिलाध्यक्ष

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला फुटपाथ बिक्रेता मजदूर संघ का चौथा जिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह हराही तालाब के पश्चिम भाग में अवस्थित बहुउदेशीय भवन में शनिवार 4 अप्रैल को आयोजित किया गया। दरभंगा जिला फुटपाथ बिक्रेता मजदूर संघ, दरभंगा का चौथा जिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में फुटपाथ दुकानदारो ने भाग लिया। संघ के मुख्य संरक्षक- आर के दत्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष कारी गामी ने अतिथियों को पाग चादर व माला पहनाकर स्वागत किया।


बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह, साथ में हैं आरके दत्ता एवं अन्य।

सम्मेलन का उदघाटन नासवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिह द्वारा दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मुकेश महासेठ,वार्ड पार्षद राजीव कुमार,वार्ड पार्षद सोनी पूर्वे, पार्षद प्रतिनिधि ड जमाल हसन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर 31 सदस्ययीय कार्यकारिणी कमिटी का गठन किया गया।

**दरभंगा जिला फुटपाथ विक्रेता मजदूर संघ का चौथा जिला सम्मेलन आयोजित**

दरभंगा जिला शाखा की गठित कमिटी में मुख्य संरक्षक- आरके दत्ता, सह संरक्षक- कन्हाई दास बनाए गए हैं। वहीं जिला कार्यकारिणी कमिटी में कारी गामी- जिला अध्यक्ष, विश्वनाथ भगत- उपाध्यक्ष, शिवनाथ पंजियार -उपाध्यक्ष, महेश साह- उपाध्यक्ष, सूरज सहनी- प्रधान सचिव, दिलीप लाल दास कोषाध्यक्ष, मो शोएब अंसारी- महानगर अध्यक्ष, विजय कुमार झा- संगठन मंत्री, मोहम्मद निजाम उप सचिव, हरिशंकर गुप्ता हीरा गुप्ता- मीडिया प्रभारी, समतोला देवी, सत्यनारायण, सोमती देवी, मंजू देवी, सुमित्रा देवी, रामदुलारी देवी, जगदीश सिंह, महेश पंडित,विनोद राम,संतोष कुमार, मो मुबारक अली, दीपक कुमार, सुनील कुमार मंडल,अमित खर्गा, दिलीप शाह,सतीश राय, ईश्वर राय,राधा देवी, आशा देवी, शंभू शाह, शंभू सहनी, सरस्वती साह, मुन्नी देवी सदस्य चुने गए है।

# पुलिस गश्ती के अभाव के कारण हुई डकैती


बैठक करते पवन सुरेका, रजनीश राज एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा शहर के बड़ा बाजार में शुक्रवार को स्वर्ण व्यवसाई के यहां हुई डकैती की समीक्षा हेतु दरभंगा एवं लहेरिया सराय के स्वर्ण व्यवसायियों की एक बड़ी बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में इस घटना पर चिन्ता व्यक्त की गई एवं यह बताया गया कि इस घटना से व्यापारियों में एक भय का वातावरण उत्पन्न हो गया है। यह घटना बड़ा बाजार में पुलिस गस्ती के अभाव के कारण हुई है। बाकरगंज के व्यापारियों ने बताया कि वहां पुलिस की गस्ती होती है। उसी प्रकार बड़ा बाजार में भी होनी चाहिए। बड़ा बाजार में लगभग 100 स्वर्ण व्यवसायियों की दुकानें है। लोगों ने अपने अपने विचार रखे, कुछ एक दिन के लिए सांकेतिक हड़ताल रखने के पक्ष में थे तो कुछ करने के पक्ष में। चौंबर अफ कमर्स के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका ने उसी समय वरीय पुलिस अधीक्षक से बातें कर

**स्वर्ण व्यवसायी के यहां हुई डकैती की समीक्षा के लिए बुलायी गयी बैठक**

बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि इस ओर कार्यवाही हुई है सफलता भी मिल रही है।एस आई टी का गठन किया गया है। पूर्ण जानकारी अभी नहीं दी जा सकती है। सभी लोगों ने पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही पर संतोष जताते हुए दुकानें बंद करने के विचार को स्थगित कर दिया और सोमवार को इसकी समीक्षा हेतु पुनः बैठक करने का निर्णय लिया। बैठक में चौंबर अफ कमर्स के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका, प्रधान सचिव सुशील कुमार जैन, स्वर्ण व्यवसाई संघ के अध्यक्ष शत्रुघ प्रसाद,रजनीश राज, पवन लाट,सुभाष खाती, ध्रुव ठाकुर, मनोज ठाकुर,पवन वर्मा एवं कई स्वर्ण व्यवसायी उपस्थित थे।

# विज्ञान में जिला में तीसरा स्थान पाने वाली छात्रा श्वेता कुमारी सम्मानित



**बहेड़ी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के लागोपुर गांव में शुक्रवार को मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी ने इस वर्ष की अंतर ातक विज्ञान परीक्षा में जिला में तीसरे स्थान पाने वाली उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय समधपुरा की छात्रा श्वेता कुमारी को चादर, पाग, माला, डायरी व कलम देकर सम्मानित किया। श्री चौधरी ने श्वेता के साथ साथ उनके शिक्षक माता - पिता रूबी कुमारी व गणेश मंडल को भी सम्मानित किया। परीक्षा में श्वेता कुमारी ने 460 अंक प्राप्त कर अपने माता पिता ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रकाश झा, छात्रा के फूफा राजकीय प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान के अतिथि अनुदेशक संतोष कुमार, चाचा उग्रेश कुमार, आशुतोष कुमार, रूपेश कुमार सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# पंचोभ में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मानित

**दरभंगा (एनएसबी)।** देवनारायण उच्च विद्यालय, पंचोभ हनुमाननगर, दरभंगा सहित पीएमश्री विद्यालय एवं हनुमाननगर प्रखंड क्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 400 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं जिला व राज्य स्तर के टपर मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शैल-विमल स्वास्थ्य एवं समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में पंचायत के मुखिया श राजीव कुमार चौधरी के आवास पर संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि एमएलएसएम कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रो शम्भू यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एमके कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. रहमतुल्ला, शिक्षाविद डॉ. बैजनाथ चौधरी, अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार चौधरी, संस्थान सचिव एवं जिलाध्यक्ष मुखिया महासंघ राजीव कुमार चौधरी, पीएम श्री स्कूल के प्रधानाचार्य मकसूद अख्तर, पूर्व जिला षि पदाधिकारी नरेन्द्र मिश्र एवं पंचायत समिति सदस्य रोहित चौधरी ने समारोह के दौरान सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया महासंघ के संरक्षक अहमद अली तमन्ने, एआईएसएफ के राज्य सह सचिव शरद कुमार सिंह, एआईवाईएफ के नेता अफताब आलम आदि मौजूद थे।


सम्मानित होने के बाद अतिथियों के साथ छात्र-छात्राएं।

# जल पुनर्भरण योजना पर शीघ्र पहल के लिए केंद्र


केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंगा में भू जल संकट के निदान के लिए केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री से मिले सांसद**

**दरभंगा (एनएसबी)।** बीते साल 2025 में दरभंगा जिले में पानी के लिए भयावह स्थिति हो गई थी। सरकार के द्वारा पेयजल की आपूर्ति की व्यापक स्तर पर की गई व्यवस्था के बाबजूद शहरी क्षेत्रों के साथ साथ अधिकांश गांव मुहल्ले में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था।उस संकट को ध्यान में रखते हुए इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए सरकार के द्वारा शीघ्र ठोस पहल किए जाना आवश्यक है।

शुक्रवार को स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी निषाद के साथ हुई मुलाकात में इस संबंध में विस्तार से चर्चा करने के बाद उपरोक्तजानकारी दी है।

इस मौके पर सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री का पाग अंगवस्त्र तथा बुके देकर सम्मानित भी किया। सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री श्री निषाद के साथ हुई मुलाकात में दरभंगा के भू जल संकट पर चर्चा करते हुए कहा कि भू जल स्तर के नीचे गिरने के कारण घरेलू उपयोग के साथ साथ मवेशियों तथा षि उपयोग के लिए भी पानी के संकट से निपटने के लिए वाले सार्वजनिक स्थानों पर समरसेबुल, चापाकल के साथ साथ जल पुनर्भरन योजना को शुरू शुरू करने के लिए सरकारी तथा जिला प्रशासन के द्वारा शीघ्र पहल किया जाना आवश्यक है।पेयजल की समस्या समाधान के लिए ,जल नल योजना से लगातार आपूर्ति करने की व्यवस्था को सुढ़ किए जाने, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को चिन्हित कर उसे मरम्मती शुरू किए जाने, जल पुनर्भरण योजना को बढ़ावा देने का आग्रह करते हुए कहा है कि इन उपायों से आने वाले जल संकट से निदान पाया जा सके।दरभंगा शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए विभागीय स्तर पर मिशन मोड में कार्य शुरू किए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि आने वाले समय में दरभंगा में पेयजल की समस्या का संकट नहीं हो इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाय।

# माउंट लिटेरा को 12वीं तक की मिली मान्यता

**दरभंगा (एनएसबी)।** माउंट लिटरा जी स्कूल में बीते दिनों आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दरभंगा के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्र , विशिष्ट अतिथि नागपुर एअर फोर्स स्टेशन के विंग कमांडर प्रकाश कुमार झा , अतिथि प्रेम नारायण मंडल उपस्थित ने किया। अतिथियों को स्कूल के चेयरमैन जितेंद्र कुमार, डायरेक्टर प्रतिभा कुमारी, प्रिंसिपल प्रीती पराशर ने पुष्प गुच्छ, पाग व शल से सम्मानित किया। चेयरपर्सन जितेंद्र कुमार ने सीबीएसई से 12वीं तक के लिए मिली मान्यता की जानकारी अभिभावकों से साझा करते हुए खुशी जाहिर किया। यह केवल वार्षिकोत्सव नहीं है वरण पूरे वर्ष का समर्पण और लेखा-जोखा है। माउंट लिटरा जी का उद्देश्य केवल पुस्तक ज्ञान देना नहीं है, बल्कि प्रत्येक छात्र का चरित्र निर्माण व सर्वांगीण विकास करना है। दो वर्ष पूर्व हमने बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया जिसे सीबीएसई ने भी स्वीकार किया है पिछले साल हमारे छात्रों ने शैक्षणिक, कला, खेल में उत्ष्ट प्रदर्शन किया है। हमारे दो छात्रों ने बिहार के लिए प्रतिनिधित्व कर गौरव बढाया है। यह शिक्षकों का मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का नतीजा है। मुख्य अतिथि जिला जज शिव गोपाल मिश्र ने कहा की माउंट लिटेरा जी स्कूल हमेशा से एक सफल नागरिक बना या है। बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय एक ऐसा स्थान है, जहां मिट्टी के एक लोटे को शिक्षक मूर्ति के रूप में तरासने का काम करते हैं।



# समस्तीपुर मंडल आरपीएफ ने हासिल की सुरक्षा, सेवा एवं राजस्व में उल्लेखनीय उपलब्धियां

**● 2.45 करोड़ के अवैध सामान की बरामदगी, 154 गिरफ्तार ●महिला सुरक्षा व मानव तस्करी निरोध में 480 बच्चों का रेस्क्यू ● 3569 मामलों में कार्रवाई, 58.98 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली ●515 खोए सामान लौटाए, 13 यात्रियों की बचाई गई जान**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा एवं रेलवे संपत्ति की रक्षा हेतु अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। विभिन्न अभियानों के माध्यम से रेल पुलिस ने न केवल अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं भरोसेमंद यात्रा अनुभव प्रदान करने में भी अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। मंडल मुख्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी देते हुए बताया गया है कि, वर्ष के दौरान दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पूजा, होली जैसे प्रमुख त्योहारों के साथ-साथ बिहार विधानसभा चुनाव एवं प्रधानमंत्री, रेल मंत्री तथा रेलवे बोर्ड अध्यक्ष के कार्यक्रमों के अवसर पर व्यापक भीड़ प्रबंधन किया गया। इन सभी अवसरों पर आरपीएफ द्वारा प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक एवं बिना किसी व्यवधान के संपन्न कराया गया। रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के लिए चलाए गए 'रेल सुरक्षा' अभियान के अंतर्गत 143 बाहरी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 6.79 लाख रुपये मूल्य की रेलवे संपत्ति बरामद की गई। वहीं 'समय पालन' अभियान के तहत अनधिकृत चेन पुलिंग करने वाले 3569 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 16.22 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया, जिससे ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार सुनिश्चित हुआ। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए महिला सुरक्षा अभियान के अंतर्गत 3103 पुरुषों को महिला कोच में अवैध रूप से यात्रा करने के कारण गिरफ्तार किया गया तथा 8.91 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। नन्हे फरिश्ते अभियान के अंतर्गत 480 बच्चों को रेस्क्यू कर चाइल्डलाइन एवं बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त मानव तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 50 तस्करों को गिरफ्तार कर 182 बच्चों को उनके चंगुल से मुक्त कराया गया। दिव्यांग यात्रियों की सुविधा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु 'उपलब्धि' अभियान के तहत 2251 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6.83 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। वहीं 'सहयोग' अभियान के अंतर्गत पद्धत्र् के सहयोग से वाणिज्य विभाग द्वारा बिना टिकट यात्रियों से 58.98 करोड़ रुपये की वसूली कर रेलवे की आय में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करते हुए 'सतर्क' अभियान के अंतर्गत विदेशी शराब, गांजा आदि प्रतिबंधित सामग्री जिसकी कुल कीमत 2.45 करोड़ रुपये है, बरामद की गई तथा 154 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। टिकट दलाली के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। यात्रियों की सहायता एवं सेवा के क्षेत्र में भी पद्धत्र् ने सराहनीय कार्य किया है। 'अमानत' अभियान के तहत 515 खोए या छूटे सामान, जिनका कुल मूल्य 71.42 लाख रुपये है, बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया गया। 'सेवा' अभियान के अंतर्गत 78 घायल यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई, जबकि 'मातृ शक्ति' अभियान के तहत 6 महिला यात्रियों को प्रसव के दौरान सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त 'जीवन रक्षा' अभियान के माध्यम से 13 यात्रियों का जीवन समय पर बचाया गया। समस्तीपुर मंडल का रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा, सेवा एवं रेलवे संपत्ति की रक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करता रहेगा।


आरपीएफ के एक्शन की झलकियां।

## संक्षिप्त खबरें

### एक बार फिर भाई राजू सहनी ने बढ़ाया मदद का हाथ, मृतक के परिजनों को भिजवाया 6 महीने का राशन व की आर्थिक सहायता

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर कमला पंचायत निवासी गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले बहुचर्चित समाजसेवी भाई राजू



सहनी ने महिसारी पंचायत के वार्ड संख्या 14 में एक गरीब शोकाकुल परिवार को 6 महीने का राशन व 2100 रूपए नगद से सहायता की। इस दौरान श्री सहनी ने कहा कि महिसारी पंचायत निवासी राम सुधार सहनी के 36 वर्षीय पुत्र रामेश्वर सहनी का 22 मार्च 2026 को करेंट लगने से असामयिक निधन की जानकारी मिली। मृतक अपने परिवार का मात्र एक मुख्य सहारा था, उनके पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। जानकारी मिलते ही 4 अप्रैल को अपनी टीम भेजकर सहता पहुंचाई। उन्होंने बताया कि, वे और उनकी टीम लगातार पिछले 16 वर्षों से सामाजिक समरसता को बनाए रखते हुए गरीब, असहाय, गंभीर रूप से बीमार व जरूरतमंदों की सहायता करते आ रहे हैं, और आगे भी करते रहेंगे। वहीं मदद मिलने के बाद पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने राजू सहनी की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और दुआएं दी। मौके पर सियाराम राय, पिंटू राय, रामलाल सहनी, वरुण राय, चंद्रकांत सिंह, श्रीराम सहनी,उमा सहनी, सुजीत कुमार नवीन कुमार, कमलकांत राय, दपेश राय, मुन्ना कुमार राय सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सत्यनारायण सहनी उर्फ प्रदीप सहनी बने जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।जन सुराज पार्टी ने सत्यनारायण सहनी उर्फ प्रदीप सहनी को समस्तीपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पिछले दिनों शहर के हरपुर एलौथ स्थित जिला कार्यालय में संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने उक्त घोषणा करते हुए मनोनयन पत्र प्रदान किया, और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सत्यनारायण सहनी ने प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि, पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर ने उन पर भरोसा जताते हुए जिले की कमान सौंपी है तो वे उनके भरोसे पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी नेतृत्व की ओर से उन्हें एक माह के भीतर जिला कमिटी गठित करने की जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे तय समय के भीतर पूरा कर उसकी सूची पार्टी नेतृत्व को सौंप दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान एनडीए कार्यकताओं ने ह्लपचीस से तीस, फिर से नीतीशह्व का नारा दिया था, लेकिन चुनाव परिणाम और सरकार गठन के कुछ समय बाद ही नीतीश कुमार को राज्यसभा जाने का फैसला लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी।

### खानपुर प्रखंड में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी ने किया निरीक्षण

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** शनिवार को समस्तीपुर जिले के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत खानपुर प्रखंड का निरीक्षण भारत सरकार के नीति आयोग से केंद्रीय प्रभारी भास्कर द्वारा किया गया। इस अवसर पर खानपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीपीआरओ संजीव कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राणा नितेश सिंह ने भास्कर का बुके, पाग और चादर देकर मिथिला परंपरा के अनुसार स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड स्तरीय विभिन्न योजनाओं, विभागीय कार्यों तथा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राणा नितेश सिंह, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी वर्षा सिन्हा, पिरामल फाउंडेशन की जिला स्तरीय टीम, पंचायत जनप्रतिनिधि, आईसीडीएस से गौरव कुमार, जीविका प्रखंड प्रबंधक विक्रम मेहता, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राकेश रंजन, प्रखंड कृषि एवं पशुपालन विभाग के पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, प्रखंड समन्वयक सहित संबंधित विभागों के कई अधिकारी मौजूद रहे।



### विभिन्न गांवों में मारपीट की घटना में तीन लोग जख्मी

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में तीन लोग जख्मी हो गए। परिजनों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान ध्रुवगामा गांव निवासी श्याम पासवान (45), जो मोहन पासवान के पुत्र हैं, तारा देवी (35), जो साजन पासवान की पत्नी हैं, तथा मधूरापुर टारा गांव निवासी मुस्तफा (18) के रूप में की गई है। इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया कि मुस्तफा की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हैदर ने दी।

### वारिसनगर में 13 अप्रैल से जनगणना कार्य को लेकर बीटी उच्च विद्यालय में प्रशिक्षण

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के वारिसनगर प्रखंड क्षेत्र में प्रस्तावित जनगणना कार्य को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में बीडीओ अजमल परवेज ने बताया कि जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए एक विशेष कोषांग का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए 353 प्रगणक, 62 सुपरवाइजर, 35 रिजर्व प्रगणक और 6 रिजर्व सुपरवाइजर की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी कर्मियों का प्रशिक्षण 13 अप्रैल से भागवत ठाकुर उच्च विद्यालय, किशनपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए कुल 11 बैच बनाए गए हैं और प्रत्येक बैच को तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि जनगणना की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन संपन्न होंगी। प्रथम चरण में मकानों की सूचीकरण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य को पारदर्शी, व्यवस्थित और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराना है।

### खानपुर पुलिस ने दो वारंटी को दबोचा, न्यायिक हिरासत में भेजा

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के खानपुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को थाना लाकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष शिव पूजन कुमार ने बताया कि कार्रवाई कांड संख्या 2620/12 एवं 401/26 के तहत की गई। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान खानपुर थाना क्षेत्र के रेबड़ा गांव निवासी राम बाबू महतो, पिता रामदेव महतो, तथा रामदेव महतो, पिता स्व. किशोर महतो, के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों के खिलाफ पूर्व से वारंट निर्गत था, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

# कपरपुरा गुमटी 107 पर 10 करोड़ से बनेगा अंडरपास

**डीआरएम से मिला मुजफ्फरपुर जिले के विधायकों का प्रतिनिधिमंडल, की कपरपुरा रेलवे गुमटी 107 को चालू करवाने की मांग**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिले के विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मध्य रेलवे, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर कांटी विधानसभा क्षेत्र के कपरपुरा स्थित रेलवे गुमटी संख्या 107 को बंद गुमटी को अविलंब खोलने या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर विधायकों ने डीआरएम को एक ज्ञापन भी सौपा। जिसमें बिना किसी पूर्व सूचना या वैकल्पिक व्यवस्था के गुमटी को बंद कर देने से आम लोगों का आवागमन बाधित होने एवं इससे उत्पन्न समस्याओं का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में दशार्या गया है कि, यह मार्ग मोतिपुर, मीनापुर और साहेबगंज को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला मुख्य पथ है, जिस पर प्रतिदिन हजारों लोग निर्भर हैं। गुमटी बंद होने से मरीजों, छात्रों, किसानों और आम राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आपात स्थिति में समय पर अस्पताल पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मार्ग का मुजफ्फरपुर-पटना बाइपास से कोई सीधा संबंध नहीं है, इसके बावजूद गुमटी बंद करना जनहित के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निर्णय से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से कोई राय नहीं ली गई। मुलाकात के बाद कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने संवाददाता को बताया कि, डीआरएम श्री मिश्रा ने आश्वस्त किया है कि, लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से यहां अंडरपास का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। वही, अंडरपास बनने से पूर्व लोगों का आवागमन सुगम बनाने के लिए 15 दिनों के अंदर वैकल्पिक व्यवस्था रेलवे करेगी। उन्होंने कहा कि, अंडरपास बनने से क्षेत्र के लोगों को स्थायी राहत मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में कांटी विधायक अजीत कुमार के अलावा मुजफ्फरपुर नगर विधायक रंजन कुमार, बोचहा विधायक बेबी कुमारी, सकरा विधायक आदित्य कुमार एवं मीनापुर विधायक अजय कुमार कुशवाहा शामिल थे। इधर, स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए जल्द समाधान की उम्मीद जताई है।


डीआरएम से बात करते विधायक।

# अचानक लगी आग से लाखों की की फसल जल कर राख, ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा हादसा टला


आग की भेंट चढ़ा खेत।

**बांसबाड़ी से उठी चिंगारी से आग लगने की आशंका, दमकल की देरी पर उठे सवाल**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत बालकृष्णपुर मड़वा पंचायत के सुभानीपुर गांव में शनिवार की दोपहर अचानक लगी आग ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। इस घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई और ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, पंचायत के वार्ड संख्या 4 में यह हादसा हुआ, जहां किसान नरेश महतो की खेत में लगी गेहूं की पूरी फसल आग की चपेट में आ गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते फसल धू-धू कर जलने लगी। इसके अलावा पास में स्थित एक घर और पशु शेड को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि पास के बांस बाड़ी से उठी चिंगारी ने खेत को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के कारण आग ने और भी विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास में जुट गए। ग्रामीणों की तत्परता और सामूहिक प्रयास के कारण आग को फैलने से रोका जा सका, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, तब तक नरेश महतो की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। सूचना के बाद दमकल की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। फिर भी, दमकल कर्मियों ने शेष आग को बुझाकर स्थिति को नियंत्रण में किया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में दमकल सेवा की अनुपलब्धता पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि यदि प्रखंड स्तर पर दमकल की व्यवस्था होती, तो समय रहते आग पर काबू पाया जा सकता था और नुकसान कम होता।\ इधर, विद्यापतिनगर थाना प्रभारी सूरज कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है और मामले की जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में अग्निशमन व्यवस्था की जरूरत को उजागर कर दिया है। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है।


# सखवा पशु अस्पताल बना 'भूत बंगला', डॉक्टर गायब - कागज पर इलाज, जमीन पर शून्य व्यवस्था

**बिथान (एनएसबी)।** बिथान प्रखंड के सखवा स्थित प्रथम वर्गीय पशु अस्पताल इन दिनों बदहाली और लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बना हुआ है। पशुपालकों की सुविधा के लिए बना यह अस्पताल अब वीरान पड़ा है। भवन जर्जर हो चुका है और सबसे बड़ी बात यह कि यहां पदस्थापित पशु चिकित्सक शायद ही कभी नजर आते हैं। सखवा, बेलसंडी, सलहा चंदन, सलहा बुजुर्ग, नरपा समेत छह पंचायतों के हजारों पशुपालकों की जिम्मेदारी इस अस्पताल पर है, लेकिन हकीकत यह है कि यहां इलाज नहीं बल्कि सिर्फ कागजी खानापूर्ति होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि डॉक्टर बिना आए ही उपस्थिति बना लेते हैं और वेतन उठाया जा रहा है। कभी-कभी एक युवक को भेजकर सिर्फ औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीमार पशुओं को लेकर जब वे अस्पताल पहुंचते हैं तो वहां ताला लटका मिलता है। मजबूर होकर उन्हें निजी डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता है। गरीब पशुपालकों के लिए यह स्थिति किसी अभिशाप से कम नहीं है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में राष्ट्रीय पर्वों तक पर झंडोत्तोलन नहीं किया जाता, जो सरकारी नियमों की खुली अनदेखी है। इससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदारों को अपनी ड्यूटी से कोई मतलब नहीं है।



# जीवन में अनुशासन, मयार्दा, सम्मान और त्याग स्त्रियों की सबसे बड़ी पूंजी : त्रिभुवन दास

**मोहिउद्दीननगर (एनएसबी)।** प्रखंड के बघडा पंचायत स्थित डाकघर के निकट आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का हुजूम उमर पडा। कथा श्रवण के लिए आई भीड में बच्चे,युवा, वृद्ध सभी की उत्सुकता देखी गई। श्रद्धा का ऐसा असर कि लोग खाली पैर ही अपने अपने घरों से निकलकर कथा पंडाल में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए समय से पहुंचने लगे। कथा वाचक त्रिभुवनदास महाराज ने सती चरित्र और ध्रुव चरित्र का बडा ही मार्मिक वर्णन अपने संगीतमय अंदाज में किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, जीवन में अनुशासन, मयार्दा, सम्मान और त्याग अति महत्वपूर्ण है। मायके और ससुराल की अपनी अपनी मयार्दाएं होती है। एक शादी सुदा स्त्री को अपने पति की मयार्दा और सम्मान की रक्षा के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत देना चाहिए। शास्त्र सम्मत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए माता सती के चरित्र का वर्णन किया और बताया कि माता सती की कथा हिंदू पौराणिक कथाओं में त्याग, प्रेम और आत्म-सम्मान की प्रतीक है। प्रजापति दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह किया, लेकिन पहले तो उन्होने अपने पति भगवान शिव के विचारों को ठुकराया और फिर जब अपने पिता राजा दक्षिण के यहां अपने पति का अपमान हुआ तो पिता द्वारा शिव के अपमान से दुखी होकर उन्होंने दक्ष के यज्ञ में योगशक्ति से देह त्याग दी। इस घटना के बाद, शिव के क्रोध से 51 शक्तिपीठों की स्थापना हुई।



# समावेशी समाज के निर्माण में बाबू जगजीवन राम का योगदान विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में शनिवार को बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समावेशी समाज के निर्माण में बाबू जगजीवन राम का योगदान विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) शशि भूषण कुमार शशि ने तथा संयोजन राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मो. जावेद अनवर ने किया। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. शशि ने कहा कि बाबू जगजीवन राम, जिन्हें 'बाबूजी' के नाम से भी जाना जाता है, भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक व लोकप्रिय राजनेता थे। उनके विचार मुख्य रूप से समतामूलक समाज की स्थापना, दलितों के उत्थान और राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित थे। बाबू जगजीवन राम के राजनैतिक एवं समाजवादी विचारधारा ने राष्ट्रीय भावना को मजबूती प्रदान किया। उनका मानना था कि यदि हमें अपने देश उन्नत बनाना है तो हमें जाति, धर्म, वर्ण, लिंग, भाषा के भेद से ऊपर उठकर कार्य करना होगा। अपने संबोधन में डॉ. अनवर ने कहा कि, बाबू जगजीवन राम का व्यक्तित्व भारतीय राजनीति को महत्वपूर्ण आकार प्रदान किया। उन्होंने अपने निःस्वार्थ कर्म एवं देश हित के लिए समर्पण का मार्ग अपनाया। हमें उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए। स्वागत भाषण डॉ. विनय कुमार रमन, मंच संचालन डॉ. सुमन कुमार सिंहा, एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गायत्री कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. प्रदीप कुमार जयसवाल, डॉ. दिनेशवर राय, डॉ. अशोक कुमार आदि ने भी अपने अपने विचारों को व्यक्त किया। मौके पर अनिशा कुमारी, सौरव कुमार, चमन कुमार, पुष्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि सहित राजनीति विज्ञान विभाग की सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### केवीएस कॉलेज में छात्रों से अवैध वसूली के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी : छात्र संघर्ष समिति

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** कालिदास विद्यापति साइंस महाविद्यालय उच्चैठ, बेनीपट्टी में छात्र संघर्ष समिति एवं छात्र संघ के द्वारा बैठक किया गया! बैठक में महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा एसही, एसटी वर्ग के छात्रों एवं महिला छात्राओं से सीआइए आंतरिक परीक्षा के नाम पर एक सौ रुपए की अवैध वसूली किया जा



रहा है। जिसको लेकर छात्र संघर्ष समिति एवं छात्र संघ के शिष्टमंडल के द्वारा प्रधानाचार्य से मिलकर रोक लगाने की मांग किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर महाविद्यालय प्रशासन इस पर कोई ठोस संज्ञान लेकर अवैध वसूली पर रोक नहीं लगती है तो छात्र संघर्ष समिति एवं छात्र संघ के द्वारा महाविद्यालय में आंदोलन करने को बाध्य हो की जाएगी जिसकी सारी जवाब देही महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

### आपसी विवाद में युवक को गोली मारकर किया जख्मी

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी थाने के शाहपुर गांव में बीती रात आपसी विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक को गोली मार कर जख्मी कर दिया! जख्मी युवक को बेनीपट्टी अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया! जहां से डॉक्टर ने उसे मधुबनी रेफर कर दिया! जख्मी युवक की हालत गंभीर देखकर मधुबनी ने भी जख्मी युवक को दरभंगा डीएमसीएच रेफर कर दिया,जहां जख्मी युवक जीवन मौत से जूझ रहा है! घटना की जानकारी जैसे ही बेनीपट्टी थाना पुलिस को लगी तो थाना अध्यक्ष शिवशरण शाह ने दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात करने लगे! घटना की जानकारी बेनीपट्टी



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार को दिया गया! जिस पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात करने लगे! डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि घटना के जांच की जा रही है घटनास्थल को पुलिस सुरक्षित कर लिया है! वैज्ञानिक तौर तरीकों से जांच प्रारंभ कर दी गई है! जख्मी युवक का दरभंगा में उपचार चल रहा है! उपचार के बाद उनके बयान पर आगे की कार्रवाई की जाएगी! घटना किस परिस्थिति में हुई है यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है! अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि बेनीपट्टी थाना के शाहपुर ग्राम में आदित्य कुमार उम्र 25 वर्ष को रात्रि 3 बजे गोली लगने की सूचना मिलती है। पीड़ित अभी दरभंगा हॉस्पिट में एडमिट है। एफसीएल की टीम एवं डीयू टीम घटना स्थल पर आ रहा है।अभियुक्त शाहपुर गांव का ही रहने वाला है ऐसा बताया जा रहा है

### खरीफ मौसम में फसल लगाने से पूर्व मिट्टी नमूना संग्रहण का काम की शुरूआत


**मधुबनी(एनएसबी)।** जिले के सभी राजस्व गांवों में अगले खरीफ मौसम में फसल लगाने से पूर्व मिट्टी नमूना संग्रहण का काम की शुरूआत कर दिया गया है। जिला सहायक निदेशक रसायनज्ञ ने सभी प्रखंडों के कृषि पदाधिकारी, समन्वयक, बीटीएम, एटीएम एवं किसान सलाहकारों को फसल कटाई के बाद खेतों में जाकर मिट्टी नमूना संग्रहण का काम शुरू करने का निर्देश दिया है। जिले के 21 प्रखंड के 388 पंचायतों के 1115 राजस्व गांव के 23596 प्लाट में जाकर कृषि कर्मी मिट्टी नमूना संग्रह करेंगे। सहायक निदेशक रसायन अमित कुमार ने बताया कि खरीफ मौसम की फसल लगाने से पूर्व मिट्टी रसायनिक उर्वरक का खेतों में व्यवहार के बारे में कार्बनिक, अकार्बनिक एवं जैव पदार्थों की मात्रा का सोइयल हेल्थ कार्ड किसानों को दिया जाता है। ताकि किसानों लक्ष्य आधारित उपज प्राप्त हो सके। कृषि समन्वयक किसान सलाहकार एवं किसान स्वयं संयुक्त कृषि कार्यालय महिनाथपुर रामपट्टी में स्थापित आधुनिक मिट्टी जांच के रसायनिक प्रयोगशाला में मिट्टी नमूना जमा करेंगे। जिला मिट्टी जांच रसायनज्ञ सह उप निदेशक ने सभी प्रखंडों को राजस्व ग्राम वार लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। मिट्टी नमूना संग्रह में हरेक राजस्व गांव से एक किसान के एक खेत को कंट्रोल प्लाट निर्धारित करेंगे। कंट्रोल प्लाट में खाद,बीज एवं कीटनाशक सहित इनपुट शत प्रतिशत अनुदान पर दिया जाएगा। जैविक व प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को चिन्हित कर खाश तरह का खेती से जुड़े इनपुट दिया जाएगा। विगत रबी सीजन में एक हजार से अधिक कंट्रोल प्लाट में आधुनिक तकनीकी से खेती किया गया था। खेतों के मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने एवं संतुलित रखने तथा लम्बे समय तक टिकाऊ खेती किसान करते रहेंगे इस तरह का किसानों को खाश प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राकृतिक व नेसर्गिक खेती से मिट्टी की संरचना में सुधार तथा मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा वृद्धि के साथ गुणवत्तापूर्ण फसल की पैदावार भी बेहतर होता है।

### निजी स्कूलों के शोषण-लूट के खिलाफ विरोध मार्च 5 अप्रैल को : सुरेंद्र प्रसाद सिंह

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** किताब, कॉपी, टाई, बेल्ट, डायरी, ड्रेस, टेस्ट, प्रमोशन और री-एडमिशन आदि के नाम पर स्कूल संचालकों द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों से कथित शोषण और लूट के विरोध में नागरिक समाज के बैनर तले विरोध मार्च/सभा का आयोजन किया जाएगा। उक्त निर्णय शनिवार को विवेक -विहार मुहल्ला में संयोजक सेवानिवृत्त सैनिक रामबली सिंह की अध्यक्षता एवं समाजिक सह मानवाधिकार कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद सिंह के संचालन में आयोजित नागरिक समाज की बैठक में लिया गया। यह कार्यक्रम 5 अप्रैल 2026 को शाम 4:30 बजे से स्टेडियम गोलंबर, समस्तीपुर में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि, निजी स्कूलों द्वारा विभिन्न मदों में अनावश्यक शुल्क वसूली से आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जिससे लोगों का न केवल बजट गड़बड़ा रहा है बल्कि गरीब व माध्यम वर्ग निजी विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने में असहज महसूस कर रहे हैं। इसीलिए यह आंदोलन किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगे और व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।

### पूर्व विधायक ने किया निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने शनिवार को समस्तीपुर प्रखंड के हकीमाबाद पंचायत में बूढ़ी गंडक नदी के राज घाट पर निमार्णाधीन पुल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल रखने, निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय पर निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होने बताया कि, 22



मार्च 2022 को बिहार विधानसभा में हकीमाबाद में बूढ़ी गंडक नदी पर पुल बनाने की मांग किया था तथा दर्जनों बार इस सम्बन्ध में पत्राचार किया। दर्जनाधिक बार इस संबंध में मुख्यमंत्री तथा तत्कालीन विभागीय मंत्री से मिल कर आग्रह भी किया। तब जा कर इस क्षेत्र की यह चिरप्रतिक्षित मांग पूर्ण हो सकी है। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, जिला महासचिव मोड्ड परवेज आलम, महासचिव राकेश कुशवाहा, ट्रेड यूनियन नेता संतोष कुशवाहा उर्फ निराला आदि मौजूद थे '

# ज्योतिष शास्त्र प्राचीन काल व आधुनिक युग के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदन रखता है : ज्योतिष शास्त्र

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला मुख्यलय स्थित नगर भवन में शानिवर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन का भव्य आगाज किया गया। अवसर पर ज्योतिष शास्त्र के देश भर से आये विशिष्ट विद्वानों ने अपना मंतव्य व्यक्त किया। कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वाविद्यालय दरभंगा के कुलपति डा. लक्ष्मी निवास पांडे तिरुपति विश्वाविद्यालय के पूर्व कुलपति डा राधाकांत ठाकुर ज्योतिषाचार्य डॉ सुनील श्रीवतास्तव डा अवधेश पांडे साहित कई विशिष्ट लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। विशिष्ट विद्वानों की वक्ताव्य में स्पष्ट किया गया कि ज्योतिष शास्त्र प्राचीन काल व आधुनिक युग के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदन रखता है। युवा वर्गों में बेरोजगारी की समाप्ति के लिए ज्योतिष का ज्ञान,वास्तु गणना, अंकगणित ज्योतिष, औरा ज्ञान का वस्तविक शिक्षण प्रभावी सिद्ध हो सकता है। वर्तमान केंद्रीय सरकर द्वारा सनातन धर्म को स्थापित करने के लिए ढेर सरे प्रयास जरी हैं।संस्कृत शास्त्र से सांस्कृतिक वैभव को अक्षुण्ण रखने का







कार्यक्रम को दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते ज्योतिष गण, कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

प्रभावशील कार्य केंद्र सरकार द्वारा जारी बताया। मधुबनी जिला में इस कार्यक्रम का आगाज 24 वर्ष के बाद हुआ है।ज्योतिषाचार्य डा सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपने संस्थान के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सनातन महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक डॉ सुनील श्रीवतास्तव ने बताया की कार्यक्रम में पंजाब हरियाणा दिल्ली उत्तर प्रदेश हिमाचल प्रदेश छत्तीसगढ़ उत्तराखंड कर्नाटक तामिलनाडु आदि प्रदेशों से विशिष्ट ज्योतिषों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित इन विद्वानों का वक्तव्य प्रभावी सिद्ध होगा। कार्यक्रम की शुरूआत में पंडितों व वक्ताओं ने ज्योति शास्त्र के मूल आयाम को दशार्ते हुऐ इसकी शास्त्रीय महता पर प्रकाश डाला। संस्कृत विश्वाविद्यालय तिरुपति के पूर्व कुलपति डा राधाकांत ठाकुर ने बताया की ज्योतिष शास्त्र की अध्ययन और उसके अनुशरण से जीवन यापन व सामान्य जीवन में किसी प्रकार की कोई भी विकार तथा समस्याओं का सरा सहज सरल निदान आज भी संभव है।पूर्व कुलपति डा रामचन्द्र झा ने कहा कि प्राचीन काल में ज्योतिष शास्त्र की महत्ता के अनुसार ही समय काल परिस्थित की गणना की जाती थी। आज भी अक्षांश और देशांतर के मध्यम से ही पत्रिका का निर्माण किया जता है। जिसमें की कुंडली योग आज भी देखने की व्यवस्था है। अवसर पर महिला ज्योतिषाचार्य साहित अंक ज्योतिष हस्तरेखा वीशारद वस्तुविद साहित अन्य विषयों के विख्यात विद्वानों ने अपना वक्तव्य दिया। उत्तर प्रदेश अयोध्या से पहुंचे पंडित अवधेश पांडे ने बताया की राम काव्य की परंपरा में सर्वत्र ज्योतिष शास्त्र की चर्चा का दृष्टान्त निहित है। साथ ही आधुनिक युग में ज्योतिष की ज्ञान के साथ तंत्र की साधना व वास्तविकता की ज्ञान रहने से युवक बेरोजगारी की मार से बच सकता है।डा रामसेवक झा ने कहा कि ज्योतिष शास्त्र की गहण अध्ययन से धन प्राप्त की असीमित साधन हैं।ज्योतिष गणना व कुंडली योग निर्धारित कर पैसे की उपार्जन किए जा सकते हैं। डॉ अवधेश पांडे ने कहा की उत्तर प्रदेश के जिलों में इसकी महत्व आज भी प्रभावित देखे जा सकते हैं।

## बाल संसद के लिए नव चयनित कुल सोलह छात्र -छात्राओं की एक बैठक

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उमवि बेंता ककरघट्टी में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 को लेकर उक्त विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा प्रभारी एचएम सतीश कुमार के देख रेख में बाल संसद का गठन किया गया। इस दौरान बाल संसद के गठन के लिए विद्यालय के शिक्षक अर्जुन दास के नेतृत्व में विद्यालय के नामांकित छात्र-छात्राओं की बाल सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल सभा में समल्लित



स्कूली बच्चे ।

सभी छात्र-छात्राओं को आठ समूहों में बांटकर प्रत्येक समूह से एक छात्र व एक छात्रा का सर्वसम्मति से चयन बाल संसद किया गया। जहां बाल संसद के लिए नव चयनित कुल सोलह छात्र -छात्राओं की एक बैठक किया गया। जहां सर्वसम्मति से वर्ग आठवीं के छात्र प्रतीक कुमार झा को बाल संसद का प्रधानमंत्री तो वहीं वर्ग आठवीं की ही छात्रा शमा प्रवीण को उप प्रधानमंत्री चुना गया। नव चयनित प्रधानमंत्री प्रतीक कुमार झा ने बाल संसद के सदस्यों के बीच विभागों का बंटवारा करते हुए पायल कुमारी शिक्षा मंत्री आलोक कुमार प्रथम उप शिक्षा मंत्री आसमीन खातून को विज्ञान,आलोक कुमार द्वितीय उप विज्ञान,सना प्रवीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता,रोहित कुमार उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता,साहिल कुमार खेल व संस्कृति, शिवानी कुमारी उप खेल व संस्कृति,केशव कुमार मिश्र जल व बागवानी, प्रियांशी कुमारी उप जल व बागवानी,आयुष कुमार मध्याह्न भोजन,कनक प्रिया उप मध्याह्न भोजन , शमी अहमद पुस्तकालय और शाहिन प्रवीण उप पुस्तकालय विभाग के मंत्री के रूप में मनोनीत किये गए।। बाल संसद के प्रधानमंत्री सहित सभी मंत्रियों को प्रभारी प्रधानाध्यापक सतीश कुमार के द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया। वहीं इस दौरान प्रभारी एचएम सतीश कुमार ने कहा कि बाल संसद के द्वारा बंटे गए सभी विभाग के मनोनीत मंत्री के द्वारा अपने अपने विभाग की विकासात्मक कार्य के साथ लगातार समीक्षा बैठक किया जाएगा।

## बेतौन्हा गांव में भीषण आग की घटना एसएसबी जवानों और ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के बेतौन्हा गांव में शुक्रवार देर रात एक भीषण अगलगी की घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। इस हादसे में एक परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि समय रहते सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों और स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता व तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़े हादसे को टाल दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेतौन्हा वार्ड संख्या 8 निवासी जगदीश पासवान के घर में रात करीब 1:35 बजे अचानक आग लग गई। शुरूआती जांच और स्थानीय लोगों के अनुसार, आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बांस एवं फूस (एलिवेस्टर) से बने मवेशी घर तथा दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा सामान निकालने का भी मौका नहीं मिल सका।



आग से जला घर।

इस अगलगी की घटना में तीन भैंस गंभीर रूप से झुलस गईं, जिनका इलाज स्थानीय पशु चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। वहीं, घर में खड़ी तीन मोटरसाइकिल और चार साइकिल पूरी तरह जलकर राख हो गईं। इसके अलावा दैनिक उपयोग के कई जरूरी सामान भी आग की भेंट चढ़ गए। अचानक लगी आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए।

## आरटीपीएस काउंटर पर देर रात अज्ञात चोरों ने की चोरी

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आरटीपीएस ( आरटीपीएस ) काउंटर पर शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे महत्वपूर्ण सामानों के साथ आरटीपीएस कर्मी शिवानी कुमारी, जो कार्यपालक सहायक के पद पर कार्यरत हैं, का लैपटॉप चोरी कर लिया। घटना के बाद कार्यालय में सामान बिखरा हुआ पाया गया, जिससे स्पष्ट है कि चोरों ने पूरे कार्यालय की तलाशी ली।शनिवार की सुबह जब कार्यालय कर्मी पहुंचे तो उन्होंने दरवाजे का टूटा हुआ ताला और अंदर बिखरे सामान को देखकर तुरंत इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राजीव कुमार को अवगत कराया गया। सूचना पाकर बीडीओ ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की गंभीरता को समझते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बीडीओ राजीव कुमार ने बताया कि इस प्रकार की घटना प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न करती है, क्योंकि आरटीपीएस काउंटर पर आम जनता के महत्वपूर्ण प्रमाण पत्रों और सेवाओं से जुड़ा कार्य होता है। लैपटॉप चोरी होने से कई जरूरी डाटा के प्रभावित होने की भी आशंका जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए पुलिस को निर्देश दिया गया है।वहीं, जयनगर थाना में इस घटना को लेकर सनहा दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ के साथ-साथ संभावित संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है ताकि चोरों की पहचान हो सके।

# पढ़ाई की उम्र में बच्चे स्कूल से दूर, शहर की गलियों में कचरा चुनने को मजबूर

**जयनगर (एनएसबी)।** सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जयनगर शहर और आसपास के इलाकों में कई ऐसे बच्चे देखने को मिल रहे हैं, जो स्कूल जाने की उम्र में कंधे पर बोरी उठाकर गलियों और मोहल्लों में कचरा बीनने को मजबूर हैं। यह स्थिति न सिर्फ चिंताजनक है, बल्कि समाज और व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है।

सुबह होते ही ये बच्चे शहर के अलग-अलग हिस्सों में निकल पड़ते हैं। हाथ में बोरी लिए वे कूड़े के ढेर से प्लास्टिक, कागज और अन्य कबाड़ इकट्ठा करते नजर आते हैं। दिनभर की मेहनत के बाद जो कुछ मिलता है, उसी से उनके परिवार का चूल्हा जलता है। गरीबी और मजबूरी ने इन बच्चों से उनका बचपन छीन लिया है।स्थानीय लोगों के अनुसार, इन बच्चों के माता-पिता आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं। कई परिवार ऐसे हैं, जिनके पास स्थायी रोजगार नहीं है। ऐसे में बच्चों को भी कमाने के लिए मजबूर होना



बच्चे कचरा चुनते।

पड़ता है। कुछ बच्चों ने कभी स्कूल का मुंह तक नहीं देखा, जबकि कई ऐसे हैं जिन्होंने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी।

सरकार द्वारा चलाए जा रहे ह्यसब पढ़ें, सब बढ़ेंह्व जैसे अभियान इन बच्चों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहे हैं। शिक्षा का अधिकार कानून होने के बावजूद इन बच्चों का स्कूल से दूर रहना कई सवाल खड़े करता है। जरूरत है कि प्रशासन और शिक्षा विभाग ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्कूल से जोड़े और उनके परिवारों को भी आर्थिक सहायता प्रदान करे।समाजसेवियों का कहना है कि सिर्फ सरकारी प्रयास ही काफी नहीं हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को आगे आकर ऐसे बच्चों की मदद करनी होगी। यदि समय रहते इन बच्चों को शिक्षा से नहीं जोड़ा गया, तो उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बहीलबाड़ा ग्रामीण बैंक सीएसपी से दिनदहाड़े 29 हजार रुपए लूटकर भाग रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने 12 किमी दूर पीछाकर किया गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरैया थाना क्षेत्र के बहिलबारा मलंग स्थान चौक स्थित ग्रामीण बैंक सीएसपी से शनिवार को दिनदहाड़े 29 हजार से अधिक की राशि लूटकर भाग रहे बुलेट सवार दो अपराधियों को पुलिस ने 12 किलोमीटर तक पीछा कर घटना के दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अपराधियों के पास से लूट के 29 हजार 300 नगद रुपए, घटना में प्रयोग की गई बुलेट बाइक तथा हथियार बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर एक बुलेट बाईक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधी सरैया थाना क्षेत्र के बहिलबारा मलंग स्थान चौक स्थित ग्रामीण बैंक सीएसपी पहुंचे। अपराधियों ने सीएसपी संचालक धीरेंद्र कुमार व अन्य कर्मियों को हथियार के निशाने पर लेते हुए 29 हजार 300 रुपये व मोबाइल लूटकर वहां से निकलने लगे। इस बीच घटना की भनक लगते ही जब स्थानीय दुकानदार सक्रिय हुए तो अपराधियों ने हवाई फायरिंग की और हथियार लहराते हुए तुर्की की ओर फरार हो गए। वहीं लूट की सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल घेराबंदी का निर्देश दिए जाने पर सरैया थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी प्रसन्ना वी के नेतृत्व में गठित सरैया पुलिस टीम ने अपराधियों के भागने के लोकेशन की मिली जानकारी के आधार पर लुटेरों का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने की भनक लगते ही बुलेट सवार तीनों अपराधी घबराहट में कभी सरैया थाना क्षेत्र तो कभी तुर्की थाना क्षेत्र में भागने लगे। इसी क्रम में लगभग बारह किलोमीटर तक पीछा किए जाने के बाद अंततः पुलिस ने सरैया क्षेत्र में ही तीनो को गिरफ्तार कर लिया।

### एमआईटी कॉलेज के पास बनेगा कियोस्क आधारित स्ट्रीट मार्केट, छोटे कारोबारियों को मिलेगा नया ठिकाना



**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** शहर में युवाओं, और छोटे कारोबारियों के लिए नई सुविधा विकसित करने की दिशा में शनिवार को नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने एमआईटी कॉलेज के समीप कियोस्क आधारित स्ट्रीट मार्केट के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र को व्यवस्थित स्ट्रीट मार्केट के रूप में विकसित किया जाए, जहाँ छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडरों को नियोजित स्थान उपलब्ध कराया जा सके। नगर आयुक्त ने कहा कि एमआईटी कॉलेज के आसपास छात्रों और स्थानीय लोगों की लगातार आवाजाही रहती है। ऐसे में यहाँ कियोस्क आधारित स्ट्रीट मार्केट विकसित होने से क्षेत्र में न केवल सुविधाएँ बढ़ेंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस परियोजना के तहत मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आधुनिक कियोस्क लगाए जाएंगे, जिससे क्षेत्र को व्यवस्थित और आकर्षक स्वरूप दिया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कियोस्क आधारित स्ट्रीट मार्केट के लिए जल्द विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर कार्य प्रारंभ किया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सिकंदरपुर लेकफ्रंट के समीप प्रस्तावित अम्यूजमेंट पार्क के लिए चिन्हित स्थल का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि अम्यूजमेंट पार्क को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया जाए और इसके लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि अम्यूजमेंट पार्क विकसित होने से शहरवासियों को आधुनिक मनोरंजन की सुविधा मिलेगी और यह नया आकर्षण केंद्र बनेगा। साथ ही नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने सिकंदरपुर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और स्टेडियम का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी टीम से सीनियर मैनेजर प्रेम देव शर्मा, मैनेजर (टेक्निकल) शशांक झा तथा पब्लिक एंगेजमेंट ऑफिसर कौशल कुमार सिन्हा उपस्थित थे। अधिकारियों ने नगर आयुक्त को प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किया।

### कुढ़नी में आयोजित बाबा चौहरमल जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तुर्की पंचायत के ऐतिहासिक मेला गाछी में बाबा वीर चौहरमल एकता संघ कुढ़नी द्वारा महान लोकनायक, वीरता, समानता एवं न्याय के प्रतीक बाबा चौहरमल जयंती के अवसर पर शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुढ़नी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता शामिल हुए। समारोह में उन्होंने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों व युवाओं के प्रति इस समारोह के आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बाबा चौहरमल की जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है। बाबा चौहरमल ने समाज में व्याप्त भेदभाव और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और समाज को एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना देवी, शंभू पासवान, मुखिया मनोज राम, चुनचुन राय, मुकेश पासवान, प्रद्युम्न पासवान, लालू पासवान, बिट्टू पासवान, विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान, विनोद दास, रामेश्वर पासवान, संजय पासवान, विपिन पासवान, शंकर पासवान, विभीषण पासवान, आलोक पासवान, सुधीश पासवान, रामलाल पासवान, सुनील पासवान, सुशील कुमार, धर्मेंद्र पासवान, जितेंद्र पासवान, प्रवीण पासवान, शत्रुघ्न पासवान, आर्य पासवान, मनोज पासवान, विवेक कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चमकी बुखार पर सख्त प्रहार की तैयारी के साथ जिले की 373 पंचायतों में संध्या चौपाल की हुई शुरूआत



**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** गर्मी की धमक बढ़ते हीं जिले में चमकी बुखार (एईएस) को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। इसी कड़ी में शनिवार को पूरे जिले में चमकी बुखार की रोकथाम एवं बचाव के लिए व्यापक जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी 373 पंचायतों में प्रतिनियुक्त अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य कार्यक्रम मुशहरी प्रखंड के मनिका बिशनपुर चांद स्थित उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जहां जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, विकास मित्र, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ पूरी तत्परता और सजगता से कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चमकी बुखार जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए प्रशासनिक तत्परता के साथ-साथ जनसहभागिता भी बेहद जरूरी है। जिलाधिकारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी भी बच्चे में चमकी बुखार के लक्षण दिखाई दें, तो बिना किसी देरी के उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में पहुंचाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकारी अस्पतालों में प्रशिक्षित डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद हैं, जिन्हें इस बीमारी के उपचार की पूरी जानकारी दी गई है। साथ ही अस्पतालों में सभी आवश्यक दवाएं, ग्लूकोज एवं चिकित्सा संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

# मुजफ्फरपुर एसएसपी की चेतावनी : क्राइम कंट्रोल नहीं हुआ तो नपेंगे थानेदार, अच्छा प्रदर्शन करने वाले होंगे पुरस्कृत



जिलास्तरीय अपराध समीक्षा बैठक करते एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिले में बेलगाम होते अपराध पर नकेल कसने के लिए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए शनिवार को जिले के सभी डीएसपी और थानेदारों के साथ आयोजित एक महत्वपूर्ण 'क्राइम मीटिंग' में दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन इलाकों में अपराध अनियंत्रित होगा, वहां के थानेदारों पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। एसएसपी ने बैठक के दौरान विशेष रूप से शराबबंदी और 'सूखा नशा' (ड्रग्स) के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी करने वालों को चिह्नित कर उनकी धर-पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाएं। एसएसपी ने जोर देकर कहा कि नशे के कारोबार पर लगाम कसने से ही छोटे और संगठित अपराधों में कमी आएगी, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्राइम मीटिंग के दौरान उन थानों की सूची भी खंगाली गई जहां आपराधिक ग्राफ बढ़ा है। एसएसपी ने पाया कि कई क्षेत्रों में आपराधिक घटनाएं तो बढ़ी हैं, लेकिन दर्ज कांडों के निष्पादन की गति अत्यंत धीमी है। इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कई थानेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि पुराने लंबित मामलों का निपटारा जल्द से जल्द करें और फरार वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। सुरक्षा और जांच के अलावा, एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने 'कम्युनिटी पुलिसिंग' पर भी बल दिया। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि थानों में आने वाले आम फरियादियों के साथ शालीन और मर्यादित व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि जनता के बीच तभी सुधरेगी जब लोगों की शिकायतों पर त्वरित और न्यायपूर्ण कार्रवाई होगी। थानों में दलालों की मौजूदगी को खत्म करने और पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने पर भी विशेष चर्चा की गई। अंत में एसएसपी ने सभी डीएसपी को अपने-अपने अनुमंडल में थानों की कार्यशैली की नियमित निगरानी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अब प्रो-एक्टिव मोड में रहेगी और गश्त की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर पुलिस की इस नई रणनीति से अपराधियों में खौफ पैदा होगा और आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव तथा पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

## 'दिल विदाउट बिल' अभियान के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से जिले के 25 हृदयरोग से पीड़ित बच्चों को मिलेगा जीवनदान

**जिले के ग्यारह प्रखंडो के हृदयरोग पीड़ित बच्चों को उनके परिजनों के साथ लेकर पटना रवाना हुई आरबीएसके की टीम, अहमदाबाद के विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच**



हृदयरोग से पीड़ित बच्चे को लेकर इलाज के लिए पटना जाने की तैयारी में परिजन।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के उन गरीब परिवारों के लिए शनिवार का दिन खुशियों की नई सौगात लेकर आया, जिनके बच्चे जन्मजात हृदय रोग (दिल में छेद) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर के 11 अलग-अलग प्रखंडों से चिन्हित 25 बच्चों को बेहतर इलाज और विस्तृत जांच के लिए आईजीआईसी व पीएमसीएच पटना भेजा गया। 'दिल विदाउट बिल' के संकल्प के साथ स्वास्थ्य विभाग की यह मुहिम उन परिवारों के लिए सहारा बनी है, जो महंगे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ थे। इस बड़े मिशन को धरातल पर उतारने में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम, स्वास्थ्य विभाग के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों का विशेष योगदान रहा है। डीपीएम रेहान अशरफ ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की दिन-रात की मेहनत और स्क्रीनिंग प्रक्रिया के कारण ही इतने कम समय में 11 प्रखंडो से इन बच्चों को चिन्हित कर सरकारी लाभ पहुँचाना संभव हो पाया है। अधिकारियों ने बताया कि इन बच्चों की जांच श्री सत्य साईं हृदय अस्पताल, अहमदाबाद से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा पटना स्थित आईजीआईसी कैंप में की जा रही है। जांच के बाद जिन बच्चों को सर्जरी की जरूरत होगी, उन्हें निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। शनिवार की सुबह मुजफ्फरपुर के विभिन्न प्रखंडों से आए इन 25 मासूमों और उनके परिजनों को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सुरक्षित पटना के लिए रवाना किया गया। इस दौरान आरबीएसके टीम के सदस्यों ने बच्चों और उनके अभिभावकों का हौसला बढ़ाया। परिजनों ने भावुक होकर बताया कि प्राइवेट अस्पतालों में हृदय रोग के इलाज का खर्च लाखों में बताया गया था, लेकिन आरबीएसके और सरकारी कर्मियों के सक्रिय प्रयास से अब उनके बच्चों को नया जीवन मिलने की उम्मीद बनी है। आरबीएसके डीसी प्रशांत कुमार का कहना है कि विभाग की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य के साथ स्वास्थ्य विभाग और आरबीएसके के कर्मी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बीमार बच्चों की पहचान कर उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिलाने में लगे हैं।

## युद्ध विरोधी शांति मार्च के साथ भाकपा माले के 11 वें जिला सम्मेलन की हुई शुरूआत



**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** भाकपा माले के 11 वें जिला सम्मेलन की शुरूआत शनिवार की शाम राम मनोहर स्मारक कॉलेज में हुई। इसके पूर्व किरण विवाह भवन से युद्ध विरोधी शांति मार्च निकाला गया और अमेरिका -इजरायल द्वारा इरान पर हमले को खत्म करने के साथ शांति की मांग की गयी। साथ हीं 10वें जिला सम्मेलन से अबतक पार्टी और देश के वामपंथी और जनवादी आंदोलनों तथा खाड़ी युद्ध में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी तथा एक मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भाकपा माले पॉलित ब्यूरो सदस्य व ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी ने कहा कि अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए अमेरिका और इजरायल ने इरान पर हमला किया है। इस युद्ध से पूरा अरब जगत और विश्व प्रभावित हो रहा है। भारत की सरकार इसे रोकने के लिए ठोस कूटनीतिक प्रयास नहीं कर रही है। गैस की किल्लत हो गयी है, लाखों भारतीय खाड़ी देशों में फंसे हैं। बिहार में नीतीश कुमार के हाथ में अब नाममात्र की सरकार रह गई है। भाजपा के नियंत्रण में गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाया जा रहा है, अपराध में वृद्धि हुई है, महिलाओं पर हमले बढ़े हैं,पलायन जारी है, स्वास्थ्य व शिक्षा की स्थिति खराब हो रही है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सम्मेलन के पर्यवेक्षक, पार्टी की केन्द्रीय कमिटी सदस्य व राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मंजू प्रकाश ने कहा कि सरकार कम्युनिस्टों के खात्मे की बात करती है। कम्युनिस्ट इस देश के गरीबों, मजदूरों, मेहनतकशों के जीवन में बदलाव की लड़ाई लड़ती है और इस देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने बहुत कुबार्नी दी है। सम्मेलन को डॉ नंदकिशोर नंदन, समाजवादी शाहिद कमाल, प्रोफेसर अबुजर कमालुद्दीन, वामपंथियों की मित्र और पूर्व बैंक अधिकारी मनीषा दत्ता, रमेश ऋतंभर, कुमार विरल, सोनेलाल पासवान सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

## पहली बार कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के मुजफ्फरपुर पहुंचने पर सर्किट हाउस में एनडीए के विधायकों



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पटना से गरहां जाने के क्रम में शनिवार को कुछ देर के लिए स्थानीय सर्किट हाउस में रुके राज्य के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव के मंत्री के रूप में पहली बार मुजफ्फरपुर आगमन पर एनडीए के विधायकों व कार्यकताओं द्वारा सर्किट हाउस में भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस मौके पर एनडीए व भाजपा कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कृषि मंत्री के सर्किट हाउस पहुंचते ही मुजफ्फरपुर जिला पूर्वी व पश्चिमी के कार्यकताओं ने भाजपा के दोनों जिलाध्यक्ष विवेक कुमार व हरिमोहन चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में कृषि मंत्री को फूल-माला, अंग वस्त्र और बुके भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत व अभिनंदन समारोह में जिले के कई दिग्गज नेताओं के साथ साथ कांटी के विधायक अजीत कुमार, मीनापुर विधायक अजय कुशवाहा, सकरा विधायक आदित्य चौधरी, भाजपा पूर्वी जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार झा, महामंत्री मुकेश शर्मा, मनोज तिवारी, रवि शंकर कुशवाहा, अरविंद कुमार सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनालिसा, सुरेश कुमार, फेकू राम सहित बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके पश्चात कृषि मंत्री एक निजी आयोजन में भाग लेने गरहा के लिए प्रस्थान कर गए।

## कपरपुरा रेलवे गुमटी को लेकर कांटी विधायक के साथ डीआरएम से मिला विधायकों का प्रतिनिधिमंडल



**कपरपुरा रेलवे गुमटी 107 पर समाधान का निकला रास्ता, 10 करोड़ की लागत से बनेगा अंडरपास**

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र के कपरपुरा स्थित रेलवे गुमटी संख्या 107 को बंद किए जाने से उत्पन्न समस्या के बीच अब समाधान की उम्मीद जगी है। इस मुद्दे को लेकर विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर के डीआरएम से मुलाकात कर गुमटी को अविलंब खोलने या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस मौके पर विधायकों ने समस्या से संबंधित डीआरएम को एक ज्ञापन भी सौपा। सौपे गए ज्ञापन में बिना किसी पूर्व सूचना या वैकल्पिक व्यवस्था के रेल प्रशासन द्वारा गुमटी बंद कर दिए जाने से उत्पन्न हुई आमलोगों के आवागमन की समस्या का उल्लेख करते हुए बताया गया कि यह मार्ग मोतिपुर, मीनापुर और साहेबगंज को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है, जिस पर प्रतिदिन हजारों लोग निर्भर हैं। गुमटी बंद होने से मरीजों, छात्रों, किसानों और आम राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निर्णय से पहले स्थानीय जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से कोई राय नहीं ली गई। ज्ञापन के आलोक में डीआरएम और प्रतिनिधि मंडल के साथ हुई वार्ता के संबंध में कांटी विधायक अजीत कुमार ने बताया कि डीआरएम ने आश्वस्त किया है कि लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से यहां अंडरपास का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। वही अंडर पास बनने से पूर्व लोगों का आवागमन सामान्य बनाने के लिए 15 दिनों के अंदर रेल प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि अंडरपास बनने से क्षेत्र के लोगों को स्थायी राहत मिलेगी। इस प्रतिनिधिमंडल में कांटी विधायक अजीत कुमार के अलावा नगर विधायक रंजन कुमार, बोचहा विधायक बेबी कुमारी, सकरा विधायक आदित्य कुमार एवं मीनापुर विधायक अजय कुमार शामिल थे।

# सरकार की फ्री रेफरल ट्रांसपोर्ट सेवा के तहत एचआरपी और एईएस के लिए 'लाइफलाइन' बन रही एम्बुलेंस सेवा




गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए तैयार एम्बुलेंस सेवा।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के दिशा-निर्देशन में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था अब ग्रामीण अंचलों में हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) और एईएस (चमकी बुखार) जैसी गंभीर चुनौतियों के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच तैयार हो चुकी है। मुजफ्फरपुर की 76 सरकारी एम्बुलेंस सेवा अब केवल मरीजों को ढोने का माध्यम नहीं, बल्कि विषम परिस्थितियों में फंसी गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए 'वरदान' साबित हो रही है। '102' डायल करते ही सुदूर पंचायतों तक पहुँच रही यह निःशुल्क सेवा मातृ मृत्यु दर को कम करने और एईएस के विरुद्ध छिड़ी जंग में सबसे बड़ा हथियार बनकर उभरी है। विगत दो महीनों के आंकड़े इसकी सफलता की कहानी खुद बयां कर रहे हैं, जहाँ फरवरी में 6730 और मार्च में 5832 लोगों को जीवन रक्षक निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई।

स्वास्थ्य विभाग का मुख्य फोकस मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में प्रभावी कमी लाना है। इसके लिए सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र से प्रतिदिन कम से कम एक हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाली माता की पहचान करें। सिविल सर्जन डॉ. सुधीर कुमार ने इस संबंध में बताया कि "हमारा प्राथमिक उद्देश्य प्रसव के दौरान होने वाली मृत्यु को शून्य पर लाना है। इसके लिए एम्बुलेंस सेवा को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी एचआरपी माता को ससमय 'हायर सेंटर' शिफ्ट किया जा सके।" प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, बीसीएम और बीएचएम को पंचायत स्तर पर इस सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप और एईएस (चमकी बुखार) के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग 'हाई अलर्ट' मोड पर है। सभी 76 एम्बुलेंसों की सतत निगरानी की जा रही है ताकि वे ऑक्सीजन, जरूरी दवाओं और जीवन रक्षक उपकरणों से हमेशा लैस रहें। विभाग का लक्ष्य स्पष्ट है, एईएस के लक्षण वाले किसी भी बच्चे को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर अस्पताल पहुँचाकर उसे त्वरित उपचार देना। सीएस ने बताया कि जिले के हर प्रखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का विकेंद्रीकरण करते हुए औसतन 4 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) रेहान अशरफ ने कहा कि "फरवरी और मार्च के आंकड़ों में एम्बुलेंस सेवाओं का बेहतर उपयोग दिखा है। अब हम प्रति एम्बुलेंस प्रतिदिन 6 लाभुकों को सेवा देने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। स्टेट लेवल से भी इसकी निरंतर समीक्षा हो रही है ताकि सेवा पूरी तरह पारदर्शी और निःशुल्क रहे।" वर्तमान में एसकेएमसीएच में 8 और जिला अस्पताल में 4 एम्बुलेंस विशेष रूप से मुस्तैद हैं। यह पूरी 'फ्री रेफरल ट्रांसपोर्ट सेवा' सरकार की ओर से पूर्णतः निःशुल्क है। किसी भी आपात स्थिति में 102 पर कॉल कर यह सुविधा ली जा सकती है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वृद्धजनों और गर्भवती महिलाओं के लिए संबल बनी हुई है।

# प्रीटर्म शिशुओं की देखभाल को लेकर डॉक्टरों को मिला प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों पर हुआ मंथन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं की बेहतर देखभाल और उनकी मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट अधुना के तहत सीपीडी 2.0 प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें जिले के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को प्रीटर्म शिशुओं के इलाज व देखभाल की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज ऑफ इंडिया (फोगसी) 2026 के प्रेसिडेंट डॉ. भास्कर पाल और प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. जयदीप टैंक ने किया। सीतामढ़ी ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से शहर के एक निजी होटल में आयोजित इस सत्र में करीब 40 डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी व अन्य।

प्रशिक्षण के दौरान कंटीन्यूअम ऑफ केयर मॉडल पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि गर्भावस्था से लेकर प्रसव और नवजात देखभाल तक निरंतर निगरानी और सही समय पर हस्तक्षेप से प्रीटर्म शिशुओं की जान बचाई जा सकती है। एंटिनेटल जांच, जोखिम आकलन, सर्वाइकल लेंथ स्क्रीनिंग और साक्ष्य-आधारित उपचार जैसे कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स, टोकॉलाइटिक्स व मैग्नीशियम सल्फेट के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई।

सत्र में प्रीटर्म डिलीवरी के दौरान लेबर मैनेजमेंट, भ्रूण की निगरानी, डिलेयड कॉर्ड क्लैम्पिंग और सुरक्षित प्रसव की तैयारियों पर चर्चा हुई। प्रसव के बाद शिशु और मां की देखभाल, स्तनपान, मातृ मानसिक स्वास्थ्य और संक्रमण से बचाव के उपायों पर भी जोर दिया गया। नवजात देखभाल से जुड़े सत्र में रिससिटेशन, थर्मल केयर, फीडिंग प्रबंधन के साथ कंगारू मदर केयर (केएमसी), एमएनसीयू मॉडल और पोर्टेबल सीपैप जैसी आधुनिक सुविधाओं के उपयोग की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष डॉ. अंजु सिंह, सचिव डॉ. लता गुप्ता, डॉ. रेणु चटर्जी, डॉ. नीना रमन यादव, डॉ. सुधा झा, डॉ. मधु सिंह, डॉ. सोनी कुमारी, डॉ. रेणु सिंह, डॉ. असाफा खान, डॉ. निर्मल गुप्ता, डॉ. सीताराम सिंह, डॉ. संजय कुमार समेत कई चिकित्सक मौजूद थे।

विशेषज्ञों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और प्रीटर्म शिशुओं की मृत्यु दर में कमी आएगी।

# सीतामढ़ी महोत्सव में मिलेगा लोकल कलाकारों को मौका

## स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में आयोजित होने वाले सीतामढ़ी महोत्सव-2026 को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। महोत्सव का आयोजन 25 एवं 26 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। इसको लेकर अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सीतामढ़ी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जारी सूचना के अनुसार, गायन एवं नृत्य प्रस्तुति में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय कलाकार 17 अप्रैल 2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक जिला सामान्य शाखा, सीतामढ़ी में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

आवेदन प्राप्त होने के बाद कलाकारों के चयन के लिए 18 अप्रैल 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से

**17 अप्रैल तक मौका, सभी आवेदकों को अपनी कला का प्रदर्शन करना अनिवार्य**

समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में स्क्रीनिंग की जाएगी। इस दौरान सभी आवेदकों को अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करना अनिवार्य होगा।

प्रशासन की ओर से कहा गया है कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच मिल सके। कलाकारों से समय पर आवेदन करने और निर्धारित तिथि पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।

महोत्सव को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है और स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा अवसर मिलने जा रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### गर्मी का असर : 6 अप्रैल से सुबह की पाली में चलेंगे सभी विद्यालय

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बढ़ती गर्मी के कारण जिले के सभी सरकारी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग के निर्देश पर सोमवार, 6 अप्रैल से सभी विद्यालय मॉर्निंग शिफ्ट में संचालित होंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने आदेश जारी किया है। नई व्यवस्था के तहत स्कूल सुबह 6:30 बजे से शुरू होंगे और दोपहर 12:20 बजे तक कक्षाएं चलेंगी। शिक्षकों को 12:30 बजे तक विद्यालय में मौजूद रहना होगा। समय-सारिणी के अनुसार सुबह 7 बजे तक प्रार्थना व चेतना सत्र होगा। इसके बाद 7:00 से 7:40 बजे तक पहली, 7:40 से 8:20 तक दूसरी और 8:20 से 9:00 बजे तक तीसरी कक्षा चलेगी। 9:00 से 9:40 बजे तक मध्यान्तर रहेगा, जिसमें प्रारंभिक स्कूलों में मध्याह्न भोजन कराया जाएगा। मध्यान्तर के बाद 9:40 से 10:20 बजे तक चौथी, 10:20 से 11:00 बजे तक पांचवीं, 11:00 से 11:40 बजे तक छठी और 11:40 से 12:20 बजे तक सातवीं कक्षा संचालित होगी। इसके बाद स्कूल की छुट्टी कर दी जाएगी। छुट्टी के बाद 10 मिनट तक शिक्षकों द्वारा पढ़ाई की समीक्षा और अगले दिन की तैयारी की जाएगी। विभाग ने सभी स्कूलों को नई व्यवस्था का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।

### बैरगनिया थानाध्यक्ष के रूप में अरविन्द कुमार गिरी ने दिया योगदान



**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बैरगनिया थानाध्यक्ष के रूप में अरविन्द कुमार गिरी ने शनिवार को योगदान कर लिया है।श्री गिरी ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के शराब कारोबारी धंधा बंद कर दे अन्यथा उनकी खैर नहीं है, अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधी चेत जाए वरना जेल जाने को तैयार रहे। उन्होंने थाना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बिचौलिए की कोई जगह यहां नहीं होगी। पीड़ित सीधे ओडी ऑफिसर या थानाध्यक्ष से मिले,उनकी सुनी भी जाएगी और समाधान भी होगा। आम जनता से पुलिस को सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में साथ दे पुलिस आपकी सेवा में 24 घण्टे ततपर मिलेगी। अपराध नियंत्रण, गश्ती व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नये थानाध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि अब क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

### जिला स्तरीय 13वीं विक्रम ट्राफी के फाइनल में पहुंची आजाद किकेट क्लब घोघराहा की टीम

**बथनाहा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बबलू पटेल पुस्तकालय घोघराहा के तत्वावधान में स्व. बबलू पटेल के स्मृति में जिला स्तरीय 13वीं विक्रम ट्राफी 2026 का दुसरे सेमीफाइनल फाइनल का मैच 11 स्टार क्रिकेट कलब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रविन्द्र गुप्ता के 37 रन के मदद से 19.3 गेंद में 147 रन पर आल आउट हो गयी। लक्ष्य के पीछा करते हुए आशुतोष पटेल



2 रोहित यादव 3 विकेट दिए। आजाद किकेट क्लब घोघराहा के बल्लेबाज चन्दन पटेल के 86 रन एवं बिक्की शर्मा के 26 रन के मदद 9 विकेट से जीता। मैच घोघराहा गोट में स्थित सोना ईट उद्योग के खेल मैदान में आयोजित हो रही है। मैच में मेन आफ द मैच चंदन पटेल रहे। खिलाड़ी को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र चंद्रवंशी प्रखंड प्रमुख रतन शर्मा, जिला परिषद क्षेत्र संख्या 18 के प्रतिनिधि सुनील शर्मा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर रवि शर्मा, मनोज कुशवाहा, मोदी यादव, मुन्ना यादव राहुल झा रामदयाल प्रसाद यादव अन्य हजारों दर्शक मौजूद थे। फाइनल मैच 5 अप्रैल 2026 को रविवार के दिन नाइट में घोघराहा एवं छोरहिया टीम के बीच खेला जाएगा।

**आज नाइट में होगा घोघराहा और छौराहिया के बीच फाइनल मुकाबला**

### मुजफ्फरपुर के यूपीएससी टॉपर राघव झुनझुनवाला से 'रूबरू' होंगे शहरवासी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मारवाड़ी समाज, मुजफ्फरपुर की ओर से रविवार, 5 अप्रैल 2026 को दोपहर 3 बजे से एक विशेष संवाद और सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यूपीएससी 2025 में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 4 हासिल करने वाले राघव झुनझुनवाला होंगे।


राघव झुनझुनवाला।

उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद जवाहरलाल रोड, मुजफ्फरपुर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और 'सीखने के नए द्वार' खोलना है। कार्यक्रम में राघव झुनझुनवाला अपने अनुभव साझा करेंगे और उपस्थित लोगों से संवाद करेंगे। इस आयोजन के मुख्य आयोजकों में उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद, मारवाड़ी समाज की विभिन्न शाखाएं, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन और मारवाड़ी युवा मंच शामिल हैं। आयोजकों ने शहर के प्रबुद्ध जनों और छात्रों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

**सम्मान समारोह आज**

सीतामढ़ी की खबरें पेज तीन व 14 पर भी देखें

# सीतामढ़ी कांग्रेस को मिली नई ऊर्जा, पूर्व विधायक अमित कुमार 'टुन्ना' बने जिलाध्यक्ष

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** कांग्रेस पार्टी ने सीतामढ़ी जिले में संगठन को सशक्त और गतिशील बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वरिष्ठ नेता एवं रीगा के पूर्व विधायक अमित कुमार 'टुन्ना' को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के सौंपे जाने के बाद जिले के राजनीतिक गलियारों में उत्साह का माहौल है।


### विस्तृत अनुभव और सांगठनिक पकड़

स्वर्गीय राजेंद्र सिंह के पुत्र और रीगा के ग्राम सोनार निवासी अमित कुमार 'टुन्ना' का राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ था। एनएसयूआई से लेकर बिहार युवा कांग्रेस के सचिव और रीगा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने लंबे समय तक कार्य किया है।

अमित 'टुन्ना' के पास व्यापक अनुभव है। वे बीपीसीसी के प्रवक्ता, जिला कांग्रेस कमेटी के समन्वयक और बीपीसीसी के निर्वाचित प्रतिनिधि रहे हैं। साथ ही, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पंजाब, असम, झारखंड और उत्तराखंड जैसे राज्यों में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर उन्होंने पार्टी संगठन में अपनी पहचान बनाई है। 2015 में रीगा विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद से ही वे लगातार सक्रिय हैं।

### वैचारिक मजबूती और संगठन का लक्ष्य

नवनियुक्त अध्यक्ष ने पार्टी की मूल विचारधारा—सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और समावेशी विकास—को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य समाज के गरीब,


अमित कुमार टुन्ना।

किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया है।

### स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं में हर्ष

अमित 'टुन्ना' को यह दायित्व मिलने पर कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की है। स्थानीय नेताओं का मानना है कि पिछले 25 वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे 'टुन्ना' का अनुभव सीतामढ़ी में कांग्रेस को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल और बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के प्रति आभार प्रकट किया गया है। बधाई देने वालों में मो. आफाक खां, सीताराम झा, डॉ. राजीव कुमार काजू, रामू मिश्रा, रितेश रमन सिंह, संदीप पाठक, बिपिन झा, प्रमोद नील, इंजीनियर नवीन, रामबाबू सिंह, अर्जुन खिरहर, सुभाष यादव, शम्स शाहनवाज, आंजारूल हक, संजय विररख, नितेश मिश्रा, घनश्याम मिश्रा, ताराकांत झा, मोनी गुप्ता, आलोक राठौर, सीता प्रसाद, विनय मिश्रा, रितु देवी, चांदनी देवी, सुप्रिया कुमारी, स्वर्ण सुगंध, आफताब अंजुम बिहारी, संजय राम, प्रो. धीरज मिश्रा, गुड्डू यादव, आलोक सिंह, रौशन झा, जुगल महतो, धीरज पटेल व मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, श्री 'टुन्ना' वर्तमान में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रभारी के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। वहां से लौटने के उपरांत निवर्तमान अध्यक्ष रकटु प्रसाद के मार्गदर्शन में एक विशेष समारोह आयोजित कर उन्हें जिला कांग्रेस की कमान आधिकारिक रूप से सौंपी जाएगी।

# सुगौली में आयोजित राज्यस्तरीय कैडेट भारोत्तोलन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सीतामढ़ी में किया गया सम्मानित


विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते ट्रैफिक डीएसपी व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सुगौली में आयोजित राज्यस्तरीय कैडेट भारोत्तोलन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीतामढ़ी के खिलाड़ियों को सम्मान समारोह में मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक डीएसपी दीपक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

सम्मानित खिलाड़ियों में अर्णव कुमार, परिनेती परी, आयुष राज, सिद्धि श्रीवास्तव और अधर हुसैन शामिल हैं, जिन्होंने राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। इस मौके पर डीएसपी दीपक कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास सिखाता है, जो सफलता के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धि को जिले के लिए गर्व की बात बताते हुए इसे उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया।

वहीं, सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। संघ का प्रयास है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएं।उन्होंने बताया कि नियमित प्रशिक्षण और कोचों के मार्गदर्शन से आने वाले समय में और बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। साथ ही अभिभावकों से बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान संघ के सचिव सतीश यादव, सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर जीवन लता, राष्ट्रीय रेफरी अरविन्द कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच विश्वजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता विशाल कुमार ने जाना जनमानस का हाल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भाजपा नेता व पूर्व मेयर प्रत्याशी विशाल कुमार ने शनिवार को भवदेपुर वार्ड संख्या 1 में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों और कार्यकताओं से संवाद कर क्षेत्र की वस्तुस्थिति जानी और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

जनसंपर्क के दौरान निवासियों ने अपनी चिंताएं साझा करते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा लागू किए गए होल्डिंग टैक्स की वर्तमान दरें काफी अधिक हैं,

क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना का विषय भी सामने आया। पात्र गरीब और जरूरतमंद परिवारों ने अब तक आवास का लाभ न मिल पाने की स्थिति से भाजपा नेता को अवगत कराया, जिस पर लोगों ने चिंता व्यक्त की। समस्याएं सुनने के बाद भाजपा नेता विशाल कुमार ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि, "स्थानीय निवासियों की समस्याओं, विशेषकर टैक्स के बोझ और बुनियादी सुविधाओं की कमी को वे


जनसंपर्क अभियान में शामिल भाजपा नेता व स्थानीय लोग।

जिससे मध्यम और गरीब वर्गीय परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से इन दरों पर पुनर्वैचारिक करने और जनहित में उचित निर्णय लेने की अपील की। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, टूटे हुए नालों और जर्जर स्लैब के कारण आम लोगों को हो रही परेशानियों को भी प्रमुखता से रखा गया। निवासियों ने बुनियादी सुविधाओं के बेहतर रखरखाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

संबंधित विभागीय अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखेंगे।"

इस दौरान सुरेंद्र पासवान, रामप्रवेश पासवान, श्रीभगवान जी, अंकित कुमार, सन्नी पासवान, मिट्ठू पासवान, गौतम कुमार, सोनू कुमार, विपिन कुमार, शत्रुघ्न पासवान, कुंदन पासवान, सूरज कुमार, कमल पासवान, चंदन शर्मा, नागेंद्र पासवान, केदार पासवान, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, आशीष शराफ सहित कई स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# सीतामढ़ी में एलपीजी की कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें : डीएसओ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस की कथित कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं तक नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि डीएम रिची पांडेय के निर्देश पर गैस वितरण प्रणाली की लगातार निगरानी की जा रही है। कालाबाजारी, जमाखोरी या किसी भी तरह की अनियमितता पाए



जानकारी देते डीएसओ।

जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, जिले में 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता 19,427 है, जबकि प्रतिदिन औसत मांग करीब 13,500 सिलेंडरों की है। इससे स्पष्ट है कि आपूर्ति मांग से अधिक है। वहीं 19 किलो वाले व्यावसायिक सिलेंडरों की संख्या 238 बताई गई है। जिले में कुल 63 गैस एजेंसियां सक्रिय हैं, जिनमें भारत गैस की 12, हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 16 और इंडियन ऑयल की 35 एजेंसियां शामिल हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है।

# मुजफ्फरपुर में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, घबराएं नहीं

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में रसोई गैस (एलपीजी) की उपलब्धता को लेकर शनिवार को प्रशासन की ओर से प्रेस वार्ता कर ताजा स्थिति साझा की गई। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू और व्यावसायिक दोनों श्रेणी में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

जिला जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जिले में इंडियन ऑयल (आईओसीएल ), हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल ) और भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल ) की कुल 91 एजेंसियां कार्यरत हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 19,793 सिलेंडरों की बिक्री हो रही है। वर्तमान में 25,842 भरे हुए सिलेंडर उपलब्ध हैं, जबकि 19,784 सिलेंडर ट्रांजिट में हैं। वहीं व्यावसायिक गैस की बात करें तो जिले में कुल 92 एजेंसियां सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन 431.3 सिलेंडरों की औसत बिक्री हो रही है। इस श्रेणी में 1,142 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं और ट्रांजिट में कोई सिलेंडर लंबित नहीं है।

**प्रशासन ने जारी किया स्टॉक व वितरण का अपडेट**

प्रशासन ने बताया कि सभी गैस एजेंसियों को नियमित रूप से आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही



प्रेस वार्ता में एलपीजी की उपलब्धता की जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन बुकिंग, व्हाट्सएप और मिस्ड कॉल सेवाएं भी सक्रिय रखी गई हैं, जिससे लोग आसानी से गैस की बुकिंग कर सकें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां 24x7 शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा, इंडियन ऑयल कंपनी के सहयोग से जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन का विस्तार भी तेजी से किया जा रहा है। अब तक 32,341 कनेक्शन स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें से 14,238 कनेक्शन चालू हो चुके हैं। सीएनजी स्टेशनों की संख्या भी बढ़ाकर 10 कर दी गई है, जिससे ईंधन की उपलब्धता और बेहतर हुई है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## एमजीसीयू के तृतीय दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने दिया 'राष्ट्र प्रथम' का संदेश

# एमजीसीयू में तृतीय दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदकों से सम्मानित हुए 9 मेधावी छात्र

### राज्यपाल, उपमुख्यमंत्री समेत कई गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति














**मोतिहारी(एन एस बी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में तृतीय दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारत गणराज्य के उपराष्ट्रपति सी़ पी़ राधाष्णन थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हुैन, कोयला एवं खान मंत्रालय के राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे तथा पूर्वी चंपारण के सांसद राधामोहन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ड़ महेश शर्मा ने किया तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी़ पी़ राधाष्णन ने कहा कि चंपारण महान विचारों की धरती है। उन्होंने कहा कि बौद्ध, जैन सहित विभिन्न सामाजिक विचारधाराओं की उत्पत्ति इसी बिहार की धरती से हुई है। मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा की उपाधि भी इसी चंपारण की धरती पर सत्य और ज्ञान की अनुभूति के कारण मिली।

उन्होंने कहा कि बिहार एक कर्मभूमि है, जहां विचार क्रिया में परिवर्तित होते हैं। युवाओं को नवाचार और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का विकास जमीनी स्तर पर मजबूत हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति की सराहना की और कहा कि देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब केवल सपना नहीं, बल्कि एक साकार होने वाली वास्तविकता है। उन्होंने युवाओं को बताया कि निरंतर सीखना और अनुकूलन ही प्रगति की कुंजी है तथा महिलाओं की भूमिका राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। दीक्षांत समारोह की शुरुआत शैक्षणिक शोभा यात्रा के साथ सशस्त्र सीमा बल की धुन पर हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हुैन ने कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति की सराहना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति 2020 का प्रभावी ढंग से पालन कर रहा है।बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि चंपारण आंदोलनों और ज्ञान की भूमि है, जिसने मोहनदास को महात्मा गांधी बनाया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्जीवन हुआ है और अब विक्रमशिला विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार की दिशा में भी कार्य होना चाहिए।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थि भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्रालय के राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की गरिमा को बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर ज्ञान का केंद्र बनता जा रहा है और नई शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में तकनीकी शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है और चंपारण की धरती ज्ञान एवं नवाचार की भूमि के रूप में उभर रही है। राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने कहा कि बिहार ऐतिहासिक रूप से ज्ञान और परंपरा की भूमि रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को तीन प्रकार के ऋण - मातृ ऋण, पितृ ऋण और राष्ट्र ऋण की याद दिलाते हुए कहा कि इनका निर्वहन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि चंपारण सदैव महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलता आया है और सत्य ही शाश्वत है। युवाओं को सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि भारत आज स्टार्टअप के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बन रहा है और देश के युवा अब नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन रहे हैं।मां सरस्वती की प्रतिमा व बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार की धरती ज्ञान की परंपरा से समृद्ध रही है, जहां गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय इस समृद्ध परंपरा का अनुसरण कर रहा है और नई शिक्षा नीति 2020 को पूरी तरह अपनाकर वैश्विक मानकों के अनुरूप कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अस्थायी परिसर में संचालित होने के बावजूद विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विश्वविद्यालय की पुस्तकालय पूरी तरह डिजिटल हो चुकी है और यहां के कई प्रोफेसर विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अनलाइन फीस जमा करने और अंकपत्र प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान कर रहा है। अंत में उन्होंने मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति श्री सी़ पी़ राधाष्णन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होतीस स्वागत उोधन के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलानुशासक द्वारा उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची जारी की गई। तत्पश्चात माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी़ पी़ राधाष्णन के द्वारा 9 विद्यार्थियों को उपाधि दी गई। इसमें अदिति प्रग्या, मुस्कान कुमारी, बलिराम कुमार, आदित्य प्रसाद, रचित यशस्वी, सचिन कुमार, श्रुति कुमारी, अनानंक कुमार तथा चंदन कुमार को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि आज उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के युवा बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें साकार भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवन निरंतर सीखने की प्रक्रिया है और विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि एक अच्छे नागरिक बनने पर भी ध्यान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने डिजिटल युग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी चुनौतियों का भी उल्लेख किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्वी चंपारण के सांसद श्री राधामोहन सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

उन्होंने वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की स्थिर स्थिति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पटना और मोतिहारी को जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि यहां नियमित रूप से मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य विषयों पर सेमिनार एवं कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उपाधि प्राप्ति के साथ शिक्षा समाप्त नहीं होती, बल्कि वास्तविक शिक्षा की शुरुआत यहीं से होती है। मां सरस्वती की प्रतिमा व बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत व राष्टगान के साथ शैक्षणिक शोभायात्रा के विपरीत चलने से हुई।

## टैंकर-ट्रक भिड़ंत, चालक केबिन में फंसा
## गेट तोड़कर ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला

**पीपराकोठी।** थाना क्षेत्र के बथना मदर डेयरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात टैंकर और दो ट्रकों की टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में एक ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया, जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल चालक को इलाज के लिए मोतिहारी भेजा गया है, जहां उसका इलाज जारी है। यह घटना रात करीब नौ बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मदर डेयरी का दूध का टैंकर अचानक परिसर से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ रहा था। तभी कोटवा की ओर से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। पहली टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने भी आगे वाले ट्रक में भिड़ंत कर दी। इस क्रम में पीछे वाला ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक अपने वाहन के केबिन में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही एसआई मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। काफी मशक्कत के बाद ट्रक का गेट तोड़कर फंसे हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम ष्टया दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही बताया जा रहा है।

## मारपीट में चार घायल

**चकिया।** बालू गिराने को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना पिपरा थाना क्षेत्र के बेदीवन मधुबन गांव की है। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि बालू गिरा रहे थे। इसी बीच गांव के हीं रामबाबू साह से कहासुनी हुई। जिसके बाद रामबाबू साह समेत नौ लोगों ने तलवार और फरसा से हमला कर दिया। जिसमे मालती देवी, गुड्डी कुमारी, नंदनी देवी और करण पासवान घायल हो गए। इस बाबत बेदीवन मधुबन गांव निवासी मालती देवी पति झोड़ा पासवान ने पिपरा थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमे अपने ही गांव के रामबाबू साह व अन्य को आरोपित किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिल सुधार के लिए अप्रैल माह में हर सोमवार व शुक्रवार को लगेगा कैंप

**रक्सौल(एनएसबी)** नर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यालय द्वारा जारी ताजा निर्देश के आलोक में अब रक्सौल विद्युत प्रमंडल के सभी कार्यालयों में प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने बताया कि अक्सर बिजली बिलों में त्रुटि के कारण उपभोक्ताओं का भुगतान लंबित रह जाता है। इस समस्या को दूर करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि उपभोक्ताओं को अपनी छोटी-छोटी शिकायतों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। बताया गया कि कैंप प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सुबह 11रू00 बजे से दोपहर 02रू00 बजे तक रक्सौल विद्युत प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी प्रशाखा कार्यालय में आयोजन होगा। इसमें बिजली बिल सुधार, नए कनेक्शन, स्मार्ट प्री-पेड मीटर की समस्याएं, षि कनेक्शन और श्पीएम सूर्य घर योजनाश से संबंधित आवेदनों का निपटारा किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता ने स्पष्ट किया कि कैंप में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन मौके पर ही करने की कोशिश की जाएगी। हालांकि, जिन मामलों में मीटर जांच या स्थल निरीक्षण की आवश्यकता होगी, उन्हें अधिकतम 3 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादित कर दिया जाएगा। अगले दो महीनों के भीतर लंबित सभी शिकायतों के पूर्ण समाधान का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रत्येक अंचल के वरीय प्रबंधक (राजस्व) को कैंप का श्नोडल पदाधिकारीश बनाया गया है। कैंप की समाप्ति के बाद हर बार प्रगति रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी। स्थानीय विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इन कैंपों में पहुंचकर इस अप्रैल माह में अपनी बील सम्बंधित सभी शिकायतों का समाधान कराएं।

## राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पकड़िया में दीक्षांत समारोह का आयोजन

# इंटर के कमर्स टापर मोहम्मद हम्माद को किया गया सम्मानित

### शिक्षा इंसान और हैवान में फर्क करता है : एमएलसी, शिक्षा ग्रहण में गरीबी कोई रूकावट नहीं : पूर्व मंत्री

**मोतिहारी(एन एस बी)।** छौड़ादानो प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पकड़िया उर्दू के प्रांगण में गुरुवार को मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले छात्र- छात्राओं का विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की द्वीप प्रज्ज्वलित अतिथियों ने किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्रा नरगिस रजिया और उनकी सहपाठियों ने स्वागतगान प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर विधान पार्षद आफाक अहमद जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार में पूर्व मंत्री ड़ शमीम अहमद और निवर्तमान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश मिश्रा मौजूद थे। वहीं डायट के प्रोफेसर ड. फखरुद्दीन अली अहमद और शिक्षाविद् ड़ अकील अहमद भी समारोह में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मो. जहीरुद्दीन ने किया़ इस अवसर पर इंटर और मैट्रिक की परीक्षा में उत्ष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यालय के छात्र ध्छात्राओं को मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समारोह में मौजूद छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते ड़ शमीम अहमद ने कहा कि, अगर ढ़ निश्चय हो तो गरीबी पढ़ाई में बाधक नहीं बन सकती।घ बड़ी सफलता के तप और त्याग आवश्यक है।

एमएलसी आफाक अहमद ने कहा कि, शिक्षा हीं मनुष्य और जानवर में फर्क लाता है। शिक्षा के बगैर समुचित विकास की परिकल्पना संभव नहीं। वहीं निवर्तमान बीईओ राकेश मिश्रा ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील करते हुए कहा कि, सरकार शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं दे रही ह, इसका लाभ उठाएं। डायट के प्रोफेसर ड. फखरुद्दीन अली अहमद ने कहा कि, शिक्षा से हीं सर्वागीण विकास सम्भव है। वहीं ड़ अकील अहमद ने कहा कि, वर्तमान में स्कूली व्यवस्था में शिक्षक, छात्र और अभिभावक तीन धुरी के रूप में कार्य करते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अभिभावकों की है।

विद्यालय में बच्चे क्या पढ़ते हैं, इस पर अभिभावक जरुर ध्यान दे़ं वक्ताओं ने मौके पर मौजूद सभी छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया उनमें इंटर में कमर्स के टापर मो़ हम्माद, विज्ञान के टापर ममता कुमारी, साजिया खातून, नाजमीन रजिया, मरियम, कला संकाय के टापर सानिया कौशल, सहाना खातून, पूजा कुमारी और मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के टापर राजा कुमार, गजला परवीन और रजी अख्तर अंसारी शामिल हैं। वहीं जि प्रतियोगिता मे जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विकास कुमार को भी मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक महताब अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापित कर समारोह का समापन किया। मौके पर शिक्षक हाफिज मोहम्मद मेराजुल हक, विनोद कुमार, ओमशंकर कुमार, अविनाश कुमार, रणविजय सिंह यादव, सरफराज नवाज, गुलाम रब्बानी, प्रेम किशोर कुमार, मो़ सलीम, पूनम कुमारी, नेहा लता, प्रियंका कुमारी, शमीमा खातून, रेहाना खातून, जिवेश कुमार, नगमा कौसर, शगुफ्ता यासमीन, शबनम परवीन, सिरीन सबा, ऋषि रंजन कुमार, सतीश कुमार, सुमैया खातून के अलावा ग्रामीण हाजी रफी अहमद, फैयाज अहमद, शाह मोहम्मद आदि मौजूद थे।

## भारी मात्रा में स्प्रिंट और देशी नेपाली कस्तूरी शराब बरामद

**मोतिहारी।** जहरीली शराब पीने से लगभग सात व्यक्ति मौत मामले के बाद उत्पाद चलिष्णु टीम लगातार कार्रवाई में जूट गयी है और बड़ी बड़ी सफलताएं हासिल कर रही है। इसी दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र बनकट चेक पोस्ट बैरिया वार्ड नंबर 41 में छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी नेपाली कस्तूरी शराब और तीन गैलन स्प्रिट के साथ तीन कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है । जिसकी जानकारी सहायक आयुक्त मध्य निषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि चालिष्णु दल टीम ने निरीक्षक सह प्रभारी चलिष्णु दल टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र बनकट चेक पोस्ट बैरिया वार्ड नंबर 41से छापामारी कर देशी नेपाली कस्तूरी शराब 353 पीस लगभग 105 लिटर और तीन गैलन स्प्रिंट लगभग 46 लिटर शराब के साथ शराब कारोबारी स्व झपस दास के पुत्र रामाज्ञा दास स्व महादेव दास के पुत्र बच्चालाल दास और बच्चालाल दास के पुत्र विक्की कुमार सभी बनकट चेक पोस्ट बैरिया वार्ड नंबर 41 से गिरफ्तार किया गया है। वही छापामारी टीम में निरीक्षक सह प्रभारी चलिष्णु दल सेराज अहमद ,अवर निरीक्षक मुकेश कुमार, उदय कुमार ,सहायक अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार व अजय कुमार शामिल थे।

## धूमधाम से शुरु हुआ लक्ष्मी-नारायण यज्ञ

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** प्रखंड के कोटवा लखनीपुर गांव स्थित बाबा जेवहरी मठ में श्रीश्री 1008 लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार से श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हो गया। पहले दिन भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कलश पूजन के उपरांत श्रद्धालु जय श्रीराम व जय वीर हनुमान के जयघोष के साथ यज्ञ मंडप से निकले। यह भव्य यात्रा कोटवा लखनीपुर, मांगुराहा, बलहा, अरेराज होते हुए गोविंज स्थित गंडक नदी तट तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु पुनः गांव भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे और विधिवत कलश स्थापना की।इस पूरे धार्मिक आयोजन का संचालन आचार्य विपिन मिश्रा के सानिध्य में किया जा रहा है। कलश यात्रा के समापन के बाद यज्ञ मंडप में आरती संपन्न हुई तथा सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।यज्ञ समिति के जजमान कन्हैया मिश्रा एवं अध्यक्ष श्यामबाबू दास ने बताया कि यह महायज्ञ 13 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन श्रीराम कथा, श्रीमद्भागवत कथा, रासलीला और रामलीला जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें दूर-दूर से विद्वान भाग ले रहे हैं।समिति के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, उप सचिव टुनटुन सिंह, कोषाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, उप कोषाध्यक्ष द्विपाल मिश्रा सहित इंद्रदेव महतो, अभिमन्यु मिश्र, चंदन मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा समेत कई सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।यज्ञ समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तों से इस पावन आयोजन में समय पर शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## एसएसबी ने महिंद्रा एसयूवी से 99 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को पकड़ा

**रक्सौल(एनएसबी)।** एसएसबी 47 वीं बटालियन के जवानों ने शुक्रवार को देर रात भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार एसएसबी 47 वीं बटालियन के कमांडेंट संजय दिशानिर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर भारत नेपाल मैत्री पुल से एसएसबी जवानों ने एक संदिग्ध सफेद रंग की महिंद्रा ग्न्ट 500,गाड़ी संख्या- ठत 03 च। 4477 की गहन तलाशी के दौरान भारी मात्रा में नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है ।वही इस संबंध में एसएसबी कमांडेंट संजय पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना पर एसएसबी जवानों ने कार्रवाई करते हुए 99.215 किलोग्राम गांजा की बड़ी खेप को बरामद किया है। गिरफ्तार वाहन चालक का नाम विवेक कुमार, ग्राम-मजारिया, थाना-रामगढ़वा, जिला-पूर्वी चंपारण और वाहन को कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हरैया पुलिस को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दीक्षा ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया का मान



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** उच्च माध्यमिक विद्यालय रहुआमणी बरियाही की छात्रा दीक्षा राज ने बारहवीं में 395 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। मधेपुरा जिले के शाहजादपुर निवासी राधाकांत मिश्र की पौत्री व अरूण कुमार मिश्र एवं अनुपम कुमारी की पुत्री दीक्षा की इस सफलता से परिजनों में खुशी व्याप्त है। दीक्षा ने बताया कि बारहवीं के बाद वह बीए एलएलबी कर न्यायिक सेवा में जाना चाहती है। पिता श्री मिश्र ने बताया कि दीक्षा शुरू के कक्षा से ही पढ़ने में मेधावी है। दीक्षा की सफलता से अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।ज्ञात हो कि दीक्षा सहरसा के वार्ड 36, बटराहा मोहल्ले में माता पिता के साथ रहती है।

### अंचलाधिकारी के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन, मुआवजे की मांग

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** शनिवार को बनमा ईटहरी अंचल कार्यालय में दर्जनों लोगों ने अंचलाधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बीते दिनों हुई तेज बारिश और आंधी-तूफान से हुए नुकसान को



लेकर प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि हालिया आंधी और बारिश के कारण कई घरों के छप्पर उड़ गए, वहीं कुछ कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे प्रभावित परिवारों के सामने रहने और खाने-पीने की समस्या खड़ी हो गई है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अंचल कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से जल्द से जल्द नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की। उनका कहना था कि प्राकृतिक आपदा के बाद भी अब तक किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिली है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मुआवजा नहीं दिया गया तो वे आगे और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं, अंचलाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाएगा और सरकार के नियमों के अनुसार जल्द ही सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### आपात स्थिति में जानकारी और जागरूकता महत्वपूर्ण : मुकेश



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल शिक्षिका बीवी शकीला रहमान ने वार्षिक सारणी के अनुसार आग लगने पर क्षति न्यूनीकरण विषय पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान शिक्षक संजीव कुमार झा ने आगलगी के कारण प्रतिवर्ष होने वाले जान माल की क्षति के बारे में बताया, जबकि प्रधानाध्यापक ने आग से होने वाले नुकसान एवं दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए कहा कि, आपदा की घड़ी में जानकारी और जागरूकता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए आग लगने पर क्या करें एवं क्या न करें सभी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर शरीर में आग लग जाए तो अंतरराष्ट्रीय मूल मंत्र रुको, लेटो और लुढ़को को जरूर अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि, अलग-अलग प्रकार की आग को बुझाने के लिए अलग-अलग उपाय करना चाहिए। वहीं, बिजली से आग लगने पर मेन स्विच काटकर, तेल में लगी आग को बालू डालकर, लकड़ी आदि में लगी आग को पानी डालकर एवं अग्निशमन यंत्र से बुझाना चाहिए। मौके पर बाल प्रेरक, बाल संसद, मीना मंच, यूथ क्लब एवं इको क्लब के सभी सदस्यों सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका ने सहयोग किया। कार्यक्रम दूसरे सत्र में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के द्वारा बी.आर.सी. से खुशबू राय द्वारा लाए गए सिंथेसाइजर, तबला आदि वाद्य यंत्रों का उद्घाटन किया गया। इस क्रम में शिक्षिका बिमला कुमारी के द्वारा भोला बाबा के पांच गीत का गायन और संगत कलाकार शिक्षकों द्वारा वादन कर वाद्य यंत्रों का नमन किया गया।

### लोको पायलट हत्याकांड में मृतक के परिजनों से मिले विधायक

**मोरवा (एनएसबी)।** ड्यूटी से घर लौटने के क्रम में कतिपय अपराधियों द्वारा गोली मार कर निर्मम हत्या किए जाने की खबर मिलने पर मोरवा विधायक रणविजय साहू ने शनिवार को मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि, मोरवा विधानसभा क्षेत्र के गुनाई बसही निवासी लोको पायलट प्रमोद कुमार की गुरुवार को हत्या कर दी गई थी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक एवं आक्रोश का माहौल बन गया। स्थानीय विधायक रणविजय साहू ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत युग एवं निंदनीय घटना है। मुख्य मंत्री बनने की होड़ लगी है, ऐसे में आम आदमी की फिक्र किसी को नहीं है। लालू राज को जंगल राज कहने वाले सत्ता में है मगर अपराध अपने चरम पर है। ऐसा लगता है कि, अपराधियों को खुली छूट दे दी गई है ताकि भय और दहशत का माहौल बना रहे। इस क्रम में श्री साहू ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि, घटना की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की फिर नहीं हो। इस अवसर पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने भी घटना के कड़ी निंदा करते हुए अपराधियों के अविलंब गिरफ्तारी की मांग की।

### जनता दरबार में 16 मामलों का किया गया निष्पादन

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित मामले को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें आपसी समझौते के तहत 16 मामलों का निष्पादन किया गया। प्रभारी सीओ अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि भूमि विवाद से जुड़े जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े विवादों का निष्पादन दोनों पक्षों के समक्ष कागजातों के जांच करने के बाद किया गया। प्रभारी सीओ ने बताया कि जनता दरबार में पहले के 14 जबकि 3 नये कुल 17 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें 16 मामले का त्वरित निष्पादन किया गया।वही एक मामले में कागजात के अभाव में दोनों पक्षों को अगला तारीख दिया गया हैं। बताया



कि भूमि विवाद से जुड़े जनता दरबार प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जाती है। जिसका निपटारा दोनों पक्षों के समक्ष प्राप्त आवेदन के उपरांत किया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि छोटे छोटे मामले को आपसी समझौते के तहत ग्रामीण स्तर पर मिल बैठकर सुलझाने की अपील की। ताकि न्यायालय या अन्य कार्यालय नहीं जाना पड़े। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार, थाना पीटीसी रविन्द्र कुमार सहित अन्य भूमि संबंधित फरियादी मौजूद थे।

# छात्रावास भवन को तोड़ने के विरूद्ध मे छात्रों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन आयोजित



अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे छात्र व अन्य।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अंबेडकर छात्रावास में रह रहे आवासित छात्रों के लिए बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए छात्रावास भवन को तोड़ने के खिलाफ छात्रों द्वारा शनिवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की शुरूआत की। धरना की अध्यक्षता पूर्व छात्र नायक संजीव पासवान ने किया। संचालन छात्र नेता संदीप कुमार पासवान के द्वारा किया गया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1990 में निर्मित भवन जो काफी मजबूत स्थिति में है बिना छात्रों को जानकारी दिए चुपके से क्षतिग्रस्त भवन बनाने की तमाम प्रक्रिया अपनाई गई है। मजबूत भवन को क्षतिग्रस्त भवन बनाने में मोटी रकम नोडल पदाधिकारी की संलिप्तता की ओर वक्ताओं ने इशारा किया और इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि परिसर में खाली जमीन है जमीन पर निर्माण किया जाए उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ व शासन में बैठे लोग जिनकी मानसिकता सामंती है वह नहीं चाहते की अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के गरीब बच्चे छात्रावास में रहकर पढ़ाई करें। एआईएसएफ के छात्र नेता शंकर कुमार ने कहा कि नोडल पदाधिकारी द्वारा छात्रों को डराया धमकाया जाता है जो निस्संदेह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि उनके क्रियाकलाप की उच्च स्तरीय जांच हो और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करें प्रशासन अन्यथा छात्र संगठन एआईएसएफ चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। आंदोलन करने से मना करने और नहीं मानने पर मुकदमा करने की धमकी देना अनुच्छेद 19 का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन है। उनके इस क्रियाकलाप की संगठन मांग करती है अंबेडकर छात्रावास में जो इनका रवैया है इनकी उच्च स्तरीय जांच हो और इसको अविलंब छात्रावास समन्वयक से हटाया जाए। धरना कार्यक्रम को चंद्रदीप पासवान, रंजीत रजक,देवेंद्र राम, सिंटू पासवान, जितेंद्र राम, पिंटू राम, आदर्श पासवान, सुनील राम, अनिल कुमार, बिजेंद्र राम, अनंत कुमार, प्रदीप कुमार, प्रिंस कुमार, प्रवेश कुमार, नीतीश पासवान, नवनीश कुमार, रूपेश कुमार, भंडारी कुमार, पवन राम, मनोज राम, कृष्णा रजक,दिलखुश कुमार,हरिनंदन राम, राबर्ट कुमार, दीपक रजक,सनोज राम, रोशन कुमार, बादल कुमार, राजेश रजक आदि मौजूद थे।

## ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का अब 72 घंटे में होगा निराकरण : दीपक कुमार



वरीय प्रबंधक राजस्व।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शीर्ष प्रबंधन के निदेशानुसार अब प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी संबंधित कार्यालयों में उपभोक्ता शिकायत निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरीय प्रबंधक राजस्व दीपक कुमार विद्युत आपूर्ति अंचल सहरसा ने बताया कि विद्युत आपूर्ति अंचल अंतर्गत तीनों जिले सहरसा, सुपौल, और मधेपुरा में यह शिविर प्रत्येक निर्धारित दिवस को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में बिजली बिल से संबंधित त्रुटियों एवं समस्याओं का समाधान, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं जैसे झुका हुआ पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज एवं खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का त्वरित निवारण, नए विद्युत कनेक्शन एवं नाम परिवर्तन के लिए आवेदन की सुविधा, स्मार्ट प्री-पेड मीटर से संबंधित शिकायतों का समाधान,कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी तथा पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत आवेदन एवं मार्गदर्शन सहित अन्य बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु 72 घंटे की समय-सीमा निर्धारित की गई है। शिविर की सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार स्थानीय स्तर पर विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इसमें भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। शिविर के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे और आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति तथा निष्पादन की समय-सीमा के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान करेंगे।विद्युत विभाग का उद्देश्य है कि आगामी दो महीनों के भीतर लंबित सभी प्रकार की शिकायतों का समुचित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं के बीच विभाग के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित दिवस पर अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

## जलजमाव से मुक्ति के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी, मेयर ने नाला उड़ाही दल को किया रवाना



नगर आयुक्त एवं संबंधित पदाधिकारी।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर की सबसे गंभीर समस्या 'जलजमाव' के स्थाई निदान के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह चैकस व तत्पर नजर आ रहा है। शनिवार को मेयर बेन प्रिया ने नगर आयुक्त एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ सफाई दल को रवाना किया। मानसून पूर्व तैयारियों की रूपरेखा तय की गयी। इस दौरान उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था और नाला सफाई अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मेयर ने सफाईकर्मियों की विशेष टीम को रवाना किया। यह टीम शहर के प्रमुख व्यावसायिक और रिहायशी इलाकों जैसे मारूफगंज रोड, गांधीपथ से धर्मशाला रोड और डीबी रोड में बड़े नालों की उड़ाही सफाई का कार्य करेगी। नगर निगम ने इस अभियान के लिए एक सख्त समय-सीमा निर्धारित की है। आगामी 30 अप्रैल तक शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। सफाई के साथ-साथ उन जगहों को भी चिन्हित किया जा रहा है जहाँ नालों का संपर्क टूटा हुआ है, ताकि पानी का बहाव निर्बाध बना रहे।मेयर बेन प्रिया ने कहा कि जलजमाव सहरसा की सबसे बड़ी और पुरानी समस्या है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम हर उस विकल्प पर गंभीरता से कार्य कर रहा है जिससे बरसात के समय शहरवासियों को नारकीय स्थिति का सामना न करना पड़े। मेयर ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल नालों की ऊपरी सफाई करना नहीं, बल्कि उन्हें मुख्य ड्रेनेज सिस्टम से जोड़ना है। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि गुणवत्ता और समय सीमा के साथ कोई समझौता न हो।

## मैना गांव स्थित दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल ने धुमधाम से मनाया स्थापना दिवस, अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन






उद्घाटन करते अतिथि, सांस्कृतिक कार्यक्रम करती छात्र-छात्रा।

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत पड़रिया पंचायत के मैना गांव स्थित दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल का 11 स्थापना दिवस शनिवार को भव्य तरीके से धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का विधिवत उद्धघाटन बीडीओ अमीत आनंद, थानाध्यक्ष संजय सत्यार्थी, नगर अध्यक्ष मनीष कुमार, ईस्ट एंड वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक डां रजनीश रंजन, समाजसेवी अजय सिंह, जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मुन्ना, निदेशक अजित कुमार अनुज एवं प्राचार्या सोनी कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा की जिस तरह विद्यालय प्रबंधन अपने कार्यक्रम को बेहतरीन बनाने हेतू हर संभव प्रयास करता है। उसी तरह बच्चों के कैरियर को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करनी चाहिए ताकि आने वाले समय में लोग ये कहने को मजबूर हो जाए की विद्यालय ने बच्चों की पढाई लिखाई में कोई कसर नहीं छोडी है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए झिंझरी नाच, लोक नृत्य, लोक आस्था का पर्व छठ, सेमा चकेवा, समदन गीत एक से बढकर एक आकर्षक नृत्य संगीत की प्रस्तुति कर अभिभावकों का मन मोह लिया। मौके पर शिक्षक मनोज कुमार,अजय कुमार,रौशन कुमार, राहत अली, मनोज यादव, प्रशांत कश्यप, प्रिया कुमारी, नितीश कुमार, पंकज कुमार, साकेत शाश्वत, मेधा कुमारी, कशिश सिंह, प्रिया आर्या, सुरज कुमार, अमर जीत कुमार समैत अनेकों गणमान्य मौजूद थे।

## भाकपा माले जिला स्तरीय नेतृत्वकारी टीम की बैठक हुई संपन्न



12वां राज्य सम्मेलन 16-18मई को दरभंगा के लहेरियासराय में होगा: ललन यादव।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शनिवार को भाकपा माले के प्रमुख नेतृत्वकारी की एक बैठक कचहरी चैक स्थित अम्बेडकर नगर में पार्टी जिला सचिव ललन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में कोसी प्रभारी सह राज्य स्थाई समिति सदस्य बैद्यनाथ यादव मौजूद रहे।बैठक को सम्बोधित करते हुए बैद्यनाथ यादव ने कहा कि दलितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर हमले लगातार बढ़ रहे है। महिला सशक्तिकरण के दावे के बीच सत्ता के संरक्षण में संगठित अपराध को बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के तमाम दावे के बीच उद्योग-धंधे चैपट है और रोजगार का कोई ठोस उपाय नहीं है। 65प्रतिशत आरक्षण के सवाल पर सरकार का विश्वासघात उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपाई बुलडोजर राज के खिलाफ पुरे सूबे में आंदोलन और जनप्रतिरोध तेज होगा।भाकपा माले का 12वां राज्य सम्मेलन 16-18मई 2026 को दरभंगा के लहेरियासराय में होगा।बैठक में खेग्रामस के राष्ट्रीय पार्षद विक्की राम,आरवाईए राष्ट्रीय पार्षद कुंदन यादव,नगर सचिव वकील कुमार यादव,मुकेश कुमार,जमीर आलम, बिजेंद्र यादव,अशोक कुमार सुमन, अशोक यादव उर्फ बटन,सुभाष मल्लिक,सागर कुमार शर्मा,रंजन यादव,शुभांकर यादव, हरिबल्लभ मुखिया, वीणा देवी सहित दर्जनों मौजूद रहे।

# सहरसा सदर अस्पताल से गायब मिले 2 डॉक्टर

**, रिकॉर्ड में उपस्थिति प्रभारी पर एक्शन की अनुशंसा, सिविल सर्जन ने कार्रवाई सिफारिश की, अस्पतालों में दवाइयों और संसाधनों की कमी नहीं, डॉ. प्रियंका भारती दिसंबर से अस्पताल नहीं आई।**



**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सहरसा सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था पर फिर सवाल उठे हैं। इस दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राज नारायण प्रसाद ने बीपीएम टीम के साथ नौहट्टा और पंचगछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इसको लेकर शनिवार की शाम सिविल सर्जन डॉ राज नारायण प्रसाद ने मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में डॉक्टरों की उपस्थिति को लेकर बड़ी लापरवाही उजागर हुई। जांच में पाया गया कि दो डॉक्टर ड्यूटी से अनुपस्थित थे, जबकि रिकॉर्ड में उनकी उपस्थिति दर्ज थी। डॉ. प्रियंका भारती दिसंबर से अस्पताल नहीं आई हैं, फिर भी उनकी नियमित हाजिरी बन रही थी। इसी तरह, डॉ. विकास कुमार ने 1 मार्च को योगदान देने के बाद से कार्यस्थल पर उपस्थिति नहीं दी, लेकिन रिकॉर्ड में उन्हें उपस्थित दिखाया गया। सिविल सर्जन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को लिखित अनुशंसा भेजी है। इसके अतिरिक्त, नौहट्टा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह पर भी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। उन पर सूचना छिपाने और निगरानी में लापरवाही का आरोप है। पंचगछिया सीएचसी के निरीक्षण में भी व्यवस्था की खामियां सामने आईं। स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं थे और मरीजों के बेड पर बिछी चादरें भी मानकों के अनुरूप नहीं पाई गईं। इस पर सिविल सर्जन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ड्रेस कोड का पालन करने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. राज नारायण प्रसाद ने बताया कि अस्पतालों में दवाइयों और संसाधनों की कोई कमी नहीं है, लेकिन कर्मियों की लापरवाही के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या ठोस कार्रवाई करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला टॉपर राजदीप कुमार का हुआ भव्य सम्मान, राज्य में छठा स्थान पाकर बढ़ाया मान

**राघोपुर ( सुपौल) ।** प्रखण्ड क्षेत्र के राम विशनपुर पंचायत स्थित खुबलाल उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को मैट्रिक परीक्षा में जिला टॉपर एवं राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राजदीप कुमार के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा



सफल छात्र को सम्मानित करते शिक्षक व अन्य ।

राजदीप कुमार को मिथिला पाग, पुष्प माला एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के द्वितीय टॉपर अर्चना कुमारी तथा इंटरमीडिएट में स्कूल टॉपर पूजा कुमारी और अभिनव कुमार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक महानंद कुमार कुंदन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार देव एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष कमल प्रसाद यादव उपस्थित थे। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अभिभावकों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार देव ने कहा कि राजदीप कुमार एक होनहार छात्र हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर न सिर्फ जिले बल्कि पूरे राज्य में अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं जदयू नेता कमल प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि यहां के छात्र देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्रधानाध्यापक महानंद कुमार कुंदन ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों ने राजदीप जैसे छात्रों को तराशकर हीरा बनाने का काम किया है, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। मौके पर बिरेंद्र दास, रीता देवी, रवि भूषण दास, इंद्र भूषण दास, कमलेश कुमार, सुनील कुमार, महादेव कुमार सहित अन्य उपस्थित थे । कई लोगो ने कहा कि अभी इन सबो को इंटरमीडिएट एवं आगे कठीन प्रतियोगिता परीक्षा से गुजरना होगा ।

**कई लोगों ने कहा कि अब इनसबो के कठीन दौर की शुरूआत ही होगी**

### डीएम सावन कुमार ने विद्यूत विभाग के पदाधिकारी व कर्मियो के साथ की समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)।** समाहरणालय, स्थित लहटन चौधरी सभागार में सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक



बैठक में करते डीएम सावन कुमार व अन्य

आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने राजस्व संग्रहण, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जिला अंतर्गत निमार्णाधीन विद्युत शक्ति उपकेंद्र, सुविधा ऐप से प्राप्त नया विद्युत संबंध, धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत शक्ति उपकेंद्र के मोबाइल नंबर पर दर्ज शिकायत की समीक्षा की गई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा सभी कनीय विद्युत अभियंता को निदेशित किया गया कि उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित शिकायत का समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। साथ ही विद्युत शक्ति उपकेंद्र निर्माण के कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई और संबंधित कार्यकारी एजेंसी को मैनपावर बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया। उक्त बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता, राघोपुर, सुपौल जिला अंतर्गत सभी सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता एवं कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि राजस्व संग्रहण, एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सशस्त्र सीमा बल बीरपुर ने नशीली दवाइयां, 263 किलोग्राम गांजा सहित दो धंधेबाज को किया गिरफ्तार

**सुपौल (एनएसबी) ।** 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के सीमा चौकियों द्वारा भारतझनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान नशीली दवाइयाँ एवं 263 किलोग्राम गांजा के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

श्री गौरव सिंह, कमांडेंट, 45वीं वाहिनी, बीरपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी होने की जानकारी मिल, जिस आधार पर सीमा चौकियों द्वारा सतर्कता बढ़ाते हुए विशेष पेट्रोलिंग एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। दिनांक 03 अप्रैल 2026 को सीमा चौकी शैलेशपुर के कार्मिकों द्वारा विशेष पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 205/8 के



बरामद गांजा के साथ एसएसबी ।

समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम अरविंद कुमार यादव, निवासी ग्राम बालारधा, जिला सप्तरी (नेपाल) बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से नशीली दवाइयाँ बरामद की गई । बरामद नशीली दवाइयों एवं आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए थाना भीमनगर, जिला सुपौल (बिहार) को सुपुर्द किया गया। पुनः दिनांक 04 अप्रैल 2026 को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि सुरेन यादव भीमनगर निवासी के आवास पर अवैध सामग्री छिपाकर रखी गई है। सूचना की पुष्टि होने पर सीमा चौकी शैलेशपुर, सीमा शुल्क विभाग भीमनगर एवं बिहार पुलिस थाना भीमनगर के संयुक्त दल द्वारा रात्रि में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान कपड़ा, मोटर पार्टस आदि सामान बरामद की गई । बरामद वस्तुओं एवं संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए सीमा शुल्क विभाग, फारबिसगंज को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में दिनांक 04 अप्रैल 2026 को ही सीमा चौकी पिपराही के कार्यक्षेत्र में समदा इलाके के मक्का के खेत में मादक पदार्थ छिपाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर गठित विशेष पेट्रोलिंग दल द्वारा बताए गए स्थान पर तलाशी ली गई, जहाँ मक्का की खेत के बीच से 09 बोरियों में कुल 263 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए थाना रतनपुरा, जिला सुपौल (बिहार) को सुपुर्द किया गया। इन कार्यवाहियों के दौरान सशस्त्र सीमा बल के निरीक्षक सामान्य प्रकाश चंद्र झा, उप निरीक्षक नंदलाल, मुख्य आरक्षी दीपक शर्मा तथा बिहार पुलिस के उप निरीक्षक पंकज कुमार, सीमा शुल्क विभाग भीमनगर के मुख्य आरक्षी हरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे ।

## पदाधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण अंचल में नहीं लगा जनता दरबार



अंचल कार्यालय पिपरा ।

**पिपरा ( सुपौल)।** राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन हेतु प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित होने वाली जनता दरबार का आयोजन नहीं किया गया, लिहाजा विभिन्न पंचायतों से आए दर्जनों की संख्या में फरियादियों को वापस लौटना पड़ा। एक तरफ सरकार राजस्व संबंधी मामलों को लेकर एक के बाद एक नये फरमान जारी कर रहे है वही दूसरी ओर सरकार के खिलाफ राजस्व अधिकारी हड़ताल पर हैं इधर राजस्व संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए अंचलाधिकारी के हड़ताल पर जाने के बाद अंचल का कार्यभार बीडीओ को सोपा गया है। नतीजन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल अंचल कार्यालय का हाल बेहाल है । रैयतों का महत्वपूर्ण काम दाखिल खारिज, परिमार्जन, मापी यहां तक की जमीन संबंधी छोटे मोटे विवादों का भी निपटारा नहीं हो पा रहा है । बता दें कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार सरकार के निर्देश के बाद अंचल कार्यालय में लगाया जाने लगा है। जहां जमीन संबंधी मामलों का निष्पादन पुलिस प्रशासन और राजस्व अधिकारी की मौजूदगी में की जानी है लेकिन पदाधिकारियो की कमी के कारण इस पर भी ग्रहण लगता दिख रहा है । इस बाबत बीडीओ सह प्रभारी सीओ अमरेन्द्र पंडित ने बताया कि हम अवकाश पर हैं।

### किशनपुर में अवतक होम डिलीवरी सिस्टम की नहीं हुई शुरूआत, देवन एचपी पर गैस खत्म होने की दी गई जानकारी, बीएसओ भी अनभिग्य

**सुपौल।** जिला प्रशासन सभी एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी सिस्टम लागू करने का दावा कर रहे हैं । परंतु सच्चाई इसके उलट है । शनिवार को किशनपुर स्थित देवन एचपी में गैस खत्म होने की जानकारी दी गई । वहीं सुहागपुर स्थित इंडियन गैस एजेंसी के संचालक मोबाईल बंद कर नदारद रहे । यहां तक कि गैस की उपलब्धता को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भी अनजान बने रहे । थाना स्तर से दोनों एजेसीयों के नंबर पर बात करने की कोशिश की गई लेकिन सभी के मोबाइल बंद पाए गए अंत में देवन एचपी के एजेंसी के कर्मियों ने गैस खत्म होने की जानकारी दी । यहां तक की जिले में स्थापित नियंत्रण कक्ष के द्वारा भी गैस उपलब्धता को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई । इतना ही नहीं किशनपुर में अबतक गैस एजेंसी संचालकों द्वारा होम डिलीवरी की शुरूआत नहीं की गई है जिस कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना कर रहा है । लोगों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि किशनपुर में स्थापित मात्र दो गैस एजेंसीयों पर लगातार गैस की उपलब्धता एवं होम डिलीवरी की व्यवस्था प्रारंभ कराई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके ।

## थुमहा में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने होटलो का किया निरीक्षण, संचालकों में हड़कंप

**पिपरा (सुपौल)।** बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत नगर पंचायत थुमहा निर्मली में प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया। पिपरा प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मिहिर कुमार ने बताया कि श्रम विभाग का उद्देश्य है कि होटलों में बाल श्रम को रोकना और इस संबंध में स्थापित श्रम कानून को कड़ाई से लागू करना है। शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों होटलों का निरीक्षण किया गया और होटल मालिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । कहा लगातार इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, श्रम कानून का उलंघन करने वाले होटल



जांच करते पदाधिकारी ।

मालिक हो या अन्य कोई भी संस्थान जहां बाल मजदूरों से काम करवाया जा रहा है ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान विभाग के अन्य कर्मियों एवं पिपरा पुलिस मौजूद थे।

## राघोपुर रेफरल अस्पताल में श्रीप्रसाद यादव को दी गई भावभीनी विदाई

**राघोपुर (सुपौल)।** रेफरल अस्पताल परिसर में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चतुर्थवर्गीय कर्मचारी श्रीप्रसाद यादव को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें अंग वस्त्र, मिथिला पाग और अन्य उपहार भेंट कर उनके वर्षों की सेवा को सराहा गया। कार्यक्रम का माहौल भावुक और सम्मानपूर्ण रहा, जहां उपस्थित सभी लोगों ने उनके कार्यों की प्रशंसा की।

समारोह में प्रभारी डॉ. दीप नारायण राम, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ.राहुल झा , डॉ.निखिल आनंद, प्रबंधक नोमान अहमद, वरीय लिपिक चन्द्रेश्व गुप्ता, बीसीएम शादाब अली, सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने श्रीप्रसाद यादव के साथ बिताए अनुभवों को साझा करते हुए उनके सरल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। मैनेजर नोमान अहमद ने अपने संबोधन में श्रीप्रसाद यादव के कार्यों का विशेष



सेवानिवृत्ति उपरांत दी गई विदाई ।

उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवा काल में ईमानदारी, मेहनत और लगन के साथ कार्य किया। अस्पताल की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने व्यवहार से सभी का दिल जीता। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। अंत में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की गई । मौके पर राजेश पाण्डेय, सोनु सिंह, रोहित भगत, कुमारी बच्ची, माधुरी कुमारी, नारायण राम, कन्हैया राय, प्रशांत झा, शिव कुमार, पुजा कुमारी, सोनी कुमारी, निधी, नीतू, सुप्रिया, रिंकू झा आदि मौजूद थे।

## अगले सप्ताह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा निर्मली स्थित व्यवहार न्यायालय का करेगें उद्घाटन, तैयारी प्रारंभ



कोर्ट भवन का जायजा लेते जिला एवं सत्र न्यायाधीश ।

**सुपौल (एनएसबी)।** अगले सप्ताह निर्मली स्थित अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का उद्घाटन प्रस्तावित होने को लेकर भवन की साफ सफाई के अलावा कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने सुपौल जजसीप अंतर्गत परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राहुल कुमार उपाध्याय ने भवन की साफ सफाई और कुछ छूटे हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कार्य एजेंसी को देते हुए बिजली विभाग के सहायक अभियंता पिंटू कुमार को बुलाकर शीघ्र बिजली कनेक्शन करने के निर्देश दिए हैं । परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री राहुल कुमार उपाध्याय के जायजा उपरांत कुछ देर बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय श्री अनंत सिंह ने प्रस्तावित उद्घाटन की तैयारी का जायजा लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए । बिजली विभाग द्वारा सुपौल न्याय मंडल के नाम निर्मली व्यवहार न्यायालय भवन में बिजली कनेक्शन जोड़ दिया गया है।

सहायक अभियंता पिंटू कुमार ने बताया कि कल से पूरे कोर्ट बिल्डिंग आवासीय भवन और परिसर अंतर्गत बिजली सेवा बहाल हो जाएगी। वही कार्य स्थल पर निर्माण कंपनी के पीएम श्रमिकों अधिक संख्या में श्रमिकों को लगाकर साफ सफाई और सामान्य रूप से छूटे हुए कार्यों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। निर्मली व्यवहार न्यायालय के आरंभ होने की सूचना से अनुमंडल क्षेत्र ही नहीं आसपास के लोगों में खास उत्साह देखा जा रहा है। काफी दिनों बाद उन्हें न्यायिक क्षेत्र में राहत मिलने वाली है । दूसरी ओर मरौना और नदी थाना क्षेत्र से सुपौल स्थित अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में करीब 10000 वादों में सुनवाई चल रही है वहीं निर्मली, डगमारा और कुनौली थाना क्षेत्र का अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय वीरपुर में करीब 7000 केसों में सुनवाई चल रही है सूचना अनुसार सभी लंबित अभिलेखों को निर्मली में उपलब्ध कराने की तैयारी भी चल रही है।

# जिले में घरेलू गैस की होम डिलीवरी से उपभोक्ताओं को मिली राहत : जिला प्रशासन

**किशनपुर में गैस की उपलब्धता नहीं, उपभोक्ता परेशान, अधिकारी भी रहे अनभिग्य**

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले की सभी गैस एजेंसी द्वारा होम डिलेवरी सेवा प्रारंभ किए जाने के पश्चात उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जिले की बड़ी गैस एजेंसी शकुन इण्डेन, सुपौल, भवानी इण्डेन त्रिवेणीगज, कैलाश एच०पी० निर्मली, माँ चन्द्रकला एच०पी० मरौना, गणपती एच०पी० गैस सिमराही सहित जिले के सभी 61 एजेंसियों के लाभुकों को आसानी से होम डिलेवरी के द्वारा गैस प्राप्त हो रही है। विदित हो कि वर्तमान में मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थो की आपूर्ति में कमी होने की आशंका के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सभी गैस एजेंसी संचालकों को गैस की होम डिलेवरी हेतु पहले आओ पहले पाओ के नियम का कड़ाई से अनुपालन करते हुए प्रतिदिन एलपीजी भंडार / स्टॉक के हिसाब से उस दिन होम डिलिवरी से गैस पाने वालों की सूची का प्रदर्शन साथ ही ये भी सूचना कि दिनांक तक नम्बर लगाने वालो को गैस की आपूर्ति कर दी गयी है, से संबंधित सूचना का बड़ा पलैक्स गैस एजेंसी ऑफिस / गोदाम/ होम डिलेवरी



जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस कर मिडिया को दी जानकारी।

वाहन पर लगाया गया है। सभी गैस एजेंसियों के संचालक को बैकलॉग के हिसाब से तिथिवार गैस के वितरण से संबंधित सूची निकाल कर गैस एजेंसी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रतिदिन प्रदर्शित भी किया जा रहा है।

भीड़-भाड़ वाले (गैस एजेंसी / गोदाम) होम डिलेवरी को सुचारु बनाए रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि गैस की होम डिलेबरी की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित की जा सके। जिले के कुल 51 गैस एजेंसियों में 49 गैस एजेंसियों पर अभी गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष 02 पर शीघ्र ही गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है। तेल कम्पनियों द्वारा अस्पताल एवं सरकारी संस्थानों को जिनके पास वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। जिला प्रशासन गैस सिलेंडरों की ससमय उपलब्धता हेतु गैस वितरक कम्पनियों से लगातार संपर्क में है। अभी जिले के गैस एजेंसियों के पास लगभग 13428 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है। कल दिनांक 03.04.2026 को लगभग 4209 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। अभी तक 21799 उपभोक्ता को बुकिंग की गैस आपूर्ति की जानी है। आज अभी तक कुल 51 एजेन्सी में 22 की जाँच की गई है । 31 अन्य होटलों / प्रतिष्ठानों पर जाँच एवं छापेमारी की गई है। समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में घरेलु गैस सिलेंडरों के उठाव वितरण के निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। 03 अप्रेल को जिला नियंत्रण कक्ष में 8 शिकायते प्राप्त हुई सभी संबंधितों के शिकायतों का निष्पादन करा दिया गया है। अभी तक घरेलू गैस के वाणिज्यिक प्रयोग / कालाबाजारी के आरोप में जिला अन्तर्गत तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चूकी है। सुपौल जिले में गैस सिलेंडरों के उपलब्धता की स्थिति सामान्य है, घबराकर अधिक सिलेंडर लेने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन सभी ग्राहकों से अनुरोध करता है कि वे गैस एजेंसियों के गोदामों पर भीड़ न लगायें। सभी एजेंसियों के द्वारा होम डिलिवरी के माध्यम से ससमय गैस की आपूर्ति की जायेगी।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शैक्षणिक स्थिति में हुआ आमूलचूल परिवर्तन : विधायक

**नवसंदेश ब्यूरो**

**खगड़िया।** सदर प्रखंड अंतर्गत इंटर विद्यालय, मेहसौरी में शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि सह प्रबंध समिति के अध्यक्ष सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने तिलक, आरती, अंगवस्त्र, माला एवं बुके देकर अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि यह बैठक विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का सशक्त अवसर है। उन्होंने स्वच्छ भवन, पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल सामग्री और डिजिटल शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए इसे छात्रों के समग्र विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व शैक्षणिक स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। विद्यालय में छात्र -छात्राओं की संख्या काफी बढ़ी है। मुख्यमंत्री छात्र -छात्रा साइकिल योजना, पोशाक योजना, छात्रवृत्ति योजना, प्रोत्साहन योजना सहित स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना से हमारे बच्चों का तकदीर और तदवीर बदल गया है।उन्होंने पारदर्शी प्रबंधन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया।



विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित करते विधायक बबलू कुमार मंडल।

विधायक ने शिक्षकों को संस्था की आत्मा बताते हुए उनके दायित्वों पर प्रकाश डाला, वहीं अभिभावकों से घर और विद्यालय में समन्वय बनाए रखने की अपील की। साथ ही छात्र-छात्राओं को अनुशासन, सम्मान और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं विधायक ने विद्यालय तक आने वाले रास्ते को पक्की सड़क निर्माण कराने, चहारदीवारी निर्माण कराने, भव्य द्वार (गेट) निर्माण तथा विद्यालय परिसर में साइकिल एवं मोटर साइकिल स्टैंड निर्माण कराने का आश्वासन दिया। बैठक समापन के बाद विधायक ने वर्ग कक्ष, स्मार्ट क्लास एवं मल्टी जिम उपस्कर आदि का निरीक्षण भी किया।

**इन्टर विद्यालय मेहसौरी प्रबंध समिति की बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित**

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही संवारा जा सकता है छात्र -छात्राओं का भविष्य : बबलू मंडल**

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक गुलनाज श्री ने विधायक और उनके साथ आये अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए विद्यालय की कुछ खास समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रभाष कुमार कर रहे थे। मौके पर जदयू नेता उमेश सिंह पटेल, आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, मुखिया राजेश सिंह, प्रो. प्रभाष कुमार, वरीय शिक्षक आशा मिश्रा, शिक्षक प्रभाष कुमार, सदस्य श्यामसुंदर प्रसाद, विजय कुमार सिंह, नन्दकिशोर चौधरी, वसीम, रूबी देवी, शिक्षक रोहिन कुमार, दीपक कुमार, राज अंकित विनायक, नीरज कुमार, गोपाल कुमार मिश्रा, नरेश सहनी, राकेश कुमार, रीता कुमारी, कुमारी पिंकी रानी, अनुभूति, श्वेता कुमारी, आरती कुमारी, प्रियंका कुमारी, निशा एवं हेमलता कुमारी सहित अन्य छात्र -छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हथियार तस्कर गिरफ्तार, देसी मास्केट व कट्टा बरामद



**गोगरी।** खगड़िया जिले के मड़ैया थाने की पुलिस ने हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शनिवार को की गई। इसको लेकर शनिवार की शाम चार बजे गोगरी एसडीपीओ साक्षी कुमारी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम मड़ैया वार्ड संख्या 9 में छापेमारी की गई। छापेमारी में भोला चौरसिया को गिरफ्तार किया गया। वह सिकंदर चौरसिया का पुत्र बताया गया है। आरोपी के घर से देसी मास्केट बरामद हुआ। साथ ही देसी कट्टा भी मिला है। पुलिस ने दोनों अवैध हथियार जब्त कर लिए। इस मामले में मड़ैया थाने में कांड संख्या 141/26 दर्ज हुआ। आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-इ)/26 के तहत केस किया गया है। छापेमारी टीम में मड़ैया थाना अध्यक्ष सावित्री कुमारी शामिल थीं। साथ ही एसआई बेचन सिंह व सशस्त्र बल भी मौजूद रहे। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### भोरहा बासा स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**बेलदौर।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय भोरहा बासा के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को दिन के 11 बजे तक नामांकन को लेकर जागरूकता रैली निकाली। रैली स्कूल के हेडमास्टर एवं शिक्षकों के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पूरे गांव का भ्रमण कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने लोगों को बताया कि 6 अप्रैल को नामांकन दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर वर्ग-1 में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की गई। बच्चों ने नारे लगाते हुए शिक्षा के महत्व को बताया और सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन कराने का आग्रह किया। शिक्षकों ने भी ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी तथा नामांकन दिवस पर विद्यालय पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस जागरूकता रैली से गांव में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला और अभिभावकों ने भी बच्चों के नामांकन को लेकर रुचि दिखाई।

### महिला समेत 6 आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल



**चौथम।** चौथम थाने की पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए अलग-अलग मामलों में महिला सहित कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाने से मिली जानकारी के अनुसार कांड संख्या 40/26 में देवका निवासी नीतीश कुमार (पिता- चंद्रशेखर सिंह) को गिरफ्तार किया गया। वहीं न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर करूवा निवासी जमुना सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। शराब कारोबार के मामले में मालपा निवासी विमला देवी को 5 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में कांड संख्या 113/26 दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके अलावा शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में बरहरा निवासी बालवीर कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसी गांव से अंकज कुमार को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं सरसावा गांव से दिलीप कुमार को शराब सेवन के मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### गोगरी नगर परिषद के सफाई मजदूर हड़ताल पर

**गोगरी।** नगर परिषद गोगरी जमालपुर के दैनिक सफाई मजदूर इन दिनों हड़ताल पर हैं।हड़ताल का शनिवार को चौथा दिन था। नगर परिषद क्षेत्र के सफाई मजदूर ने समय पर वेतन नही मिलने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।सफाई मजदूरों ने इसके लिए शनिवार को पशु अस्पताल परिसर में बैठक भी किया।बैठक में भाग ले रहे सफाई मजदूरों का कहना है, कि हमलोगों को कई माह से समय पर वेतन नही दिया जा रहा है। हमलोग एनजीओ के तहत कार्य करना नहीं चाहते हैं। सफाई मजदूरों ने कहा हमलोगों को समय पर वेतन नही देता है। एवं पीएफ के नाम पर किसी से से कुछ किसी से कुछ रूपया काट लिया जाता है। जिसका हमलोगों को कोई जानकारी नही दिया जाता है। समय पर वेतन नही मिलने के कारण हमलोगों को जिविकोपार्जन नही हो पाता है। जब तक हमलोग को पिछला वेतन नहीं मिलेगा। तब तक हमलोग हड़ताल पर ही रहेंगे। इस मामले मे स्वच्छता पदाधिकारी सुमन कुमार ने कहा की हड़ताल कर रहे सफाई कर्मी को समझा बुझाकार वापस लाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल सफाई का कोई वैकल्पिक व्यवस्था किया जा रहा है।

### पाटलिपुत्र बस टर्मिनल की कार्यकारिणी समिति की बैठक

**पटना।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पाटलिपुत्र बस टर्मिनल (पीबीटी) की कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पीबीटी परिसर से बसों के परिचालन एवं पड़ाव को सुव्यवस्थित करने, आस-पास के क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने, शौचालयों, पेयजल एवं डॉरमिट्री का विधिवत रख-रखाव एवं संचालन करने, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ यात्री सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने का निर्देश दिया गया।

# मां के सामने चचेरे भाई ने किया छलनी

**बांह और सिर में गोली मारकर उतारा मौत के घाट**

**नवसंदेश ब्यूरो**

**परबत्ता।** प्रखंड के छोटी लगार गांव में शुक्रवार देर रात दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। यहां रिश्तों की सारी मर्यादाएं टूट गईं, जब चचेरे भाई ने ही गोलियों से भून डाला। सबसे दर्दनाक बात यह रही कि पूरी वारदात मृतक की मां के सामने हुई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की पहचान ब्रजेश कुमार यादव (उम्र करीब 26 वर्ष, पिता पप्पू यादव) के रूप में हुई है। वहीं, हत्या का आरोप चचेरे भाई ऋतिक कुमार यादव (पिता केके यादव) पर लगाया गया है, जो घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 10 बजे ब्रजेश कुमार यादव अपने घर से कुछ ही दूरी (लगभग 50 मीटर) पर खड़ा होकर मोबाइल पर वीडियो कॉल से बात कर रहा था। इसी दौरान अचानक आरोपी ऋतिक कुमार यादव वहां पहुंचा और बिना किसी बातचीत के उस पर फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि पहली गोली ब्रजेश की बांह में लगी। घायल अवस्था में वह जान बचाने के लिए भागा, लेकिन कुछ ही दूरी पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी ने बेरहमी दिखाते हुए उसके सिर में दो और गोलियां दाग दीं। लगातार तीन गोलियां लगने से बृजेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सबसे भयावह तस्वीर यह रही कि बृजेश की मां बेटे को बचाने के लिए चिल्लाती रह गईं, लेकिन उनकी आंखों के सामने ही बेटे की हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई।

### मृतक का शव पहुंचा गांव, फूट फूट कर रोए परिजन

**परबत्ता (एनएसबी)।** घटना के बाद पुलिस ने शव को खगड़िया सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। जैसे ही शव गांव पहुंचा, छोटी लगार में मातमी सन्नाटा छा गया। हर तरफ चीख-पुकार और गम का माहौल दिखा। परिजन शव से लिपट-लिपटकर फूट-फूट कर रोते रहे, वहीं गांव के लोग भी इस हृदयविदारक घटना से स्तब्ध नजर आए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इधर जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश यादव ने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया।

### पैसों के विवाद में बढ़ा था तनाव

**पैसे के विवाद में खूनी अंजाम की आशंका, पहले बांह में फिर भागते वक्त सिर में मारीं गोलियां**

मृतक के जीजा प्रियदर्शन कुमार सुधांशु ने बताया कि ब्रजेश ने अपनी बहन की शादी के दौरान चाचा से कर्ज लिया था। बृजेश ने मेहनत कर वह पैसा चुका भी दिया था। यहां तक कि हाल ही में करीब एक लाख रुपये का ऑनलाइन भुगतान भी किया गया था, जिसका प्रमाण उनके पास मौजूद है। इसके बावजूद पैसों को लेकर विवाद खत्म नहीं हुआ।

करीब दो महीने पहले भी दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई थी। जीजा का आरोप है कि उसी समय आरोपी ने बृजेश को जान से मारने की धमकी भी दी थी, जो अब सच साबित हुई। उन्होंने यह भी बताया कि ब्रजेश का छोटा भाई बाहर रहता है और वह इन दिनों छुट्टी में घर आया हुआ था। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि घर वापसी उसके लिए मौत बन जाएगी। मृतक ब्रजेश कुमार भागलपुर में एक निजी कंपनी में अनलाइन का काम करता था इनके अंदर दर्जन भर युवा कार्यरत थे।

घटना की सूचना मिलते ही परबत्ता थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रथम ष्टया मामला आपसी विवाद, खासकर पैसों के लेन-देन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी बिंदुओं पर गहन जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लेने का दावा किया गया है।

घटना के बाद छोटी लगार गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। एक ही परिवार के बीच हुई इस खूनी वारदात ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों में जहां भय का माहौल है, वहीं इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश भी देखा जा रहा है।

# शरारती तत्वों ने गेहूं के ढेर में लगायी आग

**नवसंदेश ब्यूरो**

**खगड़िया।** जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत झंझरा मौजा बहियार में शुक्रवार की देर रात अज्ञात शरारती तत्वों ने किसानों की खून-पसीने की कमाई को आग के हवाले कर दिया। खेतों में कटाई के बाद थ्रेशिंग के लिए जमा कर रखी गई गेहूं की फसल को असामाजिक तत्वों ने निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार, तीन अलग-अलग स्थानों पर गेहूं के ढेर लगे हुए थे और किसान अगली सुबह मशीन से अनाज निकालने की तैयारी में थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। रात के अंधेरे में अचानक लगी आग की भीषण लपटों ने देखते ही देखते पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की भयावहता इतनी अधिक थी कि दूर-दराज के गांवों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों ने जब तक मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया, तब तक फसल का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो चुका था। पीड़ित किसान शंभु यादव ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वे वर्षों से इस भूमि पर खेती कर रहे हैं। इस अग्निकांड ने उनकी आर्थिक कमर तोड़ दी है। उन्होंने बताया कि भूमि को लेकर पुराना विवाद भी चल रहा था, लेकिन इस तरह मेहनत की कमाई जला देना मानवता पर प्रहार है।

सूचना मिलते ही पसराहा थाना प्रभारी नवीन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए दमकल की टीम को मौके पर रवाना किया। हालांकि, घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक किसानों के सुनहरे सपने राख में बदल चुके थे। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि आवेदन मिलते ही दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

### लाचार देखते रहे किसान दमकल बालू में फंसी

**परबत्ता।** अंचल के मौजा दरियापुर पटपर में आगजनी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। देखते ही देखते खेतों में लगी लगभग 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दर्दनाक घटना में किसान संजय सिंह, रितेश कुमार, सत्यम कुमार, दुर्गा सिंह समेत कई अन्य किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी दियारा क्षेत्र तक तो पहुंची, लेकिन बालू में फंस जाने के कारण घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। इधर पछुआ हवा इतनी तेज थी कि आग की लपटें बेकाबू हो गईं और किसानों के सामने उनकी सालभर की मेहनत जलकर खाक होती रही। ग्रामीणों ने पंप सेट चालू कर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# शॉर्ट सर्किट से रामपुर में लगी आग, दो घर जलकर राख

**गोगरी (एनएसबी)।** गोगरी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शनिवार की दोपहर बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जिसमें दो घर जलकर पूरी तरह राख हो गए। घटना में हजारों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रामपुर के सरपंच नूर आलम ने तत्परता दिखाते हुए दमकल केंद्र को सूचना दी। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

बताया जाता है कि रामपुर वार्ड संख्या 02 निवासी अशवरी खातून एवं जमीला खातून के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे दोनों के घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। पीड़िता अशवरी खातून ने बताया कि उनके संदूक में रखे करीब पांच हजार रुपये नकद एवं जमीन के कागजात (केवाला) जलकर नष्ट हो गए। उन्होंने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं और घटना के समय पशुओं के लिए घास लाने खेत गई थीं। इसी दौरान घर में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने तत्काल सरपंच को सूचना देकर मदद की गुहार लगाई।

**पीड़ित परिवारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हुई**

प्रभारी सीओ रघुनंदन आनंद ने बताया कि पीड़ित परिवार को नियमानुसार सरकारी सहायता दी जाएगी। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और पीड़ित परिवारों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

# बाबा चौहरमल थे वीरता, पराक्रम श्रद्धा और एकता के प्रतीक : शास्त्री

**खगड़िया (एनएसबी)।** सदर प्रखंड के रहीमपुर मध्य पंचायत अंतर्गत ग्राम नन्हकू मंडल टोला में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की 713वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा चौहरमल की पूजा-अर्चना कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

अपने संबोधन में आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि बाबा चौहरमल जैसे वीर पुरुष ही समाज के सच्चे कुलदेवता हो सकते हैं। उनकी ओजस्वी, पराक्रमी और न्यायप्रिय गाथाएं आज भी समाज को प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि बाबा के आदर्शों से हमें सत्य, साहस और न्याय के मार्ग पर चलने की शक्ति मिलती है। शास्त्री ने बाबा चौहरमल को समाज का आराध्य देव बताते हुए कहा कि उनकी वीरता और संघर्ष की कहानियां नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और अपने परंपराओं के संरक्षण पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर रघुवीर पासवान, प्रशिक्षु शिक्षक हरिवंश कुमार, मनीष कुमार, ऋतुराज, सुवोध पासवान, पुजारी पासवान, सूर्यवंश कुमार, चिराग पासवान, क्षेत्र के अनेक व्यक्ति, युवा एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अगलगी पर सांसद ने जतायी चिंता

**खगड़िया (एनएसबी)।** पसराहा के बरहरा बहियार में 3 अप्रैल को 25 से 30 बीघा में लगी गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई थी। खेत के ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। वहीं शनिवार को परबत्ता थाना क्षेत्र के नयागांव में कई बीघे में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। पछुआ हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस भीषण अगिकांड में किसानों के लाखों के अनाज का नुकसान हुआ। इसको लेकर खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने किसानों की पीड़ा को समझते हुए जिलाधिकारी और जिला कृषि पदाधिकारी को पत्र लिख मुआवजा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि तीन अप्रैल को पसराहा के बरहरा में शॉर्ट सर्किट के कारण 25 से 30 बीघा में लगी गेहूं की फसल नष्ट हुई है एवं आज नयागांव में भी गेहूं के फसल में अगलगी की घटना सामने आई। यह अत्यंत चिंताजनक है। इस आगलगी में किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। अग्निकांड से प्रभावित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाए जिससे उन्हें राहत मिल सके। विदित हो कि खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के किसान गेहूं और मक्के फसल पर ही निर्भर रहते हैं। उनकी आजीविका का एकमात्र साधन फसल ही है। कुछ दिनों पहले आंधी तूफान बारिश के कारण मक्के और गेहूं के फसलों को नुकसान हुआ अब बची खुची गेहूं की फसल में आग लग गई। ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक स्थिति उत्पन्न हुई है। किसान जनप्रतिनिधि की ओर आस लगाए हुए हैं। सांसद राजेश वर्मा हमेशा की तरह किसानों की पीड़ा को समझते हुए मुआवजे के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया है।

**प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए जिलाधिकारी को किया निर्देशित**

# छात्र आयुष और आंनद को किया गया सम्मानित

**खगड़िया (एनएसबी)।** नशा मुक्त भारत के प्रधान कार्यालय खुटिया मानसी में शनिवार को प्रतिभावान छात्रों आयुष कुमार इंटर सांइस 466 नंबर खुटिया निवासी और आंनद कुमार मैट्रिक 449 नंबर चकहुसैनी निवासी को जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार रोशन और नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि वैश्य सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार, पप्पु विशिष्ट अतिथि शतरंज अकादमी के संयुक्त सचिव अमित कुमार ने दोनों छात्रों को अंग वस्त्र, पुष्प माला, मेडल, प्रतिभा सम्मान पत्र, शतरंज अकादमी का प्रतीक चिह्न, पाठ्य सामग्री और नगद राशि देकर सम्मानित किया। मुकेश कुमार पप्पु ने कहा कि शिक्षा और सेवा ही ऐसा माध्यम है जिसके रास्ते पर चलकर आप जग जीत सकतें हैं। नशा मुक्त भारत की संस्थापक सदस्य कुमारी रेणु, अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी केशव कुमार यशवंत, शिक्षक मुरलीधर साह, आयुष कुमार के पिता अनुज कुमार और दादा सहित शिक्षा प्रेमी बादल कुमार, निखिल तिवारी , प्रियांशु राज ने बधाई संदेश दिया है।

# कल स्थापना दिवस और 13 को अंबेडकर जयंती मनाएगी भाजपा

**खगड़िया (एसएनबी)।** शनिवार को भाजपा के जिला कार्यालय में 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस एवं 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने जबकि संचालन जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री सह स्थापना दिवस कार्यक्रम के जिला प्रभारी संजीव क्षत्रिय उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् गीत के साथ की गई। मुख्य अतिथि संजीव क्षत्रिय ने अपने संबोधन में पार्टी स्थापना दिवस के महत्व और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।



जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत ने विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रत्येक मंडल स्तर पर 3 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें एक संयोजक एवं दो सह-संयोजक होंगे। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल को जिला, मंडल एवं बूथ कार्यालयों को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा, जबकि 6 एवं 7 अप्रैल को सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराएंगे। उन्होंने आगे बताया कि 8 एवं 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्य एवं कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। साथ ही 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। वहीं 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे जिले में मनाया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामानुज चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, कंचन पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वंदना कुमारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम का समापन जिला महामंत्री नीतीश कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश परिषद सदस्य जय कृष्णा सिंह पटेल, जिला महामंत्री नंदू शाह, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, जितेंद्र यादव, राजेश सिंह, सुनील चौधरी, लक्ष्मी देवी, आलोक विद्यार्थी, जिला मंत्री नवीन सिन्हा, धर्मवीर जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जिला प्रवक्ता प्रो. अरविंद सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील शाह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुबोध सिंह कुशवाहा, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर पार्टी ने बनाई विस्तृत कार्ययोजना**

# भूमि विवाद कागज पर नहीं, जमीन पर खत्म करें : विजय कुमार सिन्हा

## फर्जी कागजात वालों पर तुरंत करें मुकदमा, भूमि सुधार जनकल्याण संवाद में डिप्टी सीएम के सख्त निर्देश

**मुंगेर ।** उप मुख्यमंत्री सह राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि जमीन का विवाद कई अन्य विवादों को जन्म देता है, इसलिए इसे केवल कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर समाप्त करना जरूरी है। उन्होंने दो टूक कहा कि कुछ लोग ऐसे भी हैं जो नहीं चाहते कि विवाद खत्म हो, लेकिन सरकार ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें आम लोगों को न्याय के लिए वर्षो इंतजार न करना पड़े।

वे शनिवार को स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित भूमि सुधार जनकल्याण संवाद की अध्यक्षता करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि यह उनका 10वां जनसंवाद कार्यक्रम है और इसके माध्यम से हजारों आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का पहला हक गरीबों का है। जिनके पास घर नहीं है, उन्हें आवास उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।उन्होंने




दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री।

साफ चेतावनी दी कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विवाद खड़ा करने वालों पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। अंचल अधिकारियों (सीओ) को ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई करने को कहा गया है।

रिश्वतखोरी पर भी उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए आम लोगों से अपील की कि वे बेझिझक शिकायत करें। शिकायत करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार भूमि रिकार्ड को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है, ताकि विवाद की स्थिति ही उत्पन्न न हो। कार्यक्रम में विभागीय प्रधान सचिव सीके अनिल, प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम कुमार मीणा, डीआइजी राकेश कुमार, एडीएम सह प्रभारी डीएम मनोज कुमार, एसपी सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री विजय सिंहा का मुंगेर गौशाला निरिक्षण कार्यक्रम में नहीं आने से मायूसी

**मुंगेर।** गौशाला प्रबंधन समिति के सदस्यौं को सुचित किया गया की उपमुख्यमंत्री चण्डिका स्थान में पुजा कर मुंगेर गौशाला आने वाले है उनके आगमन की सुचना पर प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष ष्णा अग्रवाल,सदस्य उमाशंकर अग्रवाल, शिशिर कुमार लालू , सेवादार मोती सिंह सुबह सात बजे से गौशाला के साफ-सफाई एंव उप मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पहुंचे थे साथ ही साथ स्थानीय प्रशासन एंव स्थानीय थानाध्यक्ष के साथ पुलिस बल भी मौजूद थे।

वही मुंगेर जिला पशुपालन पदाधिकारी ड़ा कमलदेव यादव के नेतृत्व में पशू चिकित्सक का दल भी मौजूद था।इस अवसर पर वहां मौजूद स्थानीय लोग एवं समाजिक लोग काफी खुश थे उन लोग में चर्चा होने लगा की लगता है कि अब गौशाला का पुरान एतिहासिक वैभव लौटने वाला है क्योंकि उप मुख्यमंत्री जी का आगमन हो रहा।लेकिन जैसे जैसे समय बीत रहा था लोगों में चर्चा होने लगा की उपमुख्यमंत्री जी नही आ रहे है लगभग 10 : 30 बजे सुचना मिला की उप मुख्यमंत्री चंडिका स्थान में पुजा कर अपने पुर्व निधारित कार्यक्रम प्रेक्षा गृह के लिए निकल गए।तब वहां मौजूद स्थानीय लोग एवं गौरक्षा दल के लोगौं में मायूसी छा गई इस अवसर पर अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार यादव, कुंदन कुमार, अनिल ठाकुर,वह्मदेव साह सहित गौरक्षक ने कहा की माननीय उप मुख्य मंत्री की गौशाला भ्रमण कार्यक्रम को सुनकर हम लोग काफी आशान्वित थे कि अब कई बर्षो बाद सरकार के वरिष्ठ मंत्री जी के नजर में मुंगेर गौशाला आया है और इसकी स्थलीय निरिक्षण कर इसके विकास के लिए प्रयास करेंगें ताकि मुंगेर गौशाला का पुराना एतिहासिक वैभव वापस होगा।

लेकिन उनका नही आना हमें मायूस करता है वही हम लोग मांग करते है उपमुख्यमंत्री जी समय निकालकर गौशाला आवे और इसके विकास हेतू एक विस्तृत योजना बनाकर मुंगेर गौशाला को आदर्श गौशाला बनाने में मदद करें इस से स्थानीय गौ पलक का हौसलाअफजाई होगा।

# समस्या का समाधान तत्कालिक नहीं स्थाई करें : विजय सिन्हा

**मुंगेर।** उप मुख्यमंत्री सह राजस्व व भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा शुक्रवार देर शाम मुंगेर पहुंचे। आगमन के बाद उन्होंने संग्रहालय सभागार में शहर के बुद्धिजीवियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में महापौर कुमकुम देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार, मुंगेर सेवा मंच के अध्यक्ष संजय कुमार बबलू, रविशंकर पांडे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान शहर की विभिन्न समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बुद्धिजीवियों ने अपने सुझावों के साथ-साथ शिकायतें भी खुलकर रखीं।

उन्होंने कहा कि इन बिंदुओं पर गंभीरता से कार्रवाई के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया है। खासकर शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था, खुले में मांस-मछली की बिक्री जैसे मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि शहरवासियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा और प्रशासन को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि शनिवार को भूमि सुधार जनकल्याण संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें आम लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनका समाधान किया जाएगा। साथ ही




बैठक के पूर्व उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते एसपी।

उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर पूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सशक्त स्थायी समिति का चुनाव भी संपन्न कराया जाएगा। समस्या का समाधान तत्कालिक नहीं स्थायी होना चाहिए। सीएम नीतीश कुमार व पीएम नरेन्द्र मोदी विकसित बिहार समृद्ध बिहार का सपना देखे।

इसलिए बिहार को अराजकता से अस्थाई मुक्ति दिलानी है।घ्चमत्कार एकाएक नहीं होता है। हम सिस्टम को पारदर्शी बनाएंगे। इससे कुछ लोगों को परेशानी होगी और उनकी परेशानी बढ़ी भी है। हम लूट की संस्ति पर अंकुश लगाएंगे। जनता किसी जाति धर्म से बंधी नहीं है, जो अच्छा काम करते हैं वह उनके साथ चलती है।घ्जनता यदि अच्छे लोगों का साथ नहीं देती तो नीतीश कुमार प्रचंड बहुमत से दोबारा सत्ता में नहीं आते और प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में नहीं आते। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज परिवहन करने वालों वाहनों पर ऐसी कार्रवाई होगी कि वह दोबारा सड़क पर दिखाई नहीं देंगे।

हमने यह व्यवस्था किया है कि पुलिस अब खनिज परिवहन से जुड़े वाहनों को नहीं रोकेगी। बिहार शायद ऐसा पहला राज्य होगा जहां खनिज की ओवरलोडिंग लगभग बंद हो गया है। हम भू माफिया, जमीन माफिया आदि को सुधरेंगे। जिस खनन विभाग में 2020-21 तक मात्र 1600 से 1700 करोड़ राजस्व आता था 2024-25 में यह आंकड़ा 3536 करोड़ को पार कर गया है। इस बार लगभग 78 खनिज घाट की बंदोबस्ती खनिज माफियाओं ने सरेंडर कर दिया है।

# टोटो चालक की मोबाइल छीनकर भागते शातिर चोर धराया

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन में पर इन दोनों चोर उचक्कों का जावरा देखा जा रहा है जो आए दिन यात्रियों को अपना शिकार बेखोप तरीके से बना रहे हैं। शुक्रवार की रात करीब 8.30 बजे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो व तीन पर उस समय अफरातफरी मच गयी, जब ट्रेन नंबर 13072 जमालपुर हावड़ा सुपर एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफार्म संख्या तीन से रवाना होने वाली थी।

इसीबीच शतिर बदमाश ने एक व्यक्ति का मोबाइल छीनकर भाग गया। चोर-चोर शोर मचाने पर यात्रियों की सहयोग से बदमाश को खदेड़कर पकड़ लिया। रेल थाना जमालपुर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार बदमाश आदर्श थाना जमालपुर क्षेत्र के सदर बाजार निवासी गुलफान कुरैशी है। पीड़ित मुंगेर बांक पंचायत के ई-रिक्शा चालक राजीव कुमार उर्फ डब्लू कुमार ने बताया कि वे मुंगेर से ई-रिक्शा लेकर जमालपुर स्टेशन आया था। यात्रियों को उनका सामान प्लेटफार्म संख्या दो-तीन पर



मोबाइल चोर को थाना ले जाती रेल पुलिस।

पहुंचाने के लिए लिफ्ट का सहारा लेकर पहुंचे थे। इसीबीच मेरा मोबाइल हाथ से छीनकर आरोपी गुलफान ले दौड़ा।

चोर-चोर शोर मचाने पर यात्रियों ने उसे घेरा और खदेड़कर पकड़ लिया। हालांकि आरोपी ने मोबाइल को फेंककर अपने को बचाने की कोशिश की। यह सारा घटना प्लेटफार्म संख्या दो-तीन की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रेल थाना जमालपुर के एसआई निरंजन कुमार रजक ने बताया कि यात्रियों व रेल पुलिस के सहयोग से आरोपी को खदेड़कर पकड़ कर पूछताछ व सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। वहीं पीड़ित चालक द्वारा आवेदन देने पर कार्रवाई की जाएगी।

# लखीसराय, आईडीबीआई बैंक के एटीएम से महिला का कार्ड बदल जालसाजों ने उड़ाए 55 हजार रुपये

**लखीसराय (एनएसबी)।** कवैया थाना क्षेत्र स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम में बीते 12 मार्च को शातिर जालसाजों ने धोखाधड़ी की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो अज्ञात अपराधियों ने मदद करने के बहाने एक महिला का एटीएम कार्ड बदल दिया और उनके खाते से 55,000 रुपये की अवैध निकासी कर ली। पीड़िता जब तक कुछ समझ पाती, तब तक उसके मोबाइल पर राशि कटने का मैसेज आ गया, जिसे देख उसके होश उड़ गए। घटना के बाद पीड़िता ने कवैया थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस को दी गई जानकारी में बताया गया है कि महिला एटीएम से पैसे निकालने गई थी, इसी दौरान वहां मौजूद दो युवकों ने झांसा देकर उसका पिन देख लिया और चालाकी से कार्ड बदल लिया। पुलिस अब एटीएम और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि एटीएम के अंदर किसी भी अनजान व्यक्ति की मदद न लें और अपना पिन पूरी तरह गोपनीय रखें।



एटीएम कार्ड बदलते युवक।

# स्टेशन पर बड़ा हादसा टला, नया पोटिको का शेड छज्जा नीचे गिरते ही यात्रियों में मची अफरातफरी

## शेड का छज्जा अचानक हवा में उड़ गया और नीचे यात्रियों के समक्ष गिरा, घटना विक्रमशिला एक्सप्रेस के आने के पूर्व घटी, बाल-बाल बचे यात्री

**जमालपुर।** जमालपुर स्टेशन पर शनिवार की दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। स्टेशन के बाहर अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत बनाए गए नए पोटिको शेड का छज्जा से एक टुकड़ा अचानक हवा में उड़ गया और नीचे धड़ाम से गिरते ही मौजूद यात्रियों में अफरातफरी मच गई।

यह घटना भागलपुर आनंदविहार विक्रमशिला एक्सप्रेस पहुंचने के पहले करीब दोपहर 12.30 बजे की। शेड का छज्जा की लंबाई करीब 100 फिट की है। छज्जा का टुकड़ा नीचे गिरते ही यात्रियों व वाहनों का आवाजाही थोड़ी देर के लिए थम गई। सूचना मिलते ही जमालपुर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार पहुंचे और इंजीनियर विभाग को डांट फटकार लगाकर क्षतिग्रस्त शेड का छज्जा हटाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह से हवाओं का झोंका जारी था। स्टेशन का नया पोटिको का शेड से भी आवाज आ रही थी। शेड के नीचे लोग खड़े थे, वहीं स्टेशन के प्लेटफार्म जाने के लिए लोग पुराना पोटिको के पास जा रहे थे। जबकि नया पोटिको के नीचे से वाहनें गुजर रही थी। अचाकन जोर से आवाज सुनी और शेड का एक टुकड़ा छज्जा जो काफी लंबा था हवा में उड़ गया तथा नीचे गिर गया। जिस स्थान पर छज्जा गिरा, वहां कई यात्री मौजूद थे, लेकिन बाल-बाल बच गए। लंबी छज्जा के कारण आवाजाही यात्रियों की भी बंद हो गई। सूत्रों ने बताया कि जमालपुर स्टेशन पर करीब 34 करोड़ की राशि से अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत रीमडलिंग कार्य जारी रहा। लेकिन बीते साल भर से यह कार्य ठप है। इंजीनियर विभाग की ओर से नया पोटिको के ऊपर एक बहुत बड़ा शेड का छज्जा कई टुकड़ों में लगाया था।

वहीं जगह जगह लाइटिंग की भी व्यवस्था की गई। शेड का छज्जा लगाने में घटिया साग्रियों का इस्तेमाल किया, जिससे नट-बोल्ट बारिश के दौरान सड़ गई और एक टुकड़ा हवा में उड़कर नीचे गिर गया। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे और इंजीनियर विभाग को बुलाकर क्षतिग्रस्त शेड का मलवा हटाया गया। उन्होंने कहा कि विभाग को सख्त निर्देश दिए है कि शेड का मेंटनेंस प्रक्रिया पूरी करेंगे।




स्टेशन का नया पोटिको शेड गिरा

## संक्षिप्त खबरें

### कागजात जलाए जाने की घटना की जांच का आदेश

**जमालपुर।** प्रखंड एवं सीओ कार्यालय के समीप तीन अप्रैल को कागजात जलाए जाने की घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। प्रधान सचिव सीके अनिल ने पूरे मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं इसमें किसी पदाधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता तो नहीं है। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच को निष्पक्ष बनाने के लिए एडीएम और एसडीओ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है, जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### लखीसराय में राज्यस्तरीय महिला फुटबल अरवल, रोहतास और बेगूसराय की शानदार जीत

**लखीसराय (एनएसबी)।** के़आरक़े मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय सीनियर महिला फुटबल चौंपियनशिप-2026 के चौथे दिन शुक्रवार को मैदान पर रोमांच और कड़े संघर्ष का संगम देखने को मिला। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, दिन के पहले मुकाबले में अरवल की टीम ने जहानाबाद पर पूरी तरह दबदबा बनाते हुए 6-0 के भारी अंतर से जीत दर्ज की। मैच के 13वें मिनट में संध्या कुमारी के पहले गोल के बाद प्रिया कुमारी, सबिता और रिया कुमारी ने गोलों की झड़ी लगा दी। उत्ष्ट खेल के लिए संध्या कुमारी को 'प्लेयर अफ द मैच' चुना गया। इस अवसर पर आईजी विकास वैभव, डीएम मिथिलेश मिश्र और जिला खेल पदाधिकारी मृणाल रंजन सहित कई वरीय पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।दिन का दूसरा मुकाबला सारण और रोहतास के बीच बेहद संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मैच का फैसला टाई-ब्रेकर से हुआ। रोमांचक मोड़ पर रोहतास ने सारण को 3-2 से शिकस्त दी। शानदार बचाव करने वाली रोहतास की गोलकीपर खुशबू कुमारी को 'प्लेयर अफ द मैच' से नवाजा गया। वहीं, पहले र्टर फाइनल में बेगूसराय की टीम ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए दरभंगा को 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बेगूसराय की ओर से सुरुचि, सुप्रिया, अंजलि और कौशिकी ने बेहतरीन गोल किए, जिसमें सुरुचि कुमारी को 'प्लेयर अफ द मैच' घोषित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रेफरी दीपक कुमार, कमेंटेटर पूर्णेन्दु शेखर और जिला फुटबल एसोसिएशन के सचिव बबलू शर्मा सहित पूरी समिति सक्रिय भूमिका निभा रही है।



सम्मानित करते जिलाधिकारी।

### लखीसराय में एलपीजी की कालाबाजारी रोकने को प्रशासन सख्त, छापेमारी के लिए बनी टीमें

**लखीसराय (एनएसबी)।** मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) में जारी युद्ध के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इस स्थिति के मद्देनजर लखीसराय जिला प्रशासन ने कमर कस ली है ताकि जिले में गैस की किल्लत न हो और कालाबाजारी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की भीड़ और संभावित जमाखोरी को देखते हुए कई कड़े कदम उठाए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थाना प्रभारियों की एक त्रिस्तरीय धावा दल का गठन किया गया है। यह टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कालाबाजारी पर रोक लगाएगी। इसी क्रम में शनिवार, 4 अप्रैल 2026 को एक विशेष निरीक्षण भी किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रखंड स्तरीय अधिकारी लगातार छापेमारी करेंगे और अनियमितता पाए जाने पर सीधे प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराएंगे। सभी एलपीजी वितरकों को कड़े लहजे में हिदायत दी गई है कि वे किसी भी कीमत पर गैस सिलेंडरों का स्टक जमा न करें। यदि कोई भी वितरक कालाबाजारी में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनता की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए समाहरणालय में एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06346-232952 है। आम नागरिक अपनी समस्याएं इस नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। जिले में गैस की वर्तमान उपलब्धता पर डेटा जारी करते हुए बताया गया कि लखीसराय जिले में कुल 16 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनके पास वर्तमान में 4279 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त बढ़हिया और लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आईओसीएल (प्व्ब्स्) द्वारा पाइप नेचुरल गैस (च्छळ) की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे परिवार जिन्होंने अब तक पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, वे नोडल पदाधिकारी के मोबाइल नंबर 8565835550 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए घबराने या अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है। आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भारत सरकार के नियमों के तहत अब घरेलू उपभोक्ता अपने अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नए सिलेंडर की बुकिंग कर सकेंगे। बुकिंग दर्ज होने के महज 2 से 3 दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।



गैस गोदाम की जांच करते अधिकारी।

### छापेमारी में 16 गिरफ्तार, भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**लखीसराय (एनएसबी)।** मद्य निषेध विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी कर शराब के धंधेबाजों और पियक्कड़ों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 को की गई इस कार्रवाई में कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें शराब बेचने वाली तीन महिलाएं भी शामिल हैं। छापेमारी के दौरान मनकठ्ठा स्टेशन (अमहरा थाना) क्षेत्र से कारी देवी को 10.800 लीटर अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं, रजौना चौकी क्षेत्र से मुन्नी देवी को 2 लीटर और राजकुमारी देवी को 1.250 लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों महिलाएं अवैध शराब बेचने के आरोप में पकड़ी गई हैं। शराब पीने वालों के खिलाफ भी विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। हकीमगंज (किउल थाना) से लक्ष्मण कुमार, विकास कुमार, मिथलेश कुमार और राहुल कुमार को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मानपुर (हलसी थाना) क्षेत्र से अमित कुमार और प्रमोद कुमार को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा, बड़हिया थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से सबसे ज्यादा 7 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें सुबेदार कुमार, राजीव कुमार, राकेश कुमार, अंकज कुमार, रवि कुमार मल्लिक, श्याम सुन्दर और सुभाष कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति लखीसराय के अलावा पटना और जमुई जिले के भी रहने वाले बताए जा रहे हैं। मद्यनिषेध विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।



गिरफ्तार धंधेबाज व नशेड़ी।

# बनकट में पूर्व मुखिया पुत्र को दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर मार डाला, रोड जाम

### प्रतिशोध में घटना को अंजाम देने पर हुई चर्चा

**आरा (एनएसबी)।** गड़हनी थाना के बनकट गांव स्थित नहर किनारे शनिवार की सुबह पूर्व मुखिया पुत्र की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। मृतक को काफी करीब से पांच गोली मारी गई। जिनमें एक गोली बाएं साइड सर, दूसरी गोली सर के ऊपरी हिस्से, दो गोली बाएं साइड सीने एवं एक गोली बाएं आंख के नीचे मारी गई है।

इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना उस वक्त घटी जब वे अपनी पत्नी को स्कूल छोड़ वापस घर लौट रहे थे। वारदात को लेकर आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। बीते वर्ष लहरपा गांव में हुए ट्रिपल मर्डर के प्रतिशोध में हत्या करने की चर्चा सामने आ रही है।



बनकट गांव के समीप ग्रामीणों ने अपराधियों की तत्काल गिरतारी की मांग को लेकर शव के साथ रोड जाम कर दिया। (फाइल फोटो - रितेश सिंह उर्फ भुअर सिंह)।

उधर, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। बनकट गांव के समीप ग्रामीणों ने अपराधियों की तत्काल गिरतारी की मांग को लेकर शव के साथ रोड जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों एवं पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। पुलिस के काफी मशक्कत करने के बाद लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटाया गया। इसके पश्चात पोस्टमार्टम का सदर अस्पताल में कराया गया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ सह एएसपी कृष्ण कुमार सिंह एवं गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत अतिरिक्त पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का पांच खोखा भी बरामद किया है। सदर एसडीपीओ-वन राजकुमार साह एवं सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से बातचीत की। मृतक गड़हनी थाना के लहरपा गांव निवासी रमेश सिंह का 45 वर्षीय पुत्र रितेश सिंह उर्फ भुअर सिंह है। उनकी मां प्रेमा देवी अगिआंव पंचायत की पूर्व मुखिया रही है। मृतक पैर से दिव्यांग थे।

## बड़े भाई बोले : तीन बाइक पर सवार बदमाशों ने बरसाई गोलियां

**आरा (एनएसबी)।** मृतक के बड़े भाई बबलू सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी बनकट गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका है। वह रोज की तरह अपनी पत्नी को बाइक द्वारा स्कूल छोड़ने गए थे और उनकी बहन की भी शादी बनकट गांव में हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन को लड़का हुआ है। जिसका शनिवार बरही था। इसके बाद वह अपनी पत्नी के साथ अपने बहन के घर उनके लड़के को देखने जा रहे थे। जैसे ही वह बनकट नहर मार्ग पर पहुंचे। पहले से घात लगाए तीन बाइक पर सवार हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ उन पर गोलियां बरसा दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बबलू सिंह ने गांव के ही रहने वाले लोगों पर पूर्व के चुनावी रंजिश को लेकर अपने भाई की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

### ट्रेन के आगे कुदकर खुदकुशी का किया प्रयास

**आरा (एनएसबी)।** आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर शुक्रवार की रात पूर्व शराब कारोबारी ने ट्रेन के आगे खुदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद जीआरपी द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घायल पीरो थाना क्षेत्र के पीरो नगर वार्ड नंबर-10 निवासी स्व शिव नारायण प्रसाद के 54 वर्षीय पुत्र विजय कुमार गुप्ता है। वह पूर्व शराब कारोबारी रहा है।

### लूट कांड मामले में दो वर्ष से फरार आरोपित गिरतार

**आरा (एनएसबी)।** मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा लूट कांड मामले में दो वर्ष से फरार चल रहे आरोपित को गिरतार किया गया है। गिरतार आरोपित कोईलवर थाना क्षेत्र के सोंघट्टा गांव निवासी मिश्र प्रसाद का पुत्र विशाल कुमार है।

## मैट्रिक व इंटर में अव्वल आने वाले बच्चे हुए सम्मानित

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलाउर गांव स्थित ज्ञान ग्रो आन लाइन क्लासेस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आन लाइन क्लासेस में पढ़नेवाले मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में अब्बल आने वाले छात्र छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विजेंद्र कुमार यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को आन लाइन क्लासेस के माध्यम से शिक्षा की अलख जगाना एक सराहनीय पहल है। बच्चों को बढ़ चढ़ हिस्सा लेना जरूरी है। ज्ञान ग्रो आन लाइन क्लासेस के निदेशक हैदर अली ने कहा कि आज आन लाइन शिक्षा का दौर चल रहा है। राखी कुमारी, विष्णु कुमार, अतिश कु, अलि हुसैन सहित 36 बेहतर करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर डा रिजवान अंसारी, मुन्ना पासवान, श्रवण कुमार, मो़ नसरूद्दीन अंसारी मुख्य थे।




सम्मानित करते विजेन्द्र यादव।

## खबरें : एक नजर में

### बाल विद्या मंदिर का 38वां वार्षिकोत्सव मना

**शाहपुर (एनएसबी)।** करनामेपुर स्थित बाल विद्या मंदिर में विद्यालय का 38वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के संस्थापक सह प्राचार्य रामाशंकर मिश्रा, शिक्षाविद शंभूनाथ पाठक,राजेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं भुनेश्वर ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संस्थापक रामाशंकर मिश्रा ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को आधुनिक एवं नवीनतम तकनीकों के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। ताकि वे भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। बच्चों की प्रतिभा को देखकर उपस्थित अभिभावक एवं प्रबुद्धजन काफी प्रभावित हुए और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विशम्भर उपाध्याय, विजय शंकर पाठक, लक्ष्मण मिश्रा, छोटू शास्त्री, भुवर पांडे, धनंजय पांडे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### विभावरी स्कूल में दीक्षांत समारोह

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** ग्रीन पार्क विभावरी शिक्षा निकेतन स्कूल में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षांत समारोह प्रेरणा और उत्साह का संदेश देकर संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार सिन्हा, निदेशक प्रीतम प्रकाश, उप-प्रधानाचार्या पूजा सिन्हा सहित शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि सफलता केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं, बल्कि निरंतर सीखने और खुद को विकसित करने से मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम को जीवन का आधार बनाने की सलाह दी। निदेशक प्रीतम प्रकाश ने अपने संबोधन में छात्रों को आत्ममंथन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में यह सोचने के बजाय कि मेरे लिए कौन है, यह जरूरी है कि हम खुद से पूछें कि हम दूसरों के लिए क्या हैं। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को नई दिशा और आत्मविश्वास प्रदान किया। मौके पर कन्हैया ठाकुर, धीरज कुमार, सोनू कुमार, नंदनी, रीया, मीरा सिन्हा, सुमन तनु,रोनी, रौशन, निशि मुख्य थे।

### जनता दरबार में भूमि विवाद मामलों की हुई सुनवाई

**कोईलवर (एनएसबी)।** कोईलवर प्रखंड सभागार में शनिवार को आयोजित शनिवारिय जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई गंभीरता और पारदर्शिता के साथ की गई। इस दौरान वरीय राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ अंचल कार्यालय से राकेश कुमार भी मौजूद रहे, जिन्होंने मामलों के निष्पादन में सहयोग किया। जनता दरबार में गीधा एवं चाँदी थाना क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन व राजेश कुमार मीणा भी उपस्थित रहे, जिससे सुनवाई प्रक्रिया को विधि-सम्मत और शांतिपूर्ण बनाए रखने में मदद मिली। प्रशासन की मौजूी से फरियादियों में भरोसा देखने को मिला और उन्होंने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। वरीय राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार ने बताया कि इस शनिवार कोई नया मामला सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित और निष्पक्ष निपटारा करना है, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### ऑटो की टक्कर से घायल

**कोईलवर (एनएसबी)।** आरा-छपरा फोरलेन पर शनिवार को तेज रतार और लापरवाही से चल रहे वाहनों ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए। दौलतपुर बोरिंग के समीप हुए एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता सड़क की पूर्वी लेन से पैदल पार कर पश्चिमी लेन स्थित अपने दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक तेज रतार और अनियंत्रित ऑटो (टेंपो) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

### जल संचय-जन भागीदारी विषय पर समीक्षा बैठक आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शनिवार को जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत जल संचय-जन भागीदारी विषय पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने जिले में जल संचय से संबंधित संरचनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने नगर आयुक्त एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जल संचय संरचनाओं का अधिक से अधिक जियो-टैगिंग सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन संरचनाओं की वास्तविक स्थिति एवं प्रगति की प्रभावी मनिटरिंग की जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक (एनईपी) तथा अन्य वरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नवनियुक्त विभागाध्यक्ष का हुआ सम्मान



नवनियुक्त विभागाध्यक्ष का हुआ सम्मान।

**आरा (एनएसबी)।** वीर कुँवर सिंह विवि के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में नवनियुक्त विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत कुमार द्वारा कार्यभार ग्रहण के उपलक्ष्य पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता निवर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो लतिका वर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रो मंजू सिंह, प्रो संगीता सिन्हा, प्रो साधना प्रसाद, प्रो लाल बाबू मंचासीन थे। नवनियुक्त विभागाध्यक्ष का भव्य स्वागत मनोविज्ञान विभाग के आचार्य गण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। महाराजा कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा रमेन्द्र कुमार सिंह, प्रो ओम प्रकाश केसरी, डा रमेन्द्र सिंह (द्वितीय), डा मनोज सिंह, विभागाध्यक्ष चन्दन कुमार, महिला मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा सादियां हबीब, डा निहारिका सिन्हा आदि अन्य लोगों ने प्रो यशवंत कुमार जी को शुभकामनाएं दी। स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के सीनियर असिस्टेंट प्रो डा प्रियंका पाठक ने पूर्व विभागाध्यक्ष और वर्तमान विभागाध्यक्ष के व्यक्तित्व पर अपने विचार रखे। संचालन डा वाचस्पति दुबे और धन्यवाद ज्ञापन डा कुमारी प्रीतिका ने किया। समारोह में छात्र नेता एवं शोध छात्र अभिषेक तिवारी, सुशील टाईगर, काजल, संतोष कुमार भी उपस्थित थे।

## बीपीएल परिवारों के घरों में स्थापित किए जाएंगे निःशुल्क रूफटॉप सोलर पैनल

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय के वीडियो कन्फ्रेंसिंग कक्ष में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुत बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिला पदाधिकारी ने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी पात्र लाभार्थियों तक इस योजना का लाभ पहुँचाया जाए, उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सभी बीपीएल परिवारों के घरों में प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क रूफटाप सोलर पैनल स्थापित किए जाएँ, ताकि उन्हें सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो सके।

जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि ऐसे उपभोक्ता, जिनका मासिक बिजली उपभोग 125 यूनिट से अधिक है, उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त अनुदान का लाभ दिलाते हुए रूफटाप सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। इससे न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि अक्षय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, नगर आयुक्त (नगर निगम), विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक (एनईपी), अधीक्षण अभियंता (विद्युत), एलडीएम, पंजाब नेशनल बैंक, सहायक निदेशक दिव्यांगजन एवं अन्य वरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुनई गांव : तालाब में जहर डालने से हजारों मछलियों की हुई मौत, लाखों का नुकसान

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** शिवपुर पंचायत अंतर्गत कुनई गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां आपसी रंजिश या शरारत के चलते एक तालाब में विषैला पदार्थ डाल दिया गया। इस कुत्य के कारण तालाब में पल रही हजारों मछलियां तड़प-तड़प कर मर गईं, जिससे पालक को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित अरुण चौधरी के भाई इंदल चौधरी ने बताया कि रोज की तरह जब परिवार के सदस्य सुबह सोकर उठे और तालाब की ओर गए, तो उनके होश उड़ गए। तालाब का नजारा पूरी तरह बदला हुआ था। पानी की सतह पर मरी हुई मछलियों की सफेद चादर बिछी थी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पीड़ित परिवार के अनुसार, तालाब में रेहू, विकेट और प्यासी प्रजाति की मछलियों का पालन किया जा रहा था। अधिकांश मछलियों का वजन एक से सवा किलो तक पहुंच चुका था, जिन्हें जल्द ही बाजार में बेचा जाना था। इंदल चौधरी ने बताया कि अभी गर्मी का प्रकोप इतना भी नहीं बढ़ा है कि अक्सीजन की कमी से मछलियां मरें। किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर जहरीला पदार्थ डाला है, जिससे उनकी मेहनत की कमाई पानी में मिल गई और परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।



पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार, गांव में आक्रोश।

### उप विकास आयुक्त द्वारा प्राधिकरण का निरीक्षण

**चरपोखरी (भोजपुर)(एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त द्वारा विभिन्न सरकारी अनुमोदन स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने डेवलपमेंट वर्कशप की प्रगति, क्वालिटी एवं साइंटिस्ट की स्थिति का पता लगाया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी सिद्धांतों को समयबद्धता एवं लक्ष्य के तरीकों से पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से जिला परिषद के ग्राउंड पर बने गोदाम, मुकुंदपुर पंचायत के ग्राम हरपुर में लाइटराइड और सीएससी का निरीक्षण, चरपोखरी खंड परिसर में स्थित जीविका भवन का निरीक्षण, चरपोखरी खंड कार्यालय के प्रमुख लीडर हाट सोनबरसा पंचायत के इटौर तालाब का निरीक्षण, सोनबरसा पंचायत के पंचायत सरकार भवन और डब्ल्यूपीयू का निरीक्षण, और सोनबरसा पंचायत के आवासीय योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता, जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी मंजूरी पर जोर दिया। उप विकास आयुक्त ने सभी सुझावों को लिंक से लेते हुए यह दर्शाया कि संबंधित संबद्धता के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

### छात्रशक्ति के जिला अध्यक्ष बने सौरभ पांडेय, समर्थकों में खुशी

**आरा (एनएसबी)।** छात्र राजनीति को नई दिशा देते हुए सौरभ पांडेय को छात्रशक्ति का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही समर्थकों और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने इसे युवाओं के सशक्तिकरण और संगठन को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम बताया। इस अवसर पर सौरभ पांडेय को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बक्सर निवासी छात्रशक्ति सुप्रीमो सौरभ तिवारी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। वहीं भुवन पांडेय, मंगलम पराशर, रंगनाथ पांडेय, अविनाश पांडेय, दीपू मिश्रा और विश्वजीत पांडेय (माझील) सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी हर्ष व्यक्त किया। इसके अलावा बिभु जैन, अमिता बाबा (बजरंग दल) और आशीष त्रिपाठी ने भी सौरभ पांडेय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में छात्रशक्ति संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा युवाओं की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वीएनएस मेमोरियल स्कूल का सातवाँ वार्षिक उत्सव मना

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** जगदीशपुर के इसाढ़ी बाजार स्थित वीएनएस मेमोरियल स्कूल में स्कूल का सातवां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्तिक कार्यक्रम के अनुयायियों द्वारा दी गई प्रस्तुति में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को आयोजित करते हुए विद्यालय के निदेशक नागेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को हर क्षेत्र में आगे ले जाना है। उत्सव में मुख्य अतिथि जिप के उपाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी, मुखिया विक्की कुमार, उपाध्यक्ष धनंजय, प्रवक्ता मनोज, सरपंच लल्लू यादव और मुखिया अब्दुल्ला यादव सहित कई अमीर लोग शामिल रहे। स्कूल मैनेजमेंट ने हर साल 10-15 साल में गरीब बच्चों को मुत शिक्षा, किताब, कपी और ड्रेस उपलब्ध कराने के संकल्प को सुनिश्चित करने के लिए राइट टू एजुकेशन की स्थापना की। एक्सपर्ट ने घोषणा की कि जिस भी क्षेत्र का कोई अनाथ बच्चा स्कूल में है, तो उसे पूरी तरह से मुत शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान दूर-दराज से आये कलाकारों और बच्चों के संगीत व श्रवण ने समां बांध दिया।



वीएनएस मेमोरियल स्कूल का सातवाँ वार्षिक उत्सव मना।

### सत्संग से मानव जीवन मे परिवर्तन है संभव : दयानंद शास्त्री

**आरा (एनएसबी)।** आरा सत्संग से मानव जीवन में परिवर्तन संभव है और हर किसी को अपने व्यस्त समय में से कुछ समय जरूर सत्संग के लिए निकलने की जरूरत है, इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है उक्त बातें चरपोखरी प्रखंड के सोनबरसा गांव स्थित तोताद्री मठ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सोनबरसा में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भागवत कथा के दौरान श्री राम पंचायती मंदिर संगरिया राजस्थान के पीठाधीश्वर एवं अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्री दयानंद शास्त्री ने कही, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे दिन विधिवत रूप से अर्नि मंथन के बाद अनंत विभूषित स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में इस महायज्ञ की शुरुआत हुई मटिया परिसर में बने यज्ञ कुंड में आहुतियां दी गई। तत्पश्चात व्यास पीठ से भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी दयानंद शास्त्री ने कहा कि ईश्वर से सीधे जोड़ने का जरिया एकमात्र सत्संग है।

### शिक्षा से संस्कार का होता है प्रार्दुभाव : पंकज

**पीरो (एनएसबी)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ भोजपुर इकाई द्वारा पीरो प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय कटरियां के मध्यम वर्गीय मिन्टु कुमार गुप्ता के सुपुत्र मेधावी छात्र शिव शक्ति कुमार को मैट्रिक परीक्षा में 08 वीं रैंक प्राप्त होने पर अंग वस्त्र, डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने कहा कि शिक्षा का स्तर ऊंचा होने से संस्कार और संस्ति का अपने जीवन में प्रार्दुभाव होने लगता है। छात्र शिव शक्ति अपने लगन के बदौलत अपने परिवार के साथ ही सूबे को रौशन करने का काम किया है। इस अवसर पर अरुण कुमार सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह,बीएसटीए के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, चन्द्रदेव कुमार सिंह, अखिलेश कुशवाहा, शिवकुमार, विकास पाठक, सुनिल कुमार, रविन्द्र कुमार, ओमप्रकाश चौधरी सहित दर्जनों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे।



छात्र शिव शक्ति कुमार को मैट्रिक परीक्षा में 08 वीं रैंक प्राप्त होने पर अंग वस्त्र, डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया।

### ऊर्जा विभाग की विशेष पहल : विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण अब 72 घंटे में

**आरा (भोजपुर)(एनएसबी)।** उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शीर्ष प्रबंधन के निर्देशानुसार अब प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी संबंधित कार्यालयों में उपभोक्ता शिकायत निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता, आरा ई निखिल कुमार ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक निर्धारित दिवस को प्रातः 11 बजे से अपरा 02 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में बिजली बिल से संबंधित त्रुटियों एवं समस्याओं का समाधान, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं जैसे झुका हुआ पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज एवं खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का त्वरित निवारण, नए विद्युत कनेक्शन एवं नाम परिवर्तन के लिए आवेदन की सुविधा, स्मार्ट प्री-पेड मीटर से संबंधित शिकायतों का समाधान, कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी तथा पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत आवेदन एवं मार्गदर्शन सहित अन्य बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु 72 घंटे की समय-सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित दिवस पर अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

### चैता महोत्सव पर सर्वधर्म मिलन समारोह आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** शहर के रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हस्पिटल में शुक्रवार की देर रात तक चौता महोत्सव होता रहा। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह भाजपा चिकित्सा मंच के अध्यक्ष डा. केएन सिन्हा ने किया। चौकीपुर चैता गोल के मुख्य ब्यास कमलेश कुमार, नाल व डमरू पर प्रसिद्ध कलाकार देवेश दुबे थे। आयोजन में मुख्य गायक रतन एवं डा. एमएम द्विवेदी की मुख्य भूमिका रही। संचालन कलाकार रमेश कुमार बर्मन ने किया। चौता में लोक धुन के पारंपरिक गीतों पर लोगों ने देर रात तक भरपूर आनंद लिया। डा. केएन सिन्हा ने चैता पर एक कविता सुनाई। कार्यक्रम में सरदार गुरुचरण सिंह, सरदार सतनाम सिंह, फादर अनिल जीउत, मो मुशर्रफ, जिला शतरंज संघ के सचिव मो. सैफ, मो. चून्नू, जिला वुशू संघ के सचिव राजेश सिंह, अपने कई खिलाड़ियों के साथ, धीरेंद्र जैन, अलख नारायण जैन दास, महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्या कमल सिंह, अमीरचंद स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल प्रो. कंचन सिंह, भाजपा के वरीय पदाधिकारी इंजीनियर धीरेंद्र सिंह, अधिवक्ता डा. संदीप कुमार, राधा सिंह, संतोष चंद्रवंशी, जदयू की चुन्नी पांडेय, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, शशि कुमार, राजू यादव छोटू, शशिकांत, छोटू जयप्रकाश यादव तथा ओमप्रकाश श्रीवास्तव सहित कई थे।

## उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बरौली के विद्यार्थियों का शैक्षणिक परिभ्रमण

**आरा (एनएसबी)।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, बरौली के 30 छात्र-छात्राओं ने स्कूल ट्विनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत पियर-टू-पियर लर्निंग हेतु राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का शैक्षणिक परिभ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जयन्त शंकर के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण किया तथा वहाँ की शैक्षणिक एवं प्रयोगशाला संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के वातावरण से परिचित कराना, तकनीकी शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना तथा आपसी संवाद के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को सुढ़ बनाना था। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर विभिन्न विषयों, प्रयोगशालाओं एवं कैरियर संभावनाओं पर उपयोगी जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जयंत शंकर के साथ शिक्षकगण मणि भास्कर, मनीष वत्स, आदर्श कुमार चंदन, श्वेता कुमारी एवं रूबी खातून उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें तकनीकी शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर शिक्षक मनीश वत्स ने कहा कि विद्यालय स्तर पर पियर-टू-पियर लर्निंग की यह पहल विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। प्रधानाचार्य श्री शंकर ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता मिलती है। विद्यालय परिवार ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्रशासन का आभार व्यक्त किया।




पियर-टू-पियर लर्निंग हेतु राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का शैक्षणिक परिभ्रमण किया।

## कार्यकर्ता ही भाजपा की असली शक्ति : कुमार पूर्णेन्दु

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** नगर स्थित ऐतिहासिक महंथीं मठिया में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान' के अंतर्गत भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और त्याग का ही परिणाम है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के वैचारिक आधार 'एकात्म मानव दर्शन' की विस्तार से जानकारी दी। व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक कुमार पूर्णेन्दु ने प्रशिक्षण शिविर के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कहां की कार्यकर्ता ही पार्टी की असली शक्ति हैं। क्रार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीति के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ काम करता है। व्यावसायिक प्रकोष्ठ के माध्यम से हम व्यापारियों और आम जन को सरकार की नीतियों से जोड़ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री से मिले बिहार कैडर के भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी, सीएम ने की अपील

# हरित आवरण को बढ़ाने में सहभागी बनें आप सभी अधिकारी

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' में आज वर्ष 2024 बैच के बिहार कैडर के भारतीय वन सेवा के 04 प्रशिक्षु अधिकारियों- हिमांशु द्विवेदी, प्रिंस कुमार सिंह, रविन्दर कुमार वर्मा एवं योगेश बोरकर ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। बिहार में हरित आवरण पहले मात्र 9 प्रतिशत था। राज्य सरकार ने अपने प्रयासों से इसे बढ़ाकर 17 प्रतिशत तक पहुँचाया है। हरित आवरण को बढ़ाने में आप सभी अधिकारी सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से बिहार में वषार्पात कम हो रहा है इसलिये जल संचयन पर जोर देने की आवश्यकता है ताकि आने वाले समय में ग्राउण्ड वाटर लेवल को संतुलित रखा जा सके। शहरों में बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने हेतु लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। आप सभी संवेदनशीलता, ईमानदारी, अनुशासन एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये राज्य एवं देश की तरक्की में अपना योगदान दें। आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।


2024 बैच के भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ सीएम नीतीश कुमार व अन्य।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पटना में पीएनजी के तीव्र विस्तार के लिए प्लंबरों को दिया गया प्रशिक्षण

**पटना (एनएसबी)।** डोमेस्टिक पाईप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के आच्छादन में तीव्र गति से विस्तार हेतु गेल को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी, पटना के निदेश पर गवर्नमेंट आईटीआई दीघा; महिला आईटीआई दीघा; आईटीआई पटना सिटी एवं अन्य स्थानों पर आईटीआई, पीएचईडी तथा अन्य तकनीकी विभागों के प्लम्बर को मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। लगभग 500 प्लम्बर को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि समीक्षा में यह तथ्य सामने आया था कि प्रशिक्षित प्लम्बरों की कमी पीएनजी कनेक्शन विस्तार में एक प्रमुख बाधा है। इस समस्या को दूर करने के लिए तत्काल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

**गवर्नमेंट आईटीआई दीघा, महिला आईटीआई दीघा, आईटीआई पटना सिटी एवं अन्य स्थानों पर आईटीआई, पीएचईडी तथा विभागों के प्लम्बर करेंगे गेल की मदद**

इसका मुख्य उदेदश्य पीएनजी गैस पाइपलाइन के विस्तार को गति देना एवं वर्तमान चुनौतियों का प्रभावी रूप से समाधान करना है। इसको ध्यान में रखते हुए गेल को हरएक प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। पीएनजी कनेक्शन के विस्तार को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक मानव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा का शपथ ग्रहण

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** युवा शक्ति, राष्ट्र शक्तिह्व के उद्घोष के साथ मारवाड़ी युवा मंच, मुजफ्फरपुर संस्कृति शाखा के सत्र 2026-27 का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार, 4 अप्रैल 2026 को शाखा अध्यक्ष श्रीमती पूजा केजरीवाल की अध्यक्षता



में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सचिव श्रीमती नेहा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती स्वीटी नेमानी तथा कार्यक्रम संयोजिका पलक अग्रवाल एवं प्रिया चौखानी ने मंच संचालन में सहयोग किया। समारोह में प्रांतीय मंडल उपाध्यक्ष श्री राहुल नाथानी, मारवाड़ी युवा मंच मुजफ्फरपुर शाखा के अध्यक्ष श्री विक्रांत केजरीवाल, नॉर्थ बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर भीमसेरिया, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री श्याम जी भरतिया, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्षा श्रीमती मधु पंसारी सहित श्री प्रिंसु मोदी, श्रीमती राजश्री डागा, श्री सूरज जलान एवं श्री सुमित चमड़िया सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चुनाव पदाधिकारी श्रीमती पायल अग्रवाल द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से श्रीमती पूनम गट्टाणी को सत्र 2026-27 के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके उपरांत उन्होंने अपनी कार्यकारिणी टीम के सदस्यों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सराहनीय कार्य करने वाली सदस्याओं एवं वरिष्ठ सदस्याओं को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी नेहा गौतम अग्रवाल ने दी।

### मुजफ्फरपुर में दो दिवसीय बिहार राज्य गोशाला पिंजरापोल संघ का प्रतिनिधि सम्मेलन का शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर गोशाला के तत्वावधान में दो दिवसीय बिहार राज्य गोशाला पिंजरापोल संघ प्रतिनिधि सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को स्थानीय शुभकरण केडिया सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन साध्वी नीलम गोपाल सरस्वती, साध्वी भक्ती, भागलपुर के गिरधारीलाल केजरीवाल,



परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर भीसारिया तथा शिवशंकर प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण मुरारी भारतीया ने की। सम्मेलन में गोमाता के संरक्षण और संवर्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि गोशाला केवल एक संस्था नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और मानवता का जीवंत प्रतीक है। भारतीय परंपरा में गाय को ह्यमाताह्व का दर्जा प्राप्त है, जो केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। गाय से प्राप्त दूध, गोबर और गोमूत्र न केवल पोषण का आधार हैं, बल्कि खेती, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक जीवनशैली को भी सुदृढ़ करते हैं। सम्मेलन में विभिन्न गोशालाओं के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए संचालन में आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की। इस अवसर पर श्रीमधेपुरा, किशनगंज, मुशहरी, नवगछिया, भागलपुर, बक्सर, कटिहार, मधुबनी, औरंगाबाद, सिवान, सीतामढ़ी सहित विभिन्न जिलों की गोशालाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में सभी ने गोमाता की सेवा और गोशालाओं को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

### पटना में 11 अप्रैल को तेजस्वी यादव के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह, सीतामढ़ी से बड़ी भागीदारी की तैयारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यालय में शनिवार को जिलाध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, गांधी मैदान में नेता प्रतिपक्ष एवं राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के सम्मान में आयोजित भव्य अभिनंदन समारोह को लेकर रणनीति बनाई गई।


पटना समारोह की तैयारी को लेकर राजद कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष व अन्य।

बैठक में बताया गया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से अल्पसंख्यक समाज के वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर संगठन को और सशक्त बनाना तथा नेता के प्रति सम्मान प्रकट करना है। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सभी जिलों के नेताओं और कार्यकताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाएं। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सीतामढ़ी से अशरफ अली मुन्ना (पुपरी), मो. रफी हैदर (उप प्रमुख, परिहार), डॉ. प्रो. रजी अहमद (रुन्नीसैदपुर) एवं मो. परवेज आलम उर्फ गुड्डू (सीतामढ़ी) को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। इन सभी को जिला अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। जिला प्रधान महासचिव मो. जलालुद्दीन खान ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इनके सक्रिय योगदान से संगठन और मजबूत एवं धारदार बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि ये सभी नेता पार्टी के संगठनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 11 अप्रैल के कार्यक्रम में सीतामढ़ी जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आमजन पटना पहुंचेंगे, जिससे कार्यक्रम ऐतिहासिक स्वरूप लेगा।

# सबलपुर विष्णु मंदिर में प्रभार को लेकर भारी हंगामा, अब कोर्ट की दहलीज पर पहुंचा मामला

नव संदेश ब्यूरो

**फतुहा।** सबलपुर स्थित प्राचीन विष्णु मंदिर की प्रबंध समिति के प्रभार को लेकर चल रहा विवाद अब गहरा गया है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा गठित नई कमिटी को पदभार सौंपने के लिए शनिवार को बुलाई गई बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। मजिस्ट्रेट और भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद पुराने सदस्यों ने नए पदाधिकारियों को प्रभार और दस्तावेज सौंपने से साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद यह मामला अब पटना हाई कोर्ट की दहलीज तक पहुँच गया है।

अनुमंडलाधिकारी के निर्देश पर नियुक्त दंडाधिकारी सुनील कुमार की देखरेख में मंदिर परिसर में बैठक बुलाई गई थी। न्यास पर्षद के आदेशानुसार, नवनियुक्त सचिव बंगाली सिंह और कोषाध्यक्ष को पुराने सचिव नरेश चंद्र से चार्ज लेना था। हालांकि, बैठक शुरू होते ही दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और

**मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुराने सदस्यों ने चार्ज देने से किया इनकार**

**धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा गठित नई कमिटी को पदभार सौंपने के लिए बुलाई गई बैठक रही बेनतीजा**

हंगामा शुरू हो गया। पुराने सचिव ने पर्षद के निर्णय को एकतरफा बताते हुए उसे मानने से इनकार कर दिया। दंडाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि हंगामे के



कारण प्रभार की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और इसकी रिपोर्ट न्यास पर्षद को भेजी जाएगी।

नवनियुक्त सचिव बंगाली सिंह का कहना है कि वे पर्षद के आधिकारिक आदेश के आलोक में प्रभार लेने आए थे, लेकिन प्रशासन की मौजूदगी में भी उन्हें चार्ज नहीं दिया गया। उन्होंने प्रशासन से "जबरिया प्रभार" दिलाने की मांग की है। दूसरी ओर, पूर्व सचिव नरेश चंद्र ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग मंदिर की बेशकीमती जमीन हड़पने की साजिश रच रहे हैं और पर्षद को गलत सूचना देकर यह आदेश निकलवाया गया है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें पद से हटाने का कोई स्पष्ट पत्र नहीं मिला है और वे इस मामले को लेकर हाई कोर्ट चले गए हैं।

इधर, हंगामे की आशंका को देखते हुए रविवार को होने वाली कमिटी की अगली बैठक स्थगित कर दी गई है। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के अनुसार, मंदिर परिसर में तनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। फिलहाल, मंदिर के प्रबंधन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और अब सबकी निगाहें उच्च न्यायालय के फैसले पर टिकी हैं।

# कीटनाशी अवशेष युक्त खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा: मंत्री

**पटना (एनएसबी)।** रासायनिक कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग फसलों की गुणवत्ता, मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ये बातें शनिवार को बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कही है।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि कीटनाशकों का प्रयोग केवल अनुशंसित मात्रा में ही करें और सुरक्षित खेती की दिशा में आगे बढ़ें। अनुशंसित दर से अधिक कीटनाशकों के उपयोग से खाद्य पदार्थों में अवशेष बढ़ रहे हैं, जो कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कीटनाशी अवशेष युक्त खाद्य पदार्थ मानव जीवन के लिए हानिकारक होने के साथ-साथ पर्यावरण को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इसके प्रभाव से दूध, दही, मांस जैसे पशु-आधारित खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि कीटनाशकों के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए फसल चक्र अपनाएं, प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें, कीटों के प्राकृतिक शत्रुओं (परभक्षी एवं परजीवी) का संरक्षण करें तथा एकीकृत कीट-व्याधि प्रबंधन को प्राथमिकता दें। साथ ही, फेरोमोन ट्रैप, लाईट ट्रैप एवं अवरोधक फसल जैसे वैज्ञानिक उपायों को अपनाने पर भी बल दिया।

**रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर जैविक कीटनाशी जैसे नीम तेल, फफूंदनाशी एवं जीवाणुनाशी का प्रयोग कर सकते हैं किसान**

**सुरक्षित, संतुलित और टिकाऊ खेती अपनाकर किसान बढ़ा सकते हैं अपनी उपज की गुणवत्ता**

कृषि मंत्री ने किसानों को रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर जैविक कीटनाशी जैसे नीम तेल, फफूंदनाशी एवं जीवाणुनाशी के प्रयोग की सलाह दी है, जो पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग केवल अंतिम विकल्प के रूप में किया जाए और अत्यधिक विषैले लाल, पीले या नीले लेबल वाले कीटनाशकों के बजाय हरे त्रिकोण लेबल वाले अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्पों का चयन करें।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित, संतुलित और टिकाऊ खेती अपनाकर किसान न केवल अपनी उपज की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## वास्तविक नुकसान की बजाए झूठी रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी जा रही : अशोक

# फसल क्षतिपूर्ति नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश

**बेगूसराय (एनएसबी)।** विगत 20 एवं 21 मार्च 2026 को असमय बेमौसम बारिश ने किसानों की सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसान अपने खेतों में तैयार हुए फसलों की दुर्गति देखकर छाती पिटने लगे, तो कहीं किसान फसलों की बबार्दी देखकर मूर्छित होकर खेतों में ही गिर पड़े। चारों ओर कोहराम मच गया।

हर तरफ हाहाकार और मातमी माहौल में सरकारी आश्वासनों से किसानों थोड़ा-सा आशा बंधी थी। मगर किसानों को ठगने के लिए सरकार की ओर से खोखले झूठे आश्वासनों की घोषणा तो हुई। मगर दूसरी ओर सरकार की दोगली नीति और ऊपर से सरकारी दबाव के कारण जिला कृषि पदाधिकारी फसलों एवं बगीचों में फलों की हुई बबार्दी का सही रिपोर्ट देने से डर रही हैं। सरकारी दबाव है, हर हालत में 9 प्रतिशत से कम फसल बबार्दी का रिपोर्ट भेजा जाए। फलतः झूठा रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजा जा रहा हैं। विदित हो कि बेगूसराय जिला अंतर्गत विगत 24 -25 मार्च को जिला के सभी प्रखंडों से लगभग 43 या 44 हजार हेक्टेयर में फसल की बबार्दी

**संयुक्त किसान मोर्चा ने दी चेतावनी, सरकार को सही रिपोर्ट भेजें वरना सड़क पर उतरेंगे किसान**

का रिपोर्ट जिला कृषि पदाधिकारी को भेजा गया, परन्तु जिला कृषि पदाधिकारी बिहार सरकार के दबाव में प्रखंडों से भेजे गए उक्त रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में फेंक कर, बबार्दी का झूठा रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजा जा रहा है। जिला के हमारे जन प्रतिनिधि, विधायक और सांसद सोये हुए है। किसानों की मुसिबत से उन्हें कुछ लेना-देना नहीं है।सिर्फ जिला में नौटंकी करने में वे मशगूल है। किसानों के साथ हो रहे इस धोखाधड़ी एवं अन्याय से शायद उन्हें कोई मतलब नहीं है।

संयुक्त किसान मोर्चा बेगूसराय के नेता अशोक प्रसाद सिंह, दिनेश सिंह, संतोष ईश्वर, कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कमल किशोर सिंह, मनोज कुमार, राम नरेश महतों, धर्मेन्द्र सिंह, राम चरित्र महतो, महेश महतो, प्रमोद कुमार एवं गनेश चौधरी ने स्थानीय प्रशासन और सरकार से मांग किया है कि विगत 24 एवं25 मार्च को फसल बबार्दी का प्रखंडों से जो रिपोर्ट आया है, वह भी कम है इसलिए कम से कम उसे ही सरकार को भेजा जाए, वर्ना किसान सड़क पर उतरने को मजबूत होंगे। मरता क्या नहीं करता। ठीक ही कहा है- भूख से तड़ैप कय मरबै काहे, मरने छ्य त लैड़ के मैरजा।

# दनियावां में घर से निकला युवक लापता

**दनियावां (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर अंतर्गत परसनबिघा गांव निवासी एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिट्टू कुमार (उम्र 19 वर्ष), पिता अजीत गोप, दिनांक 03 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 4:30 बजे अपने घर से कहीं निकल गया, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों

**शाहजहांपुर थाना पुलिस को सूचना देने की अपील**

द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे परिवार के लोग चिंतित हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों एवं आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि बिट्टू कुमार के बारे में किसी प्रकार की सूचना मिले या वह कहीं दिखाई दे, तो तत्काल शाहजहांपुर थाना को सूचित करें। पुलिस भी मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक की तलाश में जुटी हुई है।

## जागरूकता और नेतृत्व से बदली तस्वीर, कुरमावां बना रोल मॉडल पंचायत

# गया के कुरमावां में लड़कियों की शिक्षा ने बदली तस्वीर

नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा वो पंख है जिससे हर सपना उड़ान भर सकता है। राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के फलस्वरूप गया जिले के कोंच प्रखंड अंतर्गत कुरमावां पंचायत अब लड़कियों की शिक्षा का एक जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। यहां की लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में न केवल लड़कों के बराबर, बल्कि कई मामलों में उनसे आगे निकलकर एक विकसित समाज की मजबूत कड़ी बन रही हैं। यहां की 100 प्रतिशत लड़कियां अब रोजाना स्कूल जा रही हैं।

सरकार की शिक्षा संबंधी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, स्कूलों में मुफ्त यूनिफॉर्म, साइकिल इत्यादि सुविधाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की स्कूल पहुंच को सुनिश्चित किया है। इन क्षेत्रों में मुखियाओं के भी निरंतर प्रयासों और जन जागरूकता से शिक्षा के प्रति सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

पंचायत के मुखिया उमेश कुमार ने बताया कि पहले यहां दूर-दूर तक विकास की कोई झलक नहीं थी। सड़कें नहीं थीं, बिजली की समस्या थी, नालियां और गलियां जर्जर हालत में थीं। सरकार के सहयोग से पंचायत स्तर पर स्कूल भवनों का निर्माण, स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना और आधुनिक सुविधाओं का विकास हुआ।

जन जागरूकता अभियानों और स्थानीय स्तर पर किए गए निरंतर संवाद

**विशेष स्टोरी**

**सरकारी योजनाएं और स्थानीय प्रयास रंग लाए, कुरमावां में शिक्षा का उभार**

**यहां की लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में न केवल लड़कों के बराबर, बल्कि कई मामलों में उनसे आगे निकलकर एक विकसित समाज की मजबूत कड़ी बन रही**

के माध्यम से अभिभावकों को लड़कियों की शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब सामने है।

उन्होंने आगे बताया कि पंचायत में आज स्थिति ये है कि यहां लड़कों से ज्यादा लड़कियां पढ़ाई में आगे बढ़ रही हैं। दर्जन भर से अधिक लड़कियां सरकारी नौकरियों में हैं, कई वकील बन चुकी हैं और कुछ अन्य राज्यों में उच्च शिक्षा लेकर अच्छी नौकरियां पा रही हैं। स्कूलों में मौजूद आधुनिक सुविधाओं के कारण बच्चों को अब स्कूल जाने में मन लगने लगा है। पहले जहां गांव के अधिकांश लोग कम पढ़े-लिखे थे, वहीं अब निरक्षरता की दर तेजी से घट रही है और लोगों का जीवन स्तर भी सुधर रहा है। मुखिया ने कहा कि पंचायत में पॉवर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### गेहूं की फसल में लगी आग, जलकर राख

**फतुहा (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गांव स्थित करीब डेढ़ बीघे खेत में लगी गेंहू और चने की खड़ी फसल में शनिवार की दोपहर आग लग गई। इस अगलगी में पूरी फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। किसान निखिल कुमार ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि बिजली के तारों के शॉर्ट सर्किट से यह अगलगी की घटना घटी है। इस अगलगी में करीब डेढ़ लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

### आपदा प्रबंधन पर चर्चा

**रसूलपुर।** थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत स्थित रामनंदन हाईस्कूल योगिया में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम में अगलगी पर वर्गों में चर्चा हुई। प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव ने कहा कि अप्रैल व मई महीने में तेज हवा के कारण हर साल आग लगने की घटना घटित होती है।